✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 38 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



घाना में पीएम नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देते राष्ट्रपति महामा

## गंगा नदी में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए रहें अलर्ट : नीतीश

### राज्यपाल से मुलाक़ात कर विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पर की चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार विकास का कार्यों का निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री अटल पथ होते हुये जेपी गंगा पथ पहुंचे और गाय घाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखा। इस दौरान उन्होंने जेपी गंगा पथ के किनारे किये जा रहे पौधारोपण और सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। सीएम ने इसे और बेहतर ढंग से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने दीघा घाट पर रूककर दीघा से सोनपुर तक जेपी सेतु के समानांतर बनाये जा रहे नये 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने इस पुल के निर्माण कार्य के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुल के बन



जाने से पटना से सारण प्रमंडल की तरफ जानेवाले लोगों को आसानी होगी। उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन को सुगम बनाने में यह पुल काफी उपयोगी होगा। साथ ही महात्मा गांधी और जेपी सेतु पर वाहनों का दबाव कम होगा। मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के दीघा घाट, कृष्णा घाट एवं गांधी घाट पर रूककर गंगा नदी के आसपास के इलाकों को भी देखा। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंगा नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुये पूरी तरह अलर्ट रहें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे। इसके पूर्व वे आज लगभग 11 बजे राज्यपाल से मिलने राजभवन पहुंच गये। वहां उन्होंने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाक़ात की। मिली जानकारी के मुताबिक़ लगभग 15-20 मिनट तक दोनों में बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि यह मुलाक़ात राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर की गई है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति को लेकर बातचीत की है। बताया जाता है कि बिहार के कई विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति और बदलाव होने हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस मुद्दे पर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

## 40 हजार रूपये रिश्वत लेते जिला मत्स्य पदाधिकारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सहरसा।** विजिलेंस की टीम ने सहरसा मे जिला मत्स्य पदाधिकारी सुबोध कुमार को उनके कार्यालय से 40 हजार रूपये घुस लेते गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी विजिलेंस के डीएसपी सदानंद कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहरसा के बनगांव निवासी लाभार्थी टुन्ना मिश्रा से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मिलने वाली राशि के अनुरूप 40 हजार रूपये रिश्वत की मांग की गई थी। जिस रुपए को आज उनके कार्यालय में दिया गया। उसके बाद निगरानी की टीम ने जिला मत्स्य पदाधिकारी सुबोध कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इधर छापेमारी की खबर मिलते ही विभाग में हड़कंप मच गया। इस संबंध में शिकायतकर्ता टुन्ना मिश्रा ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए वर्ष 2022 मे 10 लाख रूपये लोन के लिए अप्लाई किया था। कई बार विभागीय चक्कर काटने के बाद भी स्वीकृति नहीं मिल रही थी। अंत मे इसकी स्वीकृति वर्ष 2024 के अंतिम महीने में मिली। टुन्ना मिश्रा ने बताया कि जिंदा मछली बिक्री करने के लिए एक छतदार मकान की आवश्यकता होती है और वर्क आदेश



मिलने के बाद उस मकान के निर्माण का लिंटर का काम पूरा हो चुका था। इसके लिए पहले किस्त में दो लाख रूपये योजना राशि के मिलने थे। उस राशि के एवज में 20 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाने लगी। जिला मत्स्य पदाधिकारी सुबोध कुमार द्वारा कहा गया कि 40 हजार रिश्वत जमा करने के बाद ही उन्हें योजना के दो लाख मिल पायेंगे। इसके बाद उसने शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में किया। इसके बाद निगरानी की टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। विजिलेंस के डीएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि सहरसा के जिला मत्स्य पदाधिकारी सुबोध कुमार की शिकायत मिल रही थी। शिकायत मिलने के बाद इसकी जांच की गई, जिसमें मामला सत्य पाया गया। अब इन्हें रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अभिरक्षा में कैदी की मौत

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली में पुलिस अभिरक्षा में एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान कटहरा थाना क्षेत्र के किशुनपुर तिलौर गांव निवासी वैद्यनाथ सहनी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वैद्यनाथ साहनी को कटारा एवं गंगा ब्रिज थाना की पुलिस ने बुधवार की दोपहर में ट्रैक्टर चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था लेकिन अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में थाना की पुलिस ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां डॉक्टर ने वैद्यनाथ सहनी को मृत घोषित कर दिया।

### त्रिशूल से हमला कर बुजुर्ग की हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बखरी थाना क्षेत्र के उजान बाबा स्थान के पास 70 साल के एक किसान की हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह किसान के शव के पास से जमीन में गड़ा एक त्रिशूल भी पाया गया है। कहा जा रहा है कि हत्या की वारदात को त्रिशूल से ही अंजाम दिया गया है। मामले की जानकारी के बाद पुलिस एक आरोपी को हिरासत में लिया जो हथकड़ी समेत पुलिस हिरासत से फरार हो गया। मृतक की पहचान बखरी बाजार के ही मोरकाही मोहल्ला के रहने वाले इंद्रदेव राय उर्फ झावर मोटिया के रूप में की गई है।

### युवक की पीट-पीटकर हत्या

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** लोदीपुर थाना क्षेत्र के चौधरी टोला में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने युवक के दोनों पैर तोड़ दिए। जब वो अधमरा हो गया तो घर से 5 कदम की दूरी पर युवक को फेंक बदमाश चले गए। मृतक की पहचान अरुण चौधरी के बेटे मुकेश कुमार के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी।

### अररिया जेल में कैदी की संदिग्ध मौत

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मंडल कारागार में शराब मामले में सजा काट रहे कैदी की आज मौत हो गई है। मृतक शिबू घोष पश्चिम बंगाल का मालदा का रहने वाला था। वह 5 साल से जेल में बंद था। शिबू को शराब तस्करी के मामले में 5 साल की सजा मिली थी। वह ट्रक में खलासी के रूप में काम करता था। अररिया में पुलिस चेकिंग के दौरान ट्रक से शराब बरामद हुई थी। इस मामले में ट्रक चालक पहले ही छूट गया था।

### पूर्णिया एयरपोर्ट के निर्माण में आएगी तेजी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्णिया के निर्माणाधीन एयरपोर्ट को जल्द शुरू करने की दिशा में गुरुवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन बिपिन कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में पूर्णिया एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## केन्द्रीय मंत्री नितिन के विमान की गया में इमरजेंसी लैंडिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के विमान की गुरुवार को बिहार के गया एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। बताया जा रहा है कि मौसम खराब होने के चलते यह एहतियातन कदम उठाया गया था। इसके बाद मंत्री गडकरी को एक दूसरे एयरक्राफ्ट से रांची भेजा गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को झारखंड के गढ़वा में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रांची के रातू रोड फ्लाईओवर के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने जा रहे थे। यात्रा पहले हेलीकॉप्टर के जरिए गढ़वा से रांची तक तय थी लेकिन खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर को उड़ान की अनुमति नहीं मिल सकी। गया एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार मौसम की स्थिति ठीक नहीं होने के चलते एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यात्रा की योजना में तत्काल बदलाव किया गया था। रांची से उनके लिए अलग से एयरक्राफ्ट मंगवाया गया। एयरक्राफ्ट पहुंचने के बाद गडकरी शाम करीब 5:30 बजे रांची के लिए रवाना हुए हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर बनकाजित शाह ने बताया के करीब 4:30 बजे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का प्लेन गया एयरपोर्ट पर उतारा गया था। यहां गडकरी करीब एक घंटे तक एयरपोर्ट पर रुके रहे। गडकरी गढ़वा में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे थे और उसके बाद गढ़वा से रांची में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे। गया एयरपोर्ट अथॉरिटी को 40 मिनट पहले ही इसकी सूचना मिली थी।

## नहर में डूबने से दो बच्चों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारून(औरंगाबाद)।** नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में बुधवार की देर शाम को नहर में डूबने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के शेखपुरा निवासी बृजमोहन सिंह के पुत्र रॉकी कुमार( 14 वर्ष) और मुन्ना सिंह के पुत्र अनमोल कुमार( 10 वर्ष) के रुप में हुई है। दोनों का आपस में चाचा भतीजा का रिश्ता था। स्वजनों ने बताया कि शाम करीब चार बजे रॉकी और अनमोल अपने घर से मेह पुल पर कुछ समान खरीदने साइकिल से गया था। जब देर रात तक बच्चे घर नहीं आए तो स्वजनों ने खोजबीन शुरु कर दी। इसी दौरान पता चला कि गांव के सामने पटना नहर पर खड़ी हुई साइकिल पर आलू, चीनी और जामुन रखा हुआ है। दोनों बच्चों का चप्पल नहर के किनारे था। समान और चप्पल से अंदाज लगाया गया कि बच्चे दुकान से समान लेकर घर नहीं आकर सीधे जामुन खाने के लिए नहर पर चले गये होंगे। जामुन खाने के बाद पटना कैनाल नहर में हाथ धोने के लिए उतरे होंगे, उसी दौरान दोनों बच्चे नहर में गिर गये। नहर में पानी ज्यादा होने के कारण



शव का पता नहीं चल पा रहा था। जैसे ही घटना के सूचना गांव में आई, पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। बच्चों के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मृतक के स्वजनों द्वारा पुलिस को दी गई। नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष राकेश कुमार और बारून सीओ मंजेश कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जांच कर पटना नहर में पानी कम करने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारी से बात की ताकि शव को खोजा जा सके। शव को खोजने के लिए प्रशासनिक पहल तबतक जारी रही जबतक शव नहीं मिला। पूरी रात बीत जाने के बाद सुबह रॉकी कुमार का शव घटनास्थल से 10 किलोमीटर दूर बारून थाने के बरुआ पुल के पास जबकि अनमोल कुमार का शव घटनास्थल से 30 किलोमीटर दूर औरंगाबाद मुफ़स्सिल थाने के भारथौली फॉल के पास मिला। पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया है।

## पथ और नाला जीर्णोद्धार की सात योजनाएं मंजूर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को राज्य योजना मद से 6 जिलों में पथ और नाला जीर्णोद्धार की 7 योजनाओं को स्वीकृति दी। ये सभी योजनाएं पूरी होने में 70 करोड़ की राशि खर्च होंगी। इन 7 योजनाओं में मोतिहारी की 2 योजनाएं है। वैशाली, गोपालगंज, पूर्णिया, मधुबनी और मुजफ्फरपुर की एक-एक योजना है। पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि पिछले 11 दिनों में 10 जिलों की 30 योजनाओं को स्वीकृति दी गयी है। इनमें पटना की 11, मोतिहारी की 5, वैशाली की 3, मुज़फ्फरपुर, गोपालगंज, मधुबनी और सीतामढ़ी की 2-2 तथा सहरसा, पूर्णिया और कैमूर की एक-एक योजना शामिल है। पथों और नाला निर्माण के लिए 195 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गयी है। मंत्री ने अधिकारियों को समय पर पथ और नाला निर्माण कार्य पूरा करने का भी निर्देश दिया है। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि शहर और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र में पथों को चिह्नित कर जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस दौरान सिर्फ नये पथों का निर्माण ही नहीं, बल्कि पथों का चौड़ीकरण, नाला निर्माण और क्षतिग्रस्त पथों की मरम्मत का कार्य भी शामिल है। मंत्री ने कहा कि सरकार सुगम यातायात उपलब्ध कराने के साथ जल निकासी की भी व्यवस्था कराने के प्रति सहज है। बरसात के समय में इलाकों में जलजमाव की समस्या नहीं हो, इसे ध्यान में रखते हुए नाला निर्माण की योजनाओं को तैयार किया जा रहा है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में लगे कर्मियों के तबादले पर रोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राज्य सरकार ने विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए इसमें शामिल कर्मियों के तबादले पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह निर्णय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लिया गया है। राज्य सरकार ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए इस अभियान को राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम बताया है, जिसे सबसे पहले बिहार में लागू किया जा रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राज्य सरकार ने विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए इसमें शामिल कर्मियों के तबादले पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह निर्णय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लिया गया है। राज्य सरकार ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए इस अभियान को राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम बताया है, जिसे सबसे पहले बिहार में लागू किया जा रहा है। इस दौरान मतदाता सूची में सुधार को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा लाउडस्पीकर और ठोस कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से डोर-टू-डोर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना और मतदाता सूची को सटीक बनाना है। हालांकि इस अभियान को लेकर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए हैं। विपक्ष का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इतने कम समय में मतदाता सूची को अपडेट करना अव्यवहारिक है और इससे चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

Estd. 2006 Registration No.- 23014082021829100922 Reconised by State Government of Bihar (बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
A-ONE KIDS PUBLIC SCHOOL
An English Medium School
Lakhibag, Masaurhi, Patna
Based on C.B.S.E. Curriculum | An Ideal Co. Educational | Educational for Better Tommorrow | Class Play Group to VIIIth
ए-वन एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी एण्ड ट्रस्ट द्वारा संचालित
सी.सी.टी.वी कैमरे से बच्चो की निगरानी
स्मार्ट क्लास प्रोजेक्टर के साथ
निःशुल्क नामांकन जारी है।
नोटः- ➤ यहाँ नवोदय, नेतरहाट, सैनिक स्कूल, सिमतुल्ला विद्यालयों मे प्रवेश के लिए उचित तैयारी कराई जाती है।
➤ यहाँ कम्प्युटर, पेन्टिंग, खेलकुद, डांस भी सिखाया जाता है।
➤ यहाँ के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण भी कराई जाती है एवं कोचिंग की उत्तम व्यवस्था है।
A-ONE KIDS PUBLIC SCHOOL MASAURHI PATNA

गौरवपूर्ण 36 वर्ष
बिहार-झारखण्ड का अपना हिन्दी अखबार
NBT नवबिहार टाइम्स
नवबिहार टाइम्स के 36 वें स्थापना दिवस पर
सम्मान-सह सांस्कृतिक समारोह
तिथि एवं समयः 6 जुलाई 2025 (रविवार), संध्या 6.30 बजे से
स्थान-नगर भवन, औरंगाबाद
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
संपर्क सूत्र : 7295863300, 6206165107
विनीतः डॉ. कमल किशोर संपादक-प्रकाशक

# चुनाव आयोग की मंशा पलायन से प्रभावित लोगों को मताधिकार से वंचित रखने की : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयीदिल्ली।** चुनाव से ठीक चार महीने पहले 20 साल में पहली बार बिहार में इतने बड़े पैमाने पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण निर्णय लिया गया है। यह प्रक्रिया न तो पारदर्शी और न ही व्यवहारिक है। ये बातें दिल्ली अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संयुक्त रूप से कही। एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार को मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर चुनाव से पूर्व बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटने की कवायद है। उन्होंने आंकड़े दिए कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट को देखेंगे तो 2001-2006 के बीच बिहार में जन्मे सिर्फ 2.28% बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2002 में बिहार में जन्म पंजीकरण की दर 3.7% थी जबकि राष्ट्रीय औसत 56.2% था। साल 2004-2005 में भी बिहार में जन्म पंजीकरण की दर 11.16% से भी कम थी जबकि राष्ट्रीय औसत 60.64% था। विगत कुछ दिनों में एक सर्वे आया और उस सर्वे में दिखाया कि इंडिया गठबंधन और हमारे नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ी है। इसी को देखते हुए चुनाव आयोग की मदद से ऐसे काम किए जा रहे हैं, लेकिन कोई इस मुगालते में न रहे कि बिहार के लोग राजनीतिक तौर पर जागृत नहीं हैं और इतिहास इस का गवाह रहा है। चुनाव आयोग का ऐसा रवैया, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के दिए हुए उस मौलिक अधिकार का हनन होगा जिसमें समान वोट का अधिकार है। यह फैसला लोगों को वोट से वंचित करने का है जिसका हम पूरजोर विरोध करते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बीएलओ के पास हजारों मतदाताओं के सत्यापन की जिम्मेदारी है, लेकिन उन्हें संसाधन नहीं दिए गए हैं। क्या यह असल में बिहार के युवा, मजदूर, बाढ़ और रोजी रोजगार की तलाश में पलायन को प्रभावित वोटर को बाहर करने की सोची समझी साजिश है? बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार विगत 20 साल में ऐसी कोई भी नई बहाली नहीं कर पाई है जिससे यह कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हो सके। मतदाता पुनरीक्षण के लिए बिहार सरकार के पास सक्षम अधिकारी नहीं हैं जो यह काम कर सके, साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों की संख्या कम है। ऐसे में चुनाव आयोग से मेरा सवाल है कि ये काम केवल 28 दिनों में कैसे किया जाएगा।

## मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और अध्यक्ष राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने शिष्टाचार मुलाकात के बाद कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर बिहार के राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रगति और विकास पर भी चर्चा हुई। यह मुलाकात सार्थक रही और इस दौरान बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू भी साथ में रहे।

# शोध तभी सार्थक जब मिले किसानों को समाधान : डॉ. कोकाटे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में 2 जुलाई 2025 को तीन दिवसीय अनुसंधान परामर्शदात्री समिति की 21वीं बैठक का शुभारंभ डॉ. के. डी. कोकाटे, पूर्व उप महानिदेशक (कृषि प्रसार), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समिति के अन्य सदस्यगण डॉ. मसूद अली, पूर्व निदेशक, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर; डॉ. एस.डी. सिंह, पूर्व सहायक महानिदेशक (मत्स्य विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली; डॉ. के. एन. तिवारी, प्रोफेसर, आईआईटी, खड़गपुर एवं डॉ. एस कुमार, पूर्व प्रमुख, भा.कृ.अनु.प. का पूर्वी अनुसंधान परिसर - अनुसंधान केंद्र, रांची मौजूद थे। साथ ही बैठक में डॉ. ए. वेलुमुरुगन, सहायक महानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष; अनुसंधान केन्द्र, रांची; कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्सर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, रामगढ़ के प्रमुखों ने भाग लिया और विभिन्न परियोजनाओं की शोध उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। समिति के अध्यक्ष डॉ. कोकाटे ने संस्थान द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों की सराहना की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, सीमित संसाधनों, अस्थिर बाजार तथा छोटी और खंडित जोत जैसी जटिल चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वही अनुसंधान सफल है जो किसानों की आजीविका को सशक्त बनाए और उन्हें व्यावहारिक समाधान उपलब्ध कराए। उन्होंने कृषि क्षेत्र में 'अपशिष्ट से संपदा' की अवधारणा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कृषि अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन कर न केवल उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को भी साकार किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत तकनीकों के व्यापक उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि कृषि अनुसंधान अधिक प्रभावशाली और भविष्य उन्मुख बन सके।

# प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह बने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ठाकुर प्रसाद सिंह (टीपीएस) कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान के आदेश के बाद गुरुवार को राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट आर. चोंग्थू ने अधिसूचना जारी कर दी। उनका कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से तीन वर्षों के लिए होगा। कुलपति चयन समिति द्वारा अनुशंसा के आधार पर अंतिम रूप से उपेंद्र प्रसाद सिंह का चयन किया गया है। टीपएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह इसी साल 31 मई को रिटायर हुए थे। कॉलेज में छात्र संघ की ओर से उनके लिए 'विदाई सह सम्मान समारोह' का आयोजन भी किया गया था। टीपीएस कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रधानाचार्य संघ का अध्यक्ष भी चुना गया था। इससे पहले प्रोफेसर शरद कुमार यादव को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति बनाए गए थे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के बीच हुई मुलाकात में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नये कुलपति के नाम पर भी चर्चा हुई थी। मुलाकात के दौरान ही प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह के नाम पर दोनों में सहमति बनी और इस मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कुलपति नियुक्ति पर यह फैसला लिया। इसके बाद राज्यभवन सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह की शैक्षणिक पृष्ठभूमि मजबूत रही है।

# चिराग पासवान ने की राज्यपाल से मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान ने गुरूवार को राजभवन जाकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। करीब बीस मिनट तक चली मुलाकात के बाद चिराग पासवान ने बताया कि महामहिम से मुलाकात के कई मुद्दे थे। उन्होंने 5 जुलाई को अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती दिवस के अवसर पर महामहिम से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। विधानसभा चुनाव को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए में सीट बंटवारा बहुत जल्द हो जाएगा।

इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि 2020 में अगर मैं एनडीए गठबंधन के साथ रहता तो राजद इतनी ज्यादा सीट पर चुनाव नहीं जीत पाती। चिराग पासवान ने कहा कि जहां से राजद को जीत मिली है, वहां वो अपनी पार्टी के उम्मीदवार खड़ा कर देते तो राजद दहाई अंक में नहीं पहुंच पाती। वहीं, मतदाता सूची पुनरीक्षण पर विपक्ष के हंगामे पर उन्होंने कहा कि ये लोग नवंबर महीने में हो रही हार का बहाना ढूंढ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के उस बयान का भी जवाब दिया जिसमें मांझी ने कहा था कि चिराग पासवान अनुभवहीन नेता हैं। चिराग पासवान ने कहा कि कोई दिक्कत नहीं है। मांझी जी हमारे अभिभावक हैं और वह कुछ भी बोल सकते हैं और कुछ भी कर सकते हैं। मुझे उनकी बात किसी भी तरह बुरा नहीं लगती है और मैं उनसे हमेशा आशीर्वाद लेता रहता हूं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इन सब बातों से खुश नहीं होना चाहिए हम लोग एकजुट हैं।

# छात्र, शिक्षक, कर्मचारियों के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास से होगा पीपीयू का विकास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की गरिमा को उसके पौराणिक रूप में स्थापित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के विकास के लिए छात्र, शिक्षक व कर्मचारियों के साथ सामूहिक प्रयास करेंगे। सभी के साथ मिलकर यहां के प्रवेश, परीक्षा और परिणाम को ससमय कराएंगे। किसी कार्य को लेकर छात्रों को विवि का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसके लिए आवश्यक कदम उठाएं जाएंगे। यह बातें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहीं। गुरुवार को राजभवन की ओर से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर उन्हें नियुक्ति की है। वह शुक्रवार की सुबह पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पहुंचकर प्रभार ग्रहण करेंगे। उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि छात्रों की समस्याओं का त्वरित निदान होगा। शिक्षक व कर्मचारियों की पदोन्नति व उनकी समस्याओं के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# विश्व पुरातत्व अधिवेशन में बी डी कॉलेज की डॉ स्वर्णा कुमार ने प्रस्तुत किया शोध पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में 10वां विश्व पुरातत्व अधिवेशन में बी. डी. कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. स्वर्णा कुमार ने भाग लिया। यह अधिवेशन ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में 22-28 जून 2025 को आयोजित था। इस 10वें विश्व पुरातत्व अधिवेशन (वर्ल्ड आर्कियोलॉजिकल कांग्रेस) में उनके द्वारा किए जा रहे महिला पुरातत्वविदों के जीवन एवं उसके पुरातत्व के विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने तथा उपलब्धियों पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। विदित हो कि डॉ. स्वर्णा बिहार की पहली महिला हैं जिन्होंने महिलाओं द्वारा किए जाने वाले विभिन्न पुरातात्विक गतिविधियों पर प्रस्तुति दी हैं। उनका शोध आलेख का विषय था वुमेंस इन आर्कियोलाजी ऑफ बिहारः @ क्रिटिकल एनालिसिस जिसमें उनके द्वारा महिला पुरातत्वविदों द्वारा किए गए पुरातात्विक गतिविधियों, उनकी समस्याओं पर गंभीरता से बातें रखी गई। भारत के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रथम महिला महानिदेशक डॉ. देवला मित्रा जिन्होंने राजगीर के विशाल प्राचीन दीवार का सर्वेक्षण किया था तथा नेपाल के तिलॉराकोट का उत्खनन कराया था। बिहार के मुंगेर में पैसरा के पुरातात्विक गतिविधियों में कार्य करने वाले प्रसिद्ध पुरातत्वविद एवं इतिहासकार डॉ. विदुला जयसवाल के योगदानों का भी चर्चा किया। महिलाओं का वैज्ञानिक शोध में खासकर पुरातात्विक गतिविधियों में कितनी समस्यायें रहती हैं उसनें भी बिहार जैसे राज्य जहां साक्षरता दर कम हो। विदित हो कि इस अधिवेशन में दुनिया के 60 देशों से विभिन्न संस्थाओं के पुरातात्विक शोधों पर कार्य करनेवाले आए थे जिसमें भारत से 150 से भी अधिक विद्वानों की भागीदारी रही थी। विदित हो कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कॉलेज के प्राचार्य शिक्षकों को सदैव प्रेरित करते रहते हैं कि जो भी महत्पूर्ण शोध हो रहा हो उसे संबंधित फोरम तथा जन जनमानस तक पहुंचाया जाये। विश्व पुरातत्व अधिवेशन में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एक महिला सहायक प्रोफेसर का भाग लेना गौरव की बात है।

# मेदांता ने लॉन्च किया हार्ट कमांड सेंटर और 5जी एम्बुलेंस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना में समर्पित हार्ट कमांड सेंटर और अत्याधुनिक 5जी एम्बुलेंस का विधिवत उद्घाटन संतोष कुमार सिंह, श्रम संसाधन मंत्री एवं राजू कुमार सिंह, पर्यटन मंत्री के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर संतोष कुमार सिंह ने कहा बिहार के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। हार्ट कमांड सेंटर और 5जी एम्बुलेंस जैसी तकनीक-आधारित सुविधाएं आम जनता के जीवन को सुरक्षित और आसान बनाएंगी। राजू कुमार सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक का समावेशन केवल इमरजेंसी सेवाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि बिहार को एक मेडिकल हब के रूप में विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

# विपक्षी दलों के सवालों का चुनाव आयोग बिंदुवार जवाब दे : महागठबंधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कराए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी पार्टियां चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। इसी कड़ी में बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद मनोज झा ने गुरुवार को पटना में संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने चुनाव आयोग और सरकार पर जोरदार निशाना साधा। मनोज कुमार झा ने चुनाव आयोग के साथ विपक्षी दलों के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात पर कहा कि शिकायतें सिर्फ हमारी या राजनीतिक दलों की नहीं हैं। इससे पूरे नागरिक समाज में हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि जैसा कि मैंने कल बार-बार कहा और हमारे सभी साथियों ने भी दोहराया, यह समावेशन का तंत्र नहीं, बल्कि बहिष्करण का तंत्र है। आप दस्तावेज जुटाओ अभियान में लगा देंगे। बिहार की 20 फीसदी आबादी पलायन करके अन्य राज्यों में है। चुनाव आयोग के मुंह से यह बात भी निकली। सबसे बड़ी चिंता यह है कि पलायन करने वाले लोग 3-4 बार और खासकर चुनाव के समय बिहार जरूर आते हैं। क्या आप इन्हें बेदखल कर देंगे? मनोज कुमार झा ने कहा कि हमने जो सवाल उठाए, उनका बिंदुवार जवाब चुनाव आयुक्त दें। कई सवाल लोगों ने पूछे हैं। अभिषेक मनु सिंघवी थे, मैं था, जॉन ब्रिटास थे, एनसीपी की फौजिया जी थीं, सपा से मलिक साहब थे, सीपीआई से डी. राजा थे, कांग्रेस से सिंघवी जी के अलावा राजेश राम थे, डीएमके से इलांगो जी थे। हम सभी ने सवाल पूछे। चुनाव आयोग हमारा भी है, जवाब तो वहां से आना चाहिए। अगर भाजपा जवाब दे रही है तो यह समझना मुश्किल हो जाता है कि हम सवाल किससे पूछ रहे हैं और जवाब किससे मिल रहा है?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग लोगों में भ्रम पैदा कर रहा है। हम पूरी जानकारी दे सकते हैं। वे कहते हैं कि यह पूर्ण निरीक्षण नहीं है, लेकिन दो महीने पहले तैयार हुई मतदाता सूची के लिए अब फिर से प्रमाण मांग जा रहा है। प्रमाण मांगना पूर्ण निरीक्षण नहीं तो और क्या है? इससे भाजपा को फायदा होगा क्योंकि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटेंगे, वे गरीब लोग महागठबंधन के समर्थक हैं। इससे जनता का नुकसान होगा। सरकार की कोई भी योजना आएगी तो जनता से कहा जाएगा कि मतदाता सूची में नाम दिखाएं। अगर नाम नहीं होगा तो योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं, बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को एक साल हो चुका है। अब मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य शुरू हुआ है। आप 25 दिन का समय दे रहे हैं और अधिक से अधिक दस्तावेज मांग रहे हो। दस्तावेज मांगना ठीक है, लेकिन इसके लिए समय नहीं है। प्रमाण देने का समय नहीं मिलेगा।

# दूध उत्पादों एवं तकनीक के बौद्धिक सम्पदा अधिकार संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालय संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान में गुरुवार को 'दूध उत्पादों एवं तकनीक के बौद्धिक सम्पदा अधिकार संरक्षण' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमेश सिंह, डीन, एस.जी.आई.डी.टी., पटना द्वारा की गई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर तथा डी.पी.आई.आई.टी, आई.पी.आर चेयर प्रो. नलिन भारती थे। प्रो. भारती ने अपने व्याख्यान की शुरुआत बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की अवधारणा से की। उन्होंने समझाया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में किसी भी नवाचार, तकनीकी खोज या परंपरागत ज्ञान को संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से दूध उत्पादों और दुग्ध प्रौद्योगिकी से जुड़ी इनोवेशन को संदर्भित करते हुए बताया कि कैसे भारत के स्थानीय और पारंपरिक उत्पाद वैश्विक स्तर पर पहचान प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें सही तरीके से आईपीआर के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए। ट्रेडमार्क पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे ट्रेडमार्क एक ब्रांड को पहचान दिलाता है और बाजार में उसे सुरक्षित करता है, पेटेंट के माध्यम से नयी तकनीक या प्रक्रिया को कैसे विशिष्ट अधिकार दिए जाते हैं, कॉपीराइट रचनात्मक कार्यों को कैसे सुरक्षा प्रदान करता है और भौगोलिक संकेतक (जी.आई. टैग) कैसे किसी विशेष क्षेत्र के पारंपरिक उत्पादों जैसे मावा, पनीर या क्षेत्रीय मिठाइयों को विशिष्टता देता है और उन्हें नकली उत्पादों से बचाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आईपीआर केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा चक्र भी बनाता है। प्रो. भारती ने उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे फ्रांस का चीज, दार्जिलिंग की चाय या मिथिला की मधुबनी पेंटिंग को जी.आई टैग ने अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई इसी प्रकार बिहार के पारंपरिक दूध उत्पादों को भी यह लाभ मिल सकता है। सस्थान के डीन डॉ. उमेश सिंह ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि एक शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में अनेक नवाचार होते हैं चाहे वो दुग्ध प्रसंस्करण की तकनीक हो, नई उत्पाद श्रृंखला का विकास, या मशीनरी डिजाइन। इन सभी को यदि समय रहते पेटेंट नहीं कराया जाए तो उनके दुरुपयोग की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं पेटेंट फाइलिंग की प्रक्रिया को अनुभव किया है और यह प्रक्रिया जटिल जरूर है, परंतु संस्थान के सहयोग और विशेषज्ञ मार्गदर्शन से यह पूरी की जा सकती है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपनी खोजों और शोध कार्यों को केवल कागज तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें पेटेंट या डिजाइन रजिस्ट्रेशन की दिशा में भी बढ़ाएं। डॉ. सिंह ने आईपीआर को अकादमिक जगत और उद्योग जगत के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने संस्थान में आईपीआर सेल गठित करने की योजना पर भी प्रकाश डाला जो भविष्य में छात्रों और शिक्षकों को इस दिशा में सहयोग प्रदान करेगा।

# पांच-छह जुलाई को मातृ स्वास्थ्य पर केंद्रित 'फॉग्सी क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस : डॉ विनीता सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा 5 और 6 जुलाई को होटल मौर्य, पटना में 'फॉग्सी क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस 2025' का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण चिकित्सा संगोष्ठी मातृ स्वास्थ्य पर केंद्रित है। इस बार का मुख्य विषय है– 'समय पर पहचान और त्वरित हस्तक्षेप से बचती है मां की जान'। इसकी जानकारी आज कांफ्रेंस की आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. विनीता सिंह और मीडिया की प्रभारी डॉ. रेनू रोहतगी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय कांफ्रेंस की शुरुआत 5 जुलाई को दोपहर 12:15 बजे होगी जिसका उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा किया जाएगा। फॉग्सी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनीता तंदुलवाडकर इस अवसर की मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि होंगी। उन्होंने कहा कि पटना ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा हर वर्ष पटना में इस तरह का कांफ्रेंस आयोजित किया जाता रहा है। उसी कड़ी में इस बार भी राष्ट्रीय स्तर का यह कांफ्रेंस आयोजित किया गया है जिसमें देश भर से आये डॉक्टरों का व्यख्यान होगा और साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में आने वाली नयी चुनौतियों और अनुभवों को एक दूसरे के साथ साझा करेंगे।

# बिहार में राजनीतिक माहौल खराब : पशुपति कुमार पारस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) की ओर से गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा कि बिहार बहुत विकट स्थति में है। राजनीतिक माहौल खराब है। अक्तूबर-नवम्बर में चुनाव होंगे। भाजपा और एनडीए के लोग हार स्वीकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम तीस दिन में कैसे होगा? गरीबों को अधिकार से वंचित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर मतदाता सूची पुनरीक्षण करना था तो लोकसभा चुनाव के बाद तुरंत करना चाहिए था। उन्होंने पूछा कि आखिर अब कौन सी स्थिति आ गई कि एक महीने में मतदाता पुनरीक्षण किया जा रहा है। लोगों से सभी तरह के प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। यह बिहार के लोगों के साथ अन्याय है। इसके खिलाफ हम लोग हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

# बॉलीवुड ट्रीट्स में कल से शुरू होगा देशभर के जायकों का संगम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** यदि आप भी उन लोगों में से हैं जो देशभर की गलियों में मिलने वाले देसी स्ट्रीट फूड का असली स्वाद चखना चाहते हैं, लेकिन सफर करने का वक्त नहीं मिलता – तो आपके लिए एक सुनहरा मौका है। पटना के प्रतिष्ठित होटल मौर्या के बॉलीवुड ट्रीट्स रेस्टोरेंट में 5 जुलाई से 13 जुलाई तक आयोजित होने जा रहा है एक बेहद खास स्ट्रीट इट्स फूड फेस्टिवल जो स्वाद, माहौल और अनुभव – तीनों का शानदार संगम पेश करेगा। इस नौ-दिवसीय फेस्टिवल में हर दिन दोपहर 1 बजे से रात 11 बजे तक आने वाले मेहमानों को देश के अलग-अलग हिस्सों के लजीज और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड आइटम्स परोसे जाएंगे – वह भी बिल्कुल उसी अंदाज में, जैसे आप किसी ठेले या हाट में खा रहे हों। फेस्टिवल का सबसे बड़ा आकर्षण है इसका मेनू, जो भारत की हर दिशा से चुने गए अनोखे व्यंजनों को एक साथ पेश करता है। उत्तर भारत की गलियों की खुशबू लाती मटर कुलचा, भल्ला पापड़ी चाट, दही गुजिया और पूर्वांचल की पहचान लिट्टी-चोखा के साथ आलू-बैंगन का चोखा यहां मौजूद होगा। दक्षिण भारत का चाउमीन डोसा, महाराष्ट्र की प्रसिद्ध शेगांव कचौरी और मुंबई की कोलीवाडा स्टाइल फ्राइड फिश, प्रॉन, और रोज ऑमलेट जैसे स्ट्रीट फेवरिट्स भी स्वादप्रेमियों के लिए खास आकर्षण रहेंगे। इसके अलावा पत्ता चाट जैसे कुछ अनसुने लेकिन पारंपरिक व्यंजन भी पेश किए जा रहे हैं जो कई लोगों के लिए बिल्कुल नया अनुभव होंगे। मिठाइयों और पेय पदार्थों में लायची शिकंजी, अम्रखंड और फालूदा जैसे विकल्प मुहैया कराए जाएंगे। इस फूड फेस्टिवल की सबसे खास बात यह है कि यहां सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि वास्तविक स्ट्रीट फील का भी पूरा इंतजाम है। रेस्टोरेंट को बॉलीवुड रेट्रो थीम में सजाया गया है जहां पारंपरिक सजावट, हल्का संगीत और लोकसंस्कृति की झलक दिखाई देगी। गोलगप्पे, चाट और ठंडाई की कुछ स्टॉल्स इस अंदाज में तैयार की गई हैं कि ग्राहक को ऐसा लगे जैसे वह सचमुच किसी मेले या हाट में खड़े होकर चख रहा हो। होटल मौर्या के महाप्रबंधक अपूर्व गौर ने बताया कि हमने इस आयोजन को सिर्फ खाने का उत्सव नहीं, बल्कि एक अनुभव की तरह तैयार किया है।

### मोहर्रम को लेकर डीएम-एसपी की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक

# जुलूस व हथियार प्रदर्शन पर रहेगी रोक : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी डालमियानगर नगर परिषद स्थित सम्राट अशोक भवन में गुरुवार को मोहर्रम को लेकर डीएम उदिता सिंह और एसपी रौशन कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में इन अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम पर निकलने वाली सभी जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाएगा। जिले में निकलने वाली सभी तरह की झांकी जुलूस अनुमंडल पदाधिकारी से अधिकृत लाइसेंस प्राप्त करके ही निकालेंगे। न्यायालय के दिशा निर्देश के अनुसार आवाज की सीमा का उल्लंघन डीजे से होता है, अतः सभी प्रकार की झांकी जुलूस में डीजे पर पूरा प्रतिबंध लगाया गया है। यदि कहीं भी डीजे के इस्तेमाल करते हुए पाया जाता है तो उसे जब्त कर डीजे संचालन पर झांकी समिति पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। हथियार का सार्वजनिक प्रदर्शन गैरकानूनी है और सभी प्रकार के हथियार के प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। कट्टरपंथी और सामाजिक सांप्रदायिक लोग और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की सतत निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की भड़काऊ गतिविधि एवं जुलूस के दौरान धार्मिक भावनाओं को हनन करने वाली भाषण मना है। उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नजदीक धार्मिक उन्माद वाले टिप्पणी नर और हुड़दंग की सख्त मनाही है बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी है शराब पीना पी करके हुड़दंग करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रोहतास पुलिस सोशल मीडिया पर 24 घंटा निगरानी रखेंगी। सोशल मीडिया पर किसी भी धर्म संप्रदाय को आहत करने वाली भड़काऊ टिप्पणी पर पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रकार का प्रभावों से दूर रहे तथा किसी भी प्रकार के सूचना के लिए डायल 112 पर संपर्क करें। बैठक में डिहरी अनुमंडल अधिकारी निलेश कुमार, नप के मुख्य पार्षद शशि कुमारी, एसडीपीओ। बैठक में डिहरी अनुमंडल अधिकारी निलेश कुमार, नप के मुख्य पार्षद शशि कुमारी, एसडीपीओ-1 वंदना, अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार सहित अनुमंडल के कई पदाधिकारी, अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी तथा डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार सहित सभी थाना अध्यक्ष मौजूद थे। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों में संजय सिंह वाला, डिहरी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, कुंवर सिंह, संजय गुप्ता, वार्ड पार्षद श्याम बिहारी प्रजापति, धनंजय सिंह, विंदा देवी, पप्पू गुप्ता, राजेश गुप्ता, असलम कुरैशी, डिहरी नगर मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष माफुज आलम, मोहम्मद इम्तियाज, सैफ उल हक, सरफुद्दीन अंसारी, रोहतास नगर पंचायत के शिबू खान एवं रोहतास नगर पंचायत के कई जनप्रतिनिधि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

# सुधा डेयरी में छात्राओं का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला कालेज डालमियानगर के गृह विज्ञान संकाय की छात्राओं ने सुधा डेयरी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डेयरी संचालन, दूध उत्पादन और आर्थिक परिदृश्य में डेयरी उद्योग के महत्व का व्यावहारिक अनुभव और ज्ञान प्रदान करना था। छात्रों को मवेशी पालन, दूध संग्रह, प्रसंस्करण और पैकेजिंग सहित डेयरी उत्पादन की पूरी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित किया गया। एक लाइव प्रदर्शन में दिखाया गया कि कैसे कच्चे दूध को पनीर, मक्खन, दही, खोआ, पेड़ा आदि जैसे विभिन्न उत्पादों में संसाधित किया जाता है। छात्रों को सुधा डेयरी स्टाफ के विशेषज्ञों से सवाल पूछने और चर्चा करने का अवसर मिला। डेयरी क्षेत्र के भीतर विभिन्न कैरियर पथों पर जानकारी प्रदान की गई जिसमें उद्यमिता और नवाचार पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का समापन फीडबैक सत्र के साथ हुआ जहां छात्रों ने दिन भर की अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव व्यक्त किए। प्राचार्य डॉ दिग्विजय सिंह के अनुसार गृह विज्ञान संकाय की व्यवस्था विभागाध्यक्ष डॉ मधुरिमा मिश्रा व डॉ उपासना के नेतृत्व में इमर्सिव प्रशिक्षण अवसर ने छात्राओं को बहुमूल्य ज्ञान से लैस किया और संभावित भविष्य में डेयरी उद्योग में रुचि जगाई।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को ले पीडीएस विक्रेताओं के साथ बीडीओ ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुद्देशीय भवन में गुरुवार को बीडीओ दृष्टि पाठक की अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यों को लेकर अलग-अलग समय में प्रधानाध्यापक एवं सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदार व सभी पैक्स अध्यक्ष के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ ने बारी-बारी से सभी लोगों को बताया कि एक जुलाई 2025 को 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवाओं का एवं सभी मतदाताओं के नाम का मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं वास्तविक मतदाताओं को सुनिश्चित कराने को लेकर पहल करते हुए मतदान सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक चलेगा। इसके तहत सभी बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का मिशन मूड में शत-प्रतिशत सत्यापन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इनूमरेशन फॉर्म भरने के क्रम में संबंधित मतदान केंद्र के ब्लू पहचान पत्र के साथ घर-घर सर्वे करेंगे फॉर्म को वितरित करने के बाद पुन उसे संग्रहित करेंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 से संबंधित जिनका भी नाम वोटर लिस्ट में है वे निम्लिखित कागजात अगर आपका जन्म 01.07.1987 के पहले हुआ है तो आपको मैट्रिक का सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र अगर आप सरकारी कर्मचारी हैं तो सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जमीन की रजिस्ट्री का पेपर, भारतीय वैलिड पासपोर्ट, किसी ऑफिसर द्वारा सिन किया हुआ पारिवारिक वंशावली, उपर्युक्त नंबर 2 से 9 तक में से कोई भी एक डॉक्यूमेंट होगा। अगर आपका जन्म 01.07.1987 के बाद और 02.12.2004 के बीच हुआ है तो आपके साथ हीं आपके माता या पिता का भी निम्न कोई दो उक्त कागजात लगेगा। 2004 के बाद जन्म लेने वालों को उक्त में से तीन प्रमाण-पत्रों के साथ आवेदन देना होगा। मौके पर उपस्थित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तेजस्विनी आनंद, बीसीओ नीरज कुमार इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जाएगा प्रशिक्षित : डीआईजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र में साइबर अपराध से निपटने को छात्र बनेंगे साइबर योद्धा। प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर जिला साइबर थाने की पुलिस ट्रेनिंग देगी। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार प्रशिक्षण सत्र में एआई से साइबर फ्रॉड का लाइव डेमो भी दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार इसके तहत ईओयू मुख्यालय के विशेषज्ञ और जिला साइबर थाने की पुलिस स्कूल-कॉलेज के छात्रों को 'साइबर योद्धा' बनाएगी। उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए सशक्त करेगी। चारों जिलों में साइबर विशेषज्ञ और स्थानीय साइबर थाने के अधिकारी स्कूलों और कॉलेजों का दौरा करेंगे। वे सीधे सीनियर बैच के छात्रों को एआई-आधारित साइबर खतरों जैसे फिशिंग, डीपफेक, वॉयस क्लोनिंग और पहचान की चोरी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। प्रशिक्षण सत्रों में एआई से होने वाले साइबर फ्रॉड का लाइव डेमो भी दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला साइबर थाने की पुलिस और साइबर एक्सपर्ट्स छात्रों को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे छात्रों को न केवल साइबर खतरों की पहचान करना सिखाएंगे, बल्कि उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, मजबूत पासवर्ड बनाने, संदिग्ध लिंक्स से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने के तरीके भी सिखाएंगे। इस पहल से पुलिस और छात्रों के बीच एक मजबूत सेतु भी बनेगा जिससे सूचना का आदान-प्रदान और भी आसान हो जाएगा। इससे साइबर अपराधों की रोकथाम में मदद मिलेगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया बिहार प्रभारी का भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय के आरोबी के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह बिहार प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव का भव्य स्वागत किया। नेता के स्वागत के लिए कार्यकर्ता काफी देर से उक्त स्थान पर इंतजार करते दिखे। प्रदेश सह प्रभारी जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। मालूम हो कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के बड़े नेताओं का आगमन शुरू हो गया। देवेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं से मिलकर काफी खुश दिखे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन इस बार के चुनाव में भारी मतों से जीतकर सरकार बनाएगी। मौके पर जिलाध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, वरिष्ठ नेता उपेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य पार्षद सुरेंद्र पाल, नन्दबिहारी सिंह, अनिल पांडेय, सदन खरवार, प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, सैयद नफिसुदीन, सरोज चौबे, रविन्द्र तिवारी, राजवंश विलियम्स, नरेश राम, विंध्याचल पांडेय, अलख राम, मुख्तार अंसारी, राकेश यादव, उदय तिवारी, शिवजी सिंह, सुनील राम, राजगृह पासवान, जय विष्णु राम, लवकुश पाल समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू बना शिक्षा, अनुशासन और नवाचार की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**तिलौथू (रोहतास)।** सन 1932 में स्थापित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू न केवल रोहतास जिले, बल्कि पूरे बिहार में शिक्षा, अनुशासन, सांस्कृतिक मूल्यों और नवाचार का प्रतीक बन चुका है। स्वतंत्रता पूर्व की इस धरोहर ने समय के साथ अपनी पहचान को और सशक्त किया है। इतिहास से वर्तमान तक नेतृत्व की सशक्त परंपरा विद्यालय के इतिहास में कई समर्पित और प्रेरणादायक शिक्षकों ने योगदान दिया है जिनमें पूर्व प्राचार्य लाला शंभूनाथ 'बेदर्दी' का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने विद्यालय में अनुशासन और गुणवत्ता की मजबूत नींव रखी। 31 जनवरी 2017 को तत्कालीन प्रभारी शिवनाथ प्रसाद ने विद्यालय की बागडोर डॉ. मैकू राम को सौंपी जो आगे चलकर शिक्षा, विज्ञान और प्रशासनिक नेतृत्व के क्षेत्र में एक नई मिसाल बने।

**डॉ. मैकू राम एक दूरदृष्टा शिक्षक और नवाचार के अग्रदूत**

डॉ. मैकू राम ने विद्यालय का नेतृत्व केवल औपचारिक दायित्व के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया। उन्होंने शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए विद्यार्थियों को प्रयोग, शोध और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे आधुनिक विषयों से जोड़ा।

उनके नेतृत्व में विद्यालय विकास कोष से 15 लाख रुपये की लागत से 'आर्यभट्ट अंतरिक्ष प्रयोगशाला' की स्थापना की गई। इस प्रयोगशाला के उद्घाटन में इसरो और चंद्रयान-3 से जुड़े वरिष्ठ वैज्ञानिकों की उपस्थिति ने पूरे बिहार में विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी।

**सम्मान और न्याय: संघर्ष से मिली जीत**

डॉ. मैकू राम के प्रयासों को जिला प्रशासन, राज्य पदाधिकारियों से लेकर बिहार सरकार तक ने सराहा और उन्हें अनेक प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया गया।

हाल ही में कुछ तत्वों द्वारा विद्यालय की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई जिसके अंतर्गत उन्हें प्रभार से हटाने का आदेश आया। परंतु डॉ. मैकू राम ने मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को दी गयी विदाई, नये का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी का विदाई समारोह एवं नए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रियंका रानी का स्वागत समारोह डिहरी प्रखंड के किसान भवन के सभागार में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता अजय ओझा ने अंग वस्त्र एवं तुलसी के पौधा देकर दोनों पदाधिकारी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कृषि कोऑर्डिनेटर विजय गुप्ता के द्वारा किया गया। इस विदाई समारोह में अपनी आत्मीयता लगाओ को दर्शाते हुए निवर्तमान डिहरी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरेश प्रसाद सिंह ने भी विदाई समारोह में भागीदार होकर अपनी भावनाओं एवं साथ में किए हुए कार्यों के अनुभव पर चर्चा किया। इस भावुक पल में 3 साल तक गुजरे अपनी अनुभव व्यक्त करते हुए अपने साथ कार्यरत कर्मियों एवं व्यवसाईयों को भी आभार प्रकट किया। सबने मिलकर एक साथ टीम भावना से कार्य किया एवं नई अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुश्री प्रियंका रानी को आश्वस्त किया कि जिस तरह से मुझे सबका सहयोग मिला आपको भी सबका सहयोग मिलेगा एवं सभी टीम भावना से कार्य करते हैं। विदाई समारोह में डिहरी अनुमंडल के दर्जनों कृषि कोऑर्डिनेटर एवं किसान सलाहकार के साथ किसान विजय प्रकाश पांडे, मनोज सिंह, बलवंत तिवारी, कृषि कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, रत्नेश कुमार सिंह, उपेंद्र तिवारी, कृषि सलाहकार रीना श्री, हरेंद्र कुमार, ऋषिकेश कुमार, हरिशंकर कुमार सिंह, रवि कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/555, दिनांक: 02.07.2025,** निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। **ई'-निविदा सं. एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/21/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम एवं स्थान:** सियालदह मंडल के दक्षिण खंड पर सर्ज प्रोटेक्शन डिवाइस सहित अर्थिंग सिस्टम का पुनर्वास; **निविदा मूल्य:** रु. 2,28,65,279.91 ; **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य। **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु.2,64,300.00 ; **कार्य की पूर्णता अवधि:** 9 (नौ) महीने; **निविदा प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि:** 14.07.2025; **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 28.07.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तिथि:** 28.07.2025 को 14.30 बजे। विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो सकती है: **www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:-** निविदाकर्ता ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, जिसमें निविदा आमंत्रित की गई है, पिछले महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले कार्य की निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक को सफलतापूर्वक पूरा किया होगा या काफी हद तक पूरा किया होगा: (i) तीन समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए, या (ii) दो समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए, या (iii) एक समान कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। **वित्तीय पात्रता मानदंड:-** निविदाकर्ता के पास न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' होना चाहिए, जो भी कम हो; जहां वी= निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ों रुपये में, एन= कार्य पूरा होने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना ऑडिटेड बैलेंस शीट के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल संविदात्मक भुगतानों" के औसत के रूप में की जाएगी। हालांकि, यदि पिछले वर्ष की बैलेंस शीट अभी तैयार/ऑडिट की जानी है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की ऑडिटेड बैलेंस शीट पर विचार किया जाएगा। निविदाकर्ता जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-वीआईबी (तत्काल निविदा दस्तावेज के फॉर्म-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी जमा करेंगे, साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा विधिवत प्रमाणित ऑडिटेड बैलेंस शीट की प्रतियां/ऑडिटेड बैलेंस शीट द्वारा समर्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट से प्रमाण पत्र भी जमा करेंगे। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज़:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेख किया गया है। **समान प्रकृति की कार्य:-** संकेत तथा दूरसंचार का कोई भी कार्य जिसमें सिग्नल या दूरसंचार केबलों की खुदाई, बिछाना और परीक्षण करना या कोई अन्य विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य शामिल हो। **टिप्पणी:** निविदाकर्ता को निविदा प्रस्ताव के साथ, निविदा दस्तावेज में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए क्रेडेंशियल के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रति का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकर्ता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होना चाहिए। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होगी।

(SDAH-105/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# छह नाबालिग बच्चों को मजदूरी कराने ले जा रहे दो तस्कर चढ़े आरपीएफ के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक सरोज कुमार, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी मुकेश कुमार दुबे एवं रेसुब/अ.आ. शाखा गया के आरक्षी दीपक कुमार ओझा व आरक्षी नवीन कुमार पांडे तथा रेल थाना डिहरी ऑन-सोन के महिला आरक्षी ज्योति कुमारी की संयुक्त टीम के द्वारा सत्येंद्र कुमार, उम्र 27 वर्ष, पिता लखन मुसहर, ग्राम-खैरवा खुर्द, थाना-नौहट्टा, जिला-रोहतास (बिहार) एवं राजकुमार शर्मा पिता लक्ष्मण शर्मा, ग्राम माली, थाना मोहम्मदगंज, जिला पलामू (झारखंड) को 06 नाबालिग बच्चों को एवीएन कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम कराने के लिए जोधपुर गाड़ी संख्या 12307 अप से ले जाने के क्रम में डिहरी ऑन-सोन रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म संख्या 02/03 के पूर्वी छोर पर पकड़ा गया। पूछताछ में सभी नाबालिग बच्चों ने बताया कि सत्येन्द्र कुमार की ओर इशारा करते हुए बताया कि उनके द्वारा मेरे घर वालों को एक-एक हजार रुपया दिया गया है और बताए कि काम करने के एवज में घर वाले को प्रति महीना पैसा भेजा जाएगा। मामला बाल तस्करी का पाकर मौके पर ही वीडियोग्राफी करते हुए सत्येंद्र कुमार एवं राजकुमार शर्मा को विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए रेलवे सुरक्षा बल कब्जा लिया गया। सभी नाबालिक बच्चों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन पर लाया गया। मामला बाल तस्करी/मजदूरी का पाकर सभी नाबालिग बच्चों तथा दोनों ट्रैफिकर सत्येंद्र कुमार एवं राजकुमार शर्मा को अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु मय कागजात सहित राजकीय रेल थाना-डिहरी-ऑन-सोन को सुपुर्द किए जहां राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन सोन में संबंधित धारा में कांड पूंजीकृत कर दोनों ट्रैफिकर सत्येंद्र कुमार एवं राजकुमार शर्मा को न्यायालय रेलवे गया को अग्रसारित किया जाएगा तथा रेस्क्यू की गई सभी नाबालिग बच्चों को उनके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाने हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम रोहतास को सही सलामत सुपुर्द किया जाएगा।

## बालू लदा ट्रक-टोटो में टक्कर, टोटो चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कच्छवां (रोहतास)।** कच्छवां थाना क्षेत्र के सबारी के बीच चांदी - नासरीगंज मार्ग पथ पर बालू लदा ट्रक और टोटो में जोरदार टक्कर हो गई जिससे टोटो चालक की मौत हो गई। उस पर सवार एक यात्री बुरी तरह से जख्मी हो गया जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। टोटो चालक नासरीगंज थाना क्षेत्र के मेदनीपुर गांव निवासी 55 वर्षीय नन्दजी साह है जो टोटो का मालिक और चालक था। वह नासरीगंज से कच्छवां सवारी लेकर जा रहा था। उक्त सड़क पर कैथी व सवारी के बीच सामने से आ रहे बालू लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे टोटो हवा में उड़कर कुछ दूर जा गिरा और उस पर बैठे एक यात्री बुरी तरह से घायल हो गए।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** मोहर्रम को लेकर थाना परिसर बेलाव में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ अन्नु कुमारी एवं थानाध्यक्ष अनीश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में पुलिस अधिकारियों के साथ थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन और ताजियादार लोगों ने हिस्सा लिया। थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा के मोहर्रम को आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। वहीं उन्होंने कहा ताजियादारों से ताजिया जुलूस के लिए जल्द लाइसेंस लेने को कहा।

# नया देश बनाना है तो किसानों को लेकर चलना होगा : सुधाकर सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड के बेलांव बाजार स्थित बेलांव पैक्स गोदाम में राजद द्वारा किसान महासम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें रामपुर प्रखंड क्षेत्र के अलावा दूसरे प्रखंड क्षेत्र के किसानों और लोगों ने हिस्सा लिया। किसान महासम्मेलन में पूर्व कृषि मंत्री सह बक्सर राजद सांसद सुधाकर सिंह बेलाव मोड़ से सभा स्थल तक ट्रैक्टर चलाकर पहुंचे। इसका उद्घाटन सांसद सुधाकर सिंह, राजद राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध मेहता, राजद प्रदेश युवा अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। जिसकी अध्यक्षता रामपुर प्रखंड प्रमुख घुरा सिंह यादव व संचालन किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रवींद्र सिंह ने की। किसान महासम्मेलन को संबोधित करते हुए राजद बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि दुर्गावती जलाशय परियोजना और लिफ्ट कैनाल से किसानों को एक तिहाई ही पानी नहीं मिल पा रहा है। अगर डैम में 100 प्रतिशत पानी भर दिया जाए तो किसानों के खेतों तक पानी मिलने लगेगा। पंप कैनाल बंद पड़ा है और अखबार में छपा की पंप चालू है। सरकार को चेतावनी और सलाह है कि अगर पंप कैनाल चालू नहीं हुआ तो राजद महागठबंधन के किसान जाकर पंप कैनाल को चालू कर देंगे। किसानों में दहशत है कि जब इस सम्मेलन के लिए राजद के लोग परमिशन लेने सिविल एसडीओ के पास गए तो शर्त लगाया गया कि आपको किसी पार्टी का वहां चिन्ह नहीं लगाएगा। इस देश में सभी को सभा और मांग रखने का अधिकार है लेकिन किसान को अपनी सभा करने का अधिकार नहीं है। खुले मंच से सिविल एसडीओ और बीडीओ का दिमाग खराब होने की बात कही और उसका इलाज के लिए रांची भेजना पड़ेगा।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा (खुली निविदा) सूचना सं. ईसी/टी / कम्प्रेहैन्सिव / ओटी - 11 /2025-26 दिनांक : 27.06.2025,** मुख्य निर्माण प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा कार्यशाला, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: ईसी_टी_सीओएम_ओटी -11_25-26; कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** सार्विक अनुबंध के आधार पर खुली निविदा के माध्यम से दस (10) सं. सीआईएल अंडर-स्लंग माउंटेड डीजल इंजन एनटीए 855आर, छह (06) सं. सीआईएल डीजल इंजन टाइप एनटी855आर बिग कैम, तीन (03) सं. सीआईएल डीजल इंजन टाइप वीटीए1710एल, छह (06) सं. वॉइथ ट्रांसमिशन सिस्टम टाइप ट्र.211आर, दो (02) सं. एवीटीईसी / एलीसन / एसएएन ट्रांसमिशन सिस्टम टाइप सीआरटी-5633, एक (01) सं. सीजीएल/बीएचईएल कन्वेंशनल ट्रैक्शन अल्टरनेटर, डीईटीसी/डीएचटीसी टाइप 8-व्हीलर टावर वैगन के दस (10) सं. बीएचईएल/सीजीएल अंडर-स्लंग माउंटेड ट्रैक्शन अल्टरनेटर आवधिक मरम्मत की कार्य; **जीएसटी सहित** रु.11,55,81,673.50; **निविदा फॉर्म की लागत:** शून्य; **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु.7,27,900.00; **कार्य की पूर्णता अवधि:** 24 महीने; **विज्ञापन अवधि:** 27.06.2025 से 21.07.2025 अपराह्न 03.00 बजे तक; **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** 07.07.2025 से 21.07.2025 अपराह्न 03.00 बजे तक; **निविदा बंद करने की तिथि एवं समय:** 21.07.2025 अपराह्न 03.00 बजे तक; **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 21.07.2025 अपराह्न 03.30 बजे तक। **वेबसाइट जहां से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे:** निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से 27.06.2025 से 21.07.2025 तक अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

(MISC-118/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि नई तकनीक Block Chain एवं National Fisheries Digital Platform (NFDP) में सभी मत्स्य कृषकों का निबंधन कराना आवश्यक है।

1. पासपोर्ट फोटो। (रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो)
2. अपना मोबाईल/माबाईल नं0
3. आधार मूल प्रति (Original)
4. बैंक पासबुक (Original)
5. पैनकार्ड (Original)
6. वोटर आई0डी0 कार्ड (Original)
7. राशन कार्ड (Original)
8. जमीन का रसीद (यदि हो तो)
9. आय प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
10. जाति प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
11. तालाब का विवरणी :- खाता, प्लॉट सं0, तालाब का जलक्षेत्र (एकड़ में)/लैण्डमार्क/ जीयोटैग फोटोग्राफ
12. तालाब किस योजना/किस विभाग/निजी/लीज/सामुदायिक/वर्ष में बना है।
13. वंशावली/खतियान का प्रति। (यदिहो तो)
14. मकान/खाता सं0 (NFDP मेंनिबंधन के लिए)
15. मत्स्य कृषक का आधार से मोबाईल नं0 लिंक होना चाहिए।

सभी कृषक/बीज उत्पादक उक्त कागजात के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में उपस्थित होकर अपना निबंधन करायें। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर सम्पर्क कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गढ़वा

PR 356440 Fish(25-26).D

# जिला पदाधिकारी ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण, कहा - कोई योग्य मतदाता छूटे नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के तहत गुरुवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने नवादा सदर प्रखंड अंतर्गत खरांट पंचायत के पकड़िया महादलित टोला स्थित मतदान केंद्र संख्या-103 पर चल रहे डोर-टू-डोर अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने खुद कई घरों का दौरा कर एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण कराया और लोगों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने उपेंद्र मांझी का एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाया और संबंधित बीएलओ को निर्देश



दिया कि इसे शीघ्र पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने बीएलओ को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक योग्य मतदाता तक निर्धारित समय सीमा में फॉर्म पहुंचे, ताकि कोई भी नागरिक मतदाता सूची से वंचित न हो। कार्य में पूरी पारदर्शिता और तत्परता बरती जाए। इस मौके पर इंटर स्कूल पकड़िया में जाति एवं आवासीय प्रमाणपत्र बनाने हेतु शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसका निरीक्षण जिला पदाधिकारी ने किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसमें जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। डीएम ने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क करें।

निरीक्षण के दौरान गोपनीय शाखा प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित बीएलओ एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# वित्तीय अनियमितता को लेकर पद से किया विमुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज(नवादा)।** जीविका कार्यालय नारदीगंज द्वारा संचालित सुहागन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति, कहुआरा की अध्यक्ष गीता देवी ने एसजेवाई एमआरपी सिंकू कुमारी को वितीय अनियमितता को लेकर पद से विमुक्त कर दिया है। आरोप है कि एसजेवाई का कार्य में कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं पाया गया,उसके बाद प्रखंड कमिटी व संकुल कमिटी के जांचोपरांत पाया गया कि एसजेवाई (एच एच) के साथ वितीय अनियमितता की गई। जिसकी चर्चा संकुल के बोर्ड बैठक व जिला स्तरीय बैठक में भी की गई।



एसजेवाई कार्यालय के आदेशानुसार के आधार पर वितीय अनियमितता किसी भी रुप में क्षमा योग्य नहीं है। यह योजना मुख्यमंत्री का खास योजनाओं में से एक है। जिसमें किसी भी प्रकार का लेनदेन (वितीय अनियमितता) गैर कानूनी है। मामले के जांचोपरांत आपको (एसजेवाई एमआरपी सिंकू कुमारी) इस पद से विमुक्त किया जा रहा है। इधर, इस समिति के एसजेवाई एमआरपी सिंकू कुमारी कहती है सभी आरोप बेबुनियाद है। मेरे द्वारा किसी प्रकार का वितीय अनियमितता नहीं हुई है। सभी साक्ष्य मेरे पास मौजूद है। मुझे साजिश के तहत पद से विमुक्त किया गया है। एक तरफा फैसला किया गया है। सभी लोग दुर्भावना से ग्रसित होकर मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा है। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। यहां न्याय नहीं मिलने पर सभी के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरबाजा खटखटाया जाएगा।

वही बीपीएम मनोज कुमार कहते हैं कि इसमे मेरी कोई भूमिका नहीं है। इस कार्य के लिए संकुल ही सर्वोपरि होता है।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण का डीडीसी ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंडी प्रखंड के तुलसीगढ़ पंचायत स्थित गोनकुरा गांव के रविदास टोला में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बीएलओ सुपरवाइजर और सेक्टर पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का आदेश दिया। 100 प्रतिशत गणन पत्रों का समय पर वितरण और प्राप्ति सुनिश्चित करने को भी कहा। फॉर्म वितरण के बाद भरे हुए फॉर्म को शीघ्र प्राप्त कर बीएलओ ऐप पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया, ताकि कार्य की गति और पारदर्शिता बनी रहे। उपविकास आयुक्त के निरीक्षण से साफ संकेत गया कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध बालू माफिया के खिलाफ कार्रवाई जारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बालू माफियाओं के खिलाफ धर पकड़ की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को खराट मोड़ मुफ्फसिल थाना जिला नवादा के पास कई थानों के सहयोग से अवैध बालू लदा नौ ट्रैक्टर को जब्त कर मुफसिल थाना को सौंपा गया। ट्रैक्टर जब्त होने के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। गिरियक थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि खनन विभाग के सूचना उपरांत गिरियक, राजगीर, सहायक थाना पावापुरी, मुफस्सिल थाना साथ संयुक्त छापामारी कर अवैध बालू लदा नौ ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। जब्त सभी वाहनों को मुफसिल थाना को सौंपा दिया गया है और मुफसिल थाना से अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकले जिनकी तलाश जारी है। मौके से अवैध चालान निर्गत करने वाला एक सख्श को गिरफ्तार किया गया है। जिसके आधार पर अन्य की तलाश की जा रही है।

## दो पक्षों में मारपीट एक की मौत

**बिहारशरीफ।** दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना इसलामपुर थाना क्षेत्र के चंधारी पंचायत के सोनावां गांव में बुधवार की संध्या घटी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों एवं परिजनों ने जख्मी मो. मोइनद्दीन (45 वर्ष) को इलाज के लिए इसलामपुर स्थित सरकारी अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाया। जहां चिकित्सक ने गुरुवार की सुबह स्थिति में सुधार नहीं होता देख चिंताजनक स्थिति में बेहतर उपचार के लिए पटना ले जा रहा था कि रास्ते में मौत के गई। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि विगत पन्द्रह दिनों से दोनों पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर ही तू-तू, मैं-मैं के साथ धक्का मुक्की के बाद बात बढ़ते ही मारपीट होने लगी। मृतक की पत्नी बानो खातून ने स्थानीय थाना में घटना का जिक्र करते हुए कही है कि मेरे पति मो. मोइनद्दीन को गांव के ही कुछ लोगों ने मार दिया। दर्ज प्राथमिकी में चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

# बच्चों के नामांकन के लिए स्कूल कर्मी घर-घर खटखटा रहे दरवाजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** पिछले कुछ सालों से आमजनों में अवधारणा है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई नहीं होती है। इसे मिटाने के लिए पुस्तकालयाध्यक्ष के नेतृत्व में बच्चों को विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए घर घर दरवाजा खटखटा रहे सरकारी विद्यालयों के शिक्षक सरकारी विद्यालयों में शिक्षा में सुधार व गुणवत्ता के लिए शिक्षा विभाग कि सराहनीय पहल इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। जहां नामांकित बच्चों को विद्यालय में उपस्थिति बरकरार रखने तथा ड्रोप आउट कि समस्या रोकने के लिए टेक नारायण प्लस टू विद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष तथा शिक्षकों की टोली पोषक क्षेत्र के गांव गांव जाकर बच्चों तथा अभिभावकों से सम्पर्क कर के बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए समझा रहे हैं। पुस्तकालयाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि बच्चों कि नासमझी के कारण उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक अवधि में विद्यालय से भाग जाते हैं इस से बच्चों का शैक्षणिक भविष्य खराब हो रहा है। इसी को लेकर हमलोगों द्वारा टीम बनाकर प्रतिदिन पोषक क्षेत्र के गांवों में जाकर बच्चों तथा अभिभावकों को जागरूक कर रहे हैं।

## घर के मालिक को बंधक बना लाखों की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बेन थाना क्षेत्र के बड़ी आट गांव में गृहस्वामी को बंधक बनाकर लाखों रुपए नकदी एवं जेवरात की भारी लूट हो गई। घटना बुधवार रात 1 बजे घटी। गृहस्वामी अशोक चौधरी बताते हैं कि हम दोनों पति-पत्नी कमरा में सोए हुए थे। अचानक रात 12 बजे चार आदमी आकर हमपर बंदुक तान दिया और कहा कि चुपचाप रहो। उसके बाद हम दोनों का हाथ,पैर और मुंह कपड़ा से बांध दिया। फिर घर में लूटपाट मचाना शुरू कर दिया। घंटों देर तक लूटपाट करता रहा। लूटपाट करने के बाद दोनों पति-पत्नी को कमरा को बाहर से लॉक कर मेन गेट से भाग गया। लूटेरों के भागने के बाद एक दूसरे के सहयोग से बंधन खोलकर पड़ोसी को फोन कर बताए कि हमारे यहां लूट हो गई। हम दोनों को कमरा में बंद कर दिया है। खबर सुनकर पड़ोसी जब उनके घर गए तो देखे की मेन गेट खुला हुआ है। अंदर जाकर उनके रुम का दरवाजा खोला तब वे बाहर निकले। उन्होंने बताया कि नकदी एवं जेवरात सहित करीब 12 लाख की लूट हुई है। थाना प्रभारी रवि

# किसान का बेटा बना कृषि अधिकारी, पिता ने कहा बेटे ने अधूरे सपने किए साकार

**नवबिहार टाइमस ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के सदर प्रखंड के घोसतावां गांव के किसान विजय कुमार सिंह के पुत्र संजीव कुमार गयाजी जिला के जिला कृषि पदाधिकारी बने हैं। यह किसान पिता के लिए बड़ी खुशी की बात है। किसान विजय सिंह ने कहा कि बेटा ने उनके अरमानों को पूरा किया है। संजीव बीपीएससी के बिहार कृषि सेवा में 61वें स्थान लाया था। इसमें सफलता के बाद संजीव का कृषि अधिकारी बनने का रास्ता साफ हो गया था। संजीव सबसे पहले 20 मई 2022 उप परियोजना निदेशक आत्मा के पद पर कार्यरत थे। उसके बाद फिर वह 30 जून 2024 को भूमि संरक्षण पदाधिकारी, पटना बनाए गए थे। तीन साल के अंतराल



में संजीव जिला कृषि पदाधिकारी बने हैं।

**मेहनत से मिली मुकाम**

संजीव कुमार 2012 में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविधालय आगरा से कृषि से स्नातक किया। लगातार लगन और मेहनत के कारण एक बार में तीन प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिली। 2018 में काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक, उतरप्रदेश में कृषि अधिकारी स्केल दो, भारतीय मृदा एवं भू उपयोग सर्वेक्षण, नई दिल्ली में असिस्टेट फील्ड ऑफिसर और डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविधालय समस्तीपुर में कार्यक्रम सहायक के रूप में चयन हुआ। संजीव ने कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली में कार्यक्रम सहायक के रूप में ज्वाइन किया। इसके पहले 2016 में संजीव कृषि विभाग, उत्तरप्रदेश में तकनीकि सहायक बने थे।

**पिता ने कहा-परिवार के अरमान को दिया अंजाम**

देखें तो, डयूटी के बाद भी संजीव अपने पिता के अरमान को नहीं भूला। दरअसल, संजीव के पिता विजय कुमार सिंह गांव में अस्सी के दशक में मैट्रिक में गांव के पहले टॉपर थे। गया कॉलेज से भूगोल से ग्रेजुएशन किया। लेकिन जॉब नही मिली थी। लिहाजा, खेती-बारी में जुट गए। लेकिन बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए परदेस में भी प्राइवेट कंपनी में काम किए। आज विजय सिंह को अपने बेटे की कामयाबी पर फक्र है। पिता ने कहा कि संजीव ने उनके अरमानों को पूरा किया है। इधर, संजीव कुमार को जिला कृषि पदाधिकारी के पद पर पदोन्नति किए जाने के बाद उनके गांव घोसतावां में खुशी का माहौल है। उनके साथियों और परिजन उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। संजीव कहते हैं उनकी कामयाबी में उनके माता पिता, परिजन, गुरुजन और शुभचिंतकों का अहम योगदान है।

## जीविका ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत लोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** जीविका कर्मियों के द्वारा रजौली प्रखंड में लोगों के बीच गणना प्रपत्र एवं विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से संबंधित लोगों को जागरुक किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में रजौली प्रखंड के जीविका कर्मियों के द्वारा रजौली प्रखंड के क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों के बीच गणना प्रपत्र का वितरण एवं विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 से संबंधित लोगों को जागरुक किया गया। बीएलओ को डोर टू डोर सर्वेक्षण का कार्य 25 जून से 26 जुलाई तक किया जाना है।

# हेल्थ कैम्प लगाकर 43 लोगों का किया इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की डुमरावां ग्राम पंचायत के भगवानपुर गांव में हेल्थ कैम्प लगाकर 43 लोगों का इलाज किया गया। सभी लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें जरूरत की दवाएं दी गई। इस दौरान शुगर जांच भी की गई। ईसीजी जांच भी की गई। इसके साथ ही अन्य जांच की भी व्यवस्था है। हेल्थ कैम्प की व्यवस्था से लोगों में काफी खुशी देखी गई। लोगों ने इस व्यवस्था की सराहना की। लोगों को मुफ्त में दवा भी दी गई। बताया गया कि उत्थान शिक्षा समिति को एसबीआई फाउण्डेशन, मुबंई के द्वारा सीएसआर अन्तर्गत बिहार राज्य के नवादा जिला के पकरीबरावां प्रखण्ड के कुल 20 ग्रामों में संजीवनी-क्लीनिक ऑन व्हील



परियोजना के क्रियान्वयन हेतु चयन किया गया है। यह जिला एवं प्रखण्ड नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड हैं। परियोजना के अन्तर्गत ग्रामीण समुदाय के बीच जिला प्रशासन, सिविल सर्जन कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, पीआरआई, स्वास्थ्य कर्मी, समुदाय के सहयोग एवं सहभागिता से ग्रामों का सर्वे, मोबाईल ओपीडी., स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच शिविर, निःशुल्क दवा वितरण, रेफरल सेवा, स्वच्छ भारत अभियान आदि हेतु कार्य किया जाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक संदीप कुमार पांडेय, डॉ. गौरव कुमार, लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, एमएमयूओडी रोहित कुमार उपस्थित थे।

# विदाई सह सम्मान समारोह में शिक्षक मो. मोअज्जम हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रोहुआ में गुरुवार को एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय में कार्यरत शिक्षक मो. मोअज्जम के स्थानांतरण पर आयोजित किया गया, जिसमें सहकर्मियों और शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि मो. मोअज्जम ने लगभग 11 वर्षों तक विद्यालय में सेवा दी और इस दौरान उन्होंने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ अपने शैक्षणिक कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि उनके योगदान को विद्यालय परिवार कभी नहीं भूल पाएगा। समारोह में शिक्षकों ने मो. मोअज्जम को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, डायरी, कलम और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में भावुक माहौल देखा गया। इस अवसर पर शिक्षक कृष्ण पासवान, नवीन कुमार, पवन कुमार, रविन्द्र कुमार, ममता कुमारी, वीणा सिंह, नमिंता कुमारी, चांदनी कुमारी, रसोइया शांति देवी, शिक्षा सेवक सनोज कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आज रजौली पहुंचेंगे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी

## घसियाडीह मैदान में तैयारियां पूर्ण, मंत्री डॉ. संतोष सुमन भी रहेंगे मौजूद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली (नवादा)।** बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति को धार देने और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री तथा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी आज रजौली पहुंचेंगे। वे हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन का आयोजन रजौली के घसियाडीह मैदान में किया गया है, जहां बिहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन भी विशेष रूप से उपस्थित



रहेंगे। मांझी के आगमन को लेकर आयोजन स्थल पर मंच निर्माण, साउंड सिस्टम, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा इंतजाम पूरी तरह से कर लिए गए हैं।

हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संदीप पासवान ने बताया कि केंद्रीय मंत्री मांझी 4 जुलाई (शुक्रवार) को सुबह 11 बजे सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान पार्टी के सदस्यता अभियान को भी गति देने की योजना है।

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए हम पार्टी के सभी कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए हैं। सम्मेलन में रजौली विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के जुटने की उम्मीद है।

यह दौरा न केवल संगठनात्मक मजबूती का संकेत है, बल्कि आगामी चुनाव में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की रणनीतिक तैयारी की भी झलक देता है।

# जदयू की बूथ स्तरीय बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** नवादा विधानसभा अंतर्गत नारदीगंज प्रखंड के मसौढ़ा पंचायत में पंचायत अध्यक्ष राम बाबू चौहान व परमा पंचायत में पंचायत अध्यक्ष दिलीप चौहान की अध्यक्षता में जदयू के बूथ स्तरीय बैठक गुरूवार को आयोजित हुई। वक्ताओं ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही 20 वर्षों में मुख्यमंत्री जी ने बिहार में जो विकास किए है उसको जन-जन तक पहुंचाने का उनसे अनुरोध की। कहा कि 2025 में पुनः नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाएंगे। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े एवं उपस्थित बूथ सदस्यों को आगामी विधानसभा चुनाव के संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान जदयू जिला महासचिव प्रियरंजन सिंह, विनय कुमार साव, देवनंदन मांझी, अनीश कुमार, मीडिया सेल के प्रखंड अध्यक्ष विक्की कुमार, मुंद्रिका कुमार मनोहर, प्रदेश सचिव महमुद वक्खू, प्रखंड अध्यक्ष जयराम कुशवाहा, मीडिया सेल जिलाध्यक्ष प्रिंस प्रभात दांगी समेत अन्य पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर रजौली में अग्निशमन विभाग ने किया मॉक ड्रिल

## बच्चों ने सीखा आग बुझाने का तरीका, गैस सिलेंडर में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अनुमंडल अग्निशमन विभाग, रजौली की ओर से बुधवार को विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रजौली और सिरदला प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें लोगों को आग लगने की स्थिति में बचाव और प्राथमिक प्रतिक्रिया की जानकारी दी गई।

अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी राम अवध सिंह ने बताया कि मॉक ड्रिल साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल (रजौली), रामदासी गांव, वार्ड संख्या 14 (रजौली), जीनियस पब्लिक स्कूल (कसियाडीह), बांधी पंचायत और कसियाडीह गांव में आयोजित की गई। इस दौरान आग से बचाव संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के तहत अग्निशमन कर्मियों ने गैस सिलेंडर में आग लगाकर उसका सुरक्षित तरीके से निष्कारण कर दिखाया। इसके पश्चात स्कूली बच्चों ने भी खुद से मॉक ड्रिल करते हुए सिलेंडर में लगी आग को बुझाया, जिससे उन्हें आपात स्थिति में सतर्कता व उपायों की व्यावहारिक जानकारी मिली।अग्निशमन विभाग ने लोगों से आग्रह किया कि अगर कहीं भी आग लगने की घटना हो, तो तुरंत डायल 101 या 112 पर संपर्क करें। समय पर सूचना देने से जान-माल की क्षति को रोका जा सकता है। इस जागरूकता अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीणों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली।

# महिला ने जहर खाकर की खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत कठनपुरा बीघा गांव में एक विवाहिता ने घरेलू कलह और पति के अवैध संबंधों से परेशान होकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान गांव निवासी संदीप कुमार की 29 वर्षीय पत्नी रेणु कुमारी के रूप में हुई है। हालत गंभीर होने पर महिला को एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के भाई रणवीर कुमार ने बताया कि उसके बहनोई संदीप कुमार का पिछले डेढ़ वर्षों से किसी अन्य महिला से संबंध था, जिसका विरोध रेणु अक्सर करती थी। बुधवार को भी जब संदीप फोन पर उस महिला से बात कर रहा था, तो रेणु ने इसका विरोध किया। इसी बात पर संदीप ने रेणु के साथ मारपीट की। गुस्से और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर रेणु ने जहरीली दवा खा ली।

# सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के मेहंदी बिगहा बायपास पर गुरुवार की देर शाम एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान नगरनौसा थाना क्षेत्र के खड्सरिया गांव निवासी 40 वर्षीय मनोज जमादार के रूप में की गई है। वह बिहारशरीफ से अपने 10 वर्षीय भतीजे निरहु कुमार का जोंडिस का इलाज कराकर ऑटो से घर लौट रहे थे। जैसे ही ऑटो चंडी थाना क्षेत्र के मेहंदी बिगहा बायपास के समीप पहुंचा, तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने सामने से ऑटो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मनोज जमादार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार सागर जमादार, कृष्णा जमादार और संतोष जमादार गंभीर रूप से घायल हो गए।

## साइकिल चोरी करते चोर गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** थाना क्षेत्र के परबलपुर बाजार स्थित एक कोचिंग संस्थान के समीप से साइकिल चोरी करते हुए एक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को बाजार स्थित एक कोचिंग संस्थान के समीप से साइकिल चोर को गिरफ्तार किया गया है। जिसे पूछताछ के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार चोर की पहचान बेन प्रखंड के जफरा गांव निवासी प्रह्लाद कुमार के रूप में की गई।

# सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया 1.07 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

## नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पथ व नाली निर्माण कार्यों की सौगात, नागरिकों ने जताया आभार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं गयाजी के विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को नगर क्षेत्र के कई वार्डों में सड़क और नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। ये योजनाएं मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना एवं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता दे रही है। गया शहर में आधारभूत संरचना के विकास से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने वार्डवार कई योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें वार्ड संख्या 06, रामशिला पहाशवरः 5.94 लाख की लागत से पथ व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास, वार्ड संख्या 06, शिवनगरः 50.37 लाख की लागत से पथ व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ, वार्ड संख्या 04, बागेश्वरीः 7 लाख की लागत से पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास, वार्ड संख्या 10, वैरागीः 5.94 लाख की लागत से पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन, वार्ड संख्या 17, टिकारी रोडः 38.90 लाख की लागत से पथ व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है. डॉ. कुमार ने कहा कि इन कार्यों से ना केवल आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि जल-जमाव की समस्या से भी राहत मिलेगी। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। नागरिकों ने मंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मोहल्लेवासियों ने कहा कि वर्षों से लंबित मांग अब पूरी होने जा रही है। मौके पर पप्पू चंद्रवंशी, शंभू यादव, अशोक गुप्ता, शिवनारायण प्रसाद, संजय निलकर, नित्यम राज, मालती देवी, गोपाल पासवान, ऋषि लोहानी, अमर यादव, सोनू कुमार समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रमों का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और लोगों ने विकास योजनाओं को लेकर सरकार के प्रति विश्वास जताया।

# एक नजर

## दुष्कर्म मामले में आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** रोशनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेले देख एक दिव्यांग के साथ हुए दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आते ही पुलिस ने पुलिस ने पीड़िता के बयान पर रोशनगंज थाना में कांड संख्या 100/25 धारा 64 बी.एन.एस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने कहा इस कांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान मेघनाडीह गांव के सुधीर कुमार पिता मिथिलेश पासवान के रूप में किया गया है जिसके खिलाफ निषेधाज्ञा कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि महिला अपने घर में सोई हुई थी तभी मौका पाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

## फरार वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**शेरघाटी (गया)।** थाने की पुलिस ने गोला बाजार रोड से एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस की हत्थे चढ़ा वारंटी संतोष कुमार उर्फ सुरेश के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस ने इसी सिलसिले में गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्याय हिरासत में भेज दिया।

## मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के तुतूरखी मठिया गांव में बीते दिनों हुई मारपीट की घटना में फर्द बयान के आधार पर मामला दर्ज गुरुवार को किया गया। इस मामले में पुलिस ने 4 लोगों को आरोपी बनाया है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। मारपीट की यह घटना तब हुई जब नशीला पदार्थ बेचने को लेकर मना करने पर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू हो गई जिसमें इस घटना में जुगेश कुमार पिता कृष्णा सिंह सहित कई अन्य लोग घायल भी हुए। पुलिस ने इस मामले में फर्द बयान के आधार पर 4 लोगों को आरोपी बनाया है जिसमें रोहित कुमार, राजेश कांदु, विजय चौधरी और फूलमतिया देवी का नाम शामिल है।

## 3 दिन बाद भी नहीं हटाया गया तार, लोगों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोराप पंचायत के भीखनपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास एक बड़ा हादसा हुआ है जहां 11 हजार वोल्ट की तार सहित विद्युत पोल गिर गया। हैरानी की बात है कि सूचना मिलने के 3 दिन बाद भी बिजली विभाग ने इसे नहीं हटाया है जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया है और लोगों में दहशत का माहौल है।

# मोहर्रम को लेकर कर्बला में डीएम ने तैयारियों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मोहर्रम पर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के डीएम शशांक शुभंकर, सदर एसडीएम किसलय श्रीवास्तव एवं नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने गया शहर के प्रसिद्ध गया कर्बला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, लाइटिंग, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया।

डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मोहर्रम के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विशेष रूप से लाइटिंग एवं अन्य प्रमुख मार्गों पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। उन्होंने गया कर्बला के वॉलंटियर्स से भी संवाद किया और अपील की कि सभी स्वयंसेवक अपने स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य करें। डीएम ने कहा कि प्रशासन और समाज के सहयोग से ही किसी भी आयोजन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने एवं आपसी भाईचारे का परिचय देने की अपील की। इस अवसर पर सदर एसडीएम किसलय श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं गया कर्बला के वॉलंटियर्स उपस्थित थे।

# बिना लाइसेंस का जुलूस नहीं निकालने का दिया निर्देश, डीजे पर प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** वजीरगंज थाना परिसर में गुरूवार को मुहर्रम पर्व पर आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ प्रभाकर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में जितने भी ताजिया कमिटी हैं वे सभी अपना - अपना लाइसेंस जरूर बनवा लें उसके बगैर जुलूस न निकालें। जुलूस में डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित है और साउण्ड सिस्टम पर धर्म एवं जाति को संबोधित करने वाले गाने न बजायें। पुलिस एवं प्रशासन मुहर्रम पर्व को आपके सहयोग से शांति एवं सौहार्द वातावरण में मनाने के लिये संकल्पित है। आयोजन के पश्चात भी अगर कमिटी या उपद्रवी द्वारा गलत कार्य करने का साक्ष्य मिलेगा तब भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम द्वारा जारी सभी निर्देशों का सख्ती से पालन किया जायगा। बैठक में केनार, तरवां, जमुआवां एवं अन्य जगह से आये ताजिया कमिटी सदस्यों ने अपनी - अपनी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए समाधान की मांग की। बीडीओ ने कहा कि जुलूस निकलने से लेकर करबला तक पहुंचने तक क्षेत्र में बिजली सप्लाई पूरी तरह से बंद रहेगी और झूलते तारों को टाइट करने का निर्देश विद्युत विभाग को दिया गया है। जुलूस के दरम्यान मंदिर और मस्जिद वाले रास्तों पर विशेष नजर रखी जाएगी तथा पुलिस - प्रशासन पेट्रोलिंग चलती रहेगी, लेकिन उस दरम्यान आपलोगों को कोई संदिग्ध या उपद्रवी व्यक्ति दिखे तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि घटनाओं को होने से पहले रोक दिया जाय।

# पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अतरी(गयाजी)।** नीमकचक बथानी में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन गुरुवार को किया गया। इस शिविर का आयोजन ग्रमीण विकास विभाग, बिहार द्वारा संपोषित महिला समुदायिक संगठन बढ़ते कदम जीविका महिला संकुल संगठन द्वारा किया गया जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सदय कुमार, संकुल संगठन की अध्यक्ष अनीता देवी, पशु चिकित्सक डॉ. राकेश रंजन एवं बीपीएम विनीत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुओं से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना और समुदाय को पशुपालन, रोग पहचान और रोकथाम के प्रति जागरूक करना था। बीपीएम, नीमचक बथानी ने कहा कि पशुओं में रोगों की समय पर पहचान और उपचार के अभाव में ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे शिविर समय पर इलाज सुनिश्चित कर नुकसान को रोका जा सकता है। जीविका के जीविकोपार्जन विशेषज्ञ नीतीश कुमार ने बताया कि शिविर में 85 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया, जो अपने 200 से अधिक पशुओं–जैसे गाय, भैंस और बकरियां को लेकर उपस्थित हुए। शिविर के दौरान पशुओं की स्वास्थ्य जांच और उपचार, कृमिनाशक दवाओं का वितरण, बांझपन, बुखार, पैर-मुंह, रोग जैसी बीमारियों हेतु दवाएँ और परामर्श, टीकाकरण व पशु पोषण संबंधी दवा एवं परमर्श आदि प्रदान किया गया।

# ग्रामीण चिकित्सकों का सरकार को अल्टीमेटम, नियोजन की मांग पर अड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार के ग्रामीण चिकित्सकों ने आज गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान में अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए बिहार सरकार को अपनी मांगों पर तत्काल ध्यान देने के लिए एक कड़ा अल्टीमेटम दिया है। प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सक संगठन, पटना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशु तिवारी और गया जिला अध्यक्ष हरिवंश राम की उपस्थिति में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य भर से आए चिकित्सकों ने अपनी वर्षों पुरानी समस्याओं और लंबित मांगों पर विस्तृत चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशु तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ग्रामीण चिकित्सकों को अब नियोजन (सरकारी सेवा में स्थायीकरण) की सख्त जरूरत है। अंशु तिवारी ने बिहार सरकार के प्रति अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आज तक किसी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी या किसी भी कानूनी रूप से प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सकों की सुध लेने वाला कोई नहीं आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण चिकित्सक दशकों से बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ की हड्डी बने हुए हैं। विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में जहां आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं नदारद हैं, ये चिकित्सक ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके बावजूद, सरकार ने हमेशा उनकी उपेक्षा की है और उनके वाजिब हक से उन्हें वंचित रखा है। अंशु तिवारी ने यह भी दावा किया कि उनके आंदोलन को दबाने के लिए 'तरह-तरह की बातें और भड़काने की कोशिशें' की जा रही हैं।

**प्रमुख मांगें नियोजन और सम्मानजनक पहचान**

बैठक के दौरान ग्रामीण चिकित्सकों ने एक स्वर में अपनी मांगों को दोहराया जिनमें मुख्य रूप से उनका नियोजन, उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था और एक सम्मानजनक पहचान शामिल है। उनका कहना था कि वे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और महामारी जैसी आपात स्थितियों में भी अग्रिम पंक्ति के योद्धा बनकर काम करते हैं। इसके बावजूद उन्हें न तो कोई कानूनी दर्जा प्राप्त है और न ही उनकी सेवाओं को मान्यता दी जाती है जिससे उन्हें लगातार असुरक्षा और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। चिकित्सकों ने इस बात पर जोर दिया कि उनके कार्यों को मान्यता देना और उन्हें समाज में एक सम्मानित स्थान दिलाना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशु तिवारी ने बिहार सरकार को सीधे तौर पर अल्टीमेटम देते हुए कहा 'जल्द सुधार करें, नहीं तो हम लोग इससे भी उग्र प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। हम उन्हें कुर्सी से उठाकर फेंकने के लिए भी तैयार हैं।' उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती और शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाती तो ग्रामीण चिकित्सक राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ने पर मजबूर होंगे।


**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल-एसडीएएच-सीओएन - जीईएनएल-175-2025-एनआईटी दिनांक: 02.07.2025,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (सीओएन), पूर्व रेलवे, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तृतीय तल, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों आदि से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनके पास निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव के साथ वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस हो: **निविदा सं.: ईएल - एसडीएएच - सीओएन - जीईएनएल-175-2025**; **कार्य का नाम:** "पूर्वी रेलवे के जमालपुर वर्कशॉप में वैगन पीओएच वृद्धि के लिए 545 वीयू से 800 वीयू तक इलेक्ट्रिकल (जी) कार्य।" **निविदा मूल्य:** रु. 5,56,72,431.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. शून्य। **बयाना राशि:** रु. 4,28,400.00; **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने. **समापन का तारीख एवं समय:** 3 1 .07.2025 को 12.30 बजे। निविदा दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं और निविदा के लिए ऊपर उल्लिखित निविदा समापन तिथि और समय पर या उससे पहले "निविदा दस्तावेज की लागत" और "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद **www.ireps.gov.in** पर बोलियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। सभी तरह से पूर्ण निविदाएं और ऊपर बताए गए सभी दस्तावेजों के साथ इस निविदा के लिए **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैन्युअल ऑफ़र प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और उसे सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा नोटिस का विवरण, समय-समय पर जारी किए गए शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना **उप मुख्य विद्युत अभियंता (सीओएन), पूर्व रेलवे, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तृतीय तल, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014** के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

(CON-22/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# डीएम ने गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रह कार्यों की प्रगति का जायजा लिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-डीएम शशांक शुभंकर द्वारा गुरुवार को गया टाउन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत नगर प्रखंड के बागेश्वरी बैरागी का स्थल भ्रमण किया गया तथा निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रह कार्यों में प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने घूम-घूमकर स्थानीय निर्वाचकों तथा आम जनता से संवाद स्थापित किया और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के उद्देश्य, महत्व एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित सदर एसडीओ, सदर बीडीओ, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर को स्पष्ट निर्देश दिया कि घर-घर जाकर योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य नागरिक के पास जाए और मतदाता सूची उनका नाम दर्ज करने के लिए मार्गदर्शन दें एवं गणना प्रपत्र भरकर जमा करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि समाज की अंतिम व्यक्ति बैठने वाले लोगों के घरों में जाएं और सभी योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है। गणना प्रपत्र सभी से भरवा कर संबंधित बीएलओ के पास जमा करायें। जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय लोगों से फीडबैक लिया और गणना प्रपत्र बीएलओ से लेकर शीघ्र जमा करने का अनुरोध किया है।इस अवसर पर नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि शहरी क्षेत्र में वार्ड जमादारों को लगाकर तेजी से गणना पत्र वितरण करवाये।हाउस टू हाउस सर्वेक्षणः 25 जून से 26 जुलाई 2025, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशनः 1 अगस्त 2025, दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधिः 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशनः 30 सितंबर 2025 तक किया जाएगा।

# छायादार पौधे का निशुल्क वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** क्षेत्र के जमुआरा गांव में गुरुवार को पर्यावरण प्रेमियों द्वारा 12 हजार फलदार व छायादार पौधे का वितरण निशुल्क किया गया है। पर्यावरण प्रेमी सौरभ शर्मा द्वारा संकल्प तरु गैर सरकारी संस्था के बैनर तले वितरण किया गया। सौरभ ने बताया कि संस्था के प्रोजेक्ट उपहार के तहत किया ऑटोमोबाइल कम्पनी के साथ मिलकर पौधा का वितरण लोगों के बीच किया गया है। संस्था द्वारा भेजे गए फलदार पौधे अनार, लीची, अमरूद, नारियल, कटहल, मोहगिनी, नींबू इत्यादि के पौधे लोगों को निशुल्क वितरण किया गया। सौरभ ने यह भी जानकारी दी कि संस्था द्वारा पूर्व में भी क्षेत्र में कई हजार पौधा का वितरण किया गया जो आज हरियाली का रूप लेते हुए पेड़ बन फल भी दे रहे हैं।

# महिला उद्यमिता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** अभियंत्रण महाविद्यालय, गया के द्वारा गयाजी सदर अंतर्गत गोदावरी में महिला उद्यमिता के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भैरोस्थान अवस्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन स्थानों से 50 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया एवं उद्यमी बनने का संकल्प लिए। उद्योग विभाग के जिला स्टार्टअप कॉर्डिनेटर सुशांत कुमार के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सफल उद्यमी बन राज्य के विकास में अपना भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। उद्योग विभाग की महाप्रबंधक सुश्री बंदना एवं गया अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजन सरकार द्वारा उक्त कार्यक्रम की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि समाज में महिला उद्यमिता को बढ़ाना समाज के विकास के लिए अति आवश्यक है। अभियंत्रण महाविद्यालय, गया के द्वारा गयाजी सदर अंतर्गत गोदावरी में महिला उद्यमिता के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भैरोस्थान अवस्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन स्थानों से 50 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया एवं उद्यमी बनने का संकल्प लिए। उद्योग विभाग के जिला स्टार्टअप कॉर्डिनेटर सुशांत कुमार के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सफल उद्यमी बन राज्य के विकास में अपना भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। उद्योग विभाग की महाप्रबंधक सुश्री बंदना एवं गया अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजन सरकार द्वारा उक्त कार्यक्रम की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि समाज में महिला उद्यमिता को बढ़ाना समाज के विकास के लिए अति आवश्यक है।

# नगर निगम ने शहर के एक से 53 वार्डों में एंटी लार्वा का कराया छिड़काव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नगर निगम साफ सुथरा हो गयाजी अभियान के तहत साफ-सफाई और जन स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में गुरुवार को सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत वार्ड संख्या-1 से 53 तक के सभी सूचीबद्ध नालों में एंटी लार्वा सीड का छिड़काव कराया गया। यह छिड़काव नगर आयुक्त कुमार अनुराग के निर्देश पर सभी वार्डों के 349 नालों में वृहद स्तर पर हुआ।एंटी लार्वा सीड छिड़काव के दौरान नगर आयुक्त स्वयं सड़क पर उतरकर वार्ड संख्या 41, 16, 5 सहित कई वार्डों का स्वंय मुआयना कर गली-मोहल्ले के सभी नालों में बेहतर ढंग से एंटी लार्वा सीड के छिड़काव का निर्देश देते नजर आएं।बता दें कि मॉनसून के दौरान स्वास्थ्य संबंधी जोखिम को कम करने के लिए आज नालों में एंटी लार्वा सीड अभियान के तहत सभी वार्डों में वार्ड पार्षद, जमादार एवं सहायक की निगरानी में कराया गया है।दूसरे दिन इस अभियान के तहत शनिवार को भी शहर के सभी अस्पतालों में छिड़काव करवाया जाएगा।इसके बाद दूसरे राउंड इस अभियान के तहत एक सप्ताह बाद पुनः एंटी लार्वा सीड का छिड़काव किया जाएगा। इस संबंध में नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगर निगम के 01 से 53 वार्डों में मिलाकर कुल सूचीबद्ध 349 नालों में एंटी लार्वा सीड का छिड़काव कराया गया है।छिड़काव से शहर में बढ़ रहे मच्छर के साथ साथ डेंगू के संक्रमण, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों का प्रसार रोकने के लिए निजात मिलेगी।साथ हीं उन्होंने बताया कि रोस्टर के हिसाब से चार फॉगिंग मशीन से सभी वार्डों में फॉगिंग किया जा रहा है और एक मशीन से मुख्य सड़क एवं संस्थानों में प्रतिदिन फॉगिंग भी करायी जा रही है।यह अभियान स्वच्छ व स्वस्थ गयाजी की ओर कदम हैं।यह अभियान न केवल बीमारियों को रोकने में मदद करता है, बल्कि यह एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण बनाने में भी योगदान देता है। सफाई को और कैसे सुदृढ़ बनाया जा सके, इसी क्रम में पूर्व में ही निगम बोर्ड के द्वारा प्रस्ताव पारित कराया गया था कि एंटी लार्वासीड का छिड़काव हेतु हर वार्ड के लिए मशीन खरीदा जाए।वहीं इसके साथ ही नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने गयाजी शहर के मुख्य पथों की साफ सफाई की स्थिति की समीक्षा की।नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि हर काम की मॉनिटरिंग वो स्वयं कर रहे हैं और अगर काम संतोषजनक नहीं होगा तो कटौती के साथ साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा और ऐसा किया भी जा रहा है।जो भी कर्मी या एजेंसी द्वारा सही कार्य किया जा रहा है उनके कार्य को सर्हाया जायेगा और जो कार्य में लापरवाही करेंगे तो उनको दंडित किया जा रहा है।


**पूर्व मध्य रेल**

ई–निविदा सूचना सं०–
सीआरडब्ल्यु–एचआरटी–एम–युपीजीएलएमी–एलएचबी–25–1

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) कार्य का नाम एवं स्थानः** कैरिज रिपेयर वर्कशॉप / हरनौत में "पिंक बुक 320/24–25 के अंतर्गत एलएचबी एसी और नॉन–एसी कोचों में शौचालयों का उन्नयन" कार्य हेतु निविदा विज्ञापन के प्रकाशन के संबंध में **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 148,12,85,024.80/– (रू. एक सौ अड़तालीस करोड़ बारह लाख पचासी हजार चौबीस एवं अस्सी पैसे मात्र)। **(3) निविदा प्रपत्र की राशिः** शून्य **(4) अग्रधन की राशिः** रु. 75,56,400/– (रू. पचहतर लाख छपन हजार चार सौ मात्र) **(5) निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 29.07.2025 को 11:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 11:15 बजे निविदा खोली जायेगी **(6) वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता हैः** निविदा सूचना, पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है. एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो किसी भी बदलाव का शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**

पीआर/0519/सीआरडब्ल्यु–एचआरटी/एमईसीएच/टी/25–26/44



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू**
**व्यवहार न्यायालय, पलामू**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं माननीय नालसा व झालसा के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, पलामू के तत्वाधान में दिनांक 01 जुलाई 2025 से लेकर 30 सितम्बर 2025 तक 90 दिवसीय विशेश मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित विभागों के वादों का निपटारा आपसी सुलह–समझौता के आधार पर किया जायेगाः–

1. वैवाहिक विवाद से संबंधित वाद / मामले
2. घरेलु हिंसा से संबंधित मामले
3. मोटरयान दुर्घटना से संबंधित मामले जिसमे दुर्घटना प्रतिवेदन एवं राज्य परिवहन विभाग से संबंधित मामले शामिल हो
4. पराक्रम्यविलेख की धारा 138 के मामले
5. व्यवसायिक विवादों से संबंधित मामले
6. सेवा से संबंधित मामले
7. सुलहनीय आपराधिक मामले
8. उपभोक्ता विवाद से संबंधित मामले
9. ऋण विवाद से संबंधित मामले
10. विभाजन विवाद से संबंधित मामले
11. बेदखली विवाद से संबंधित मामले
12. भूमि अधिग्रहण विवाद से संबंधित मामले
13. अन्य उपयुक्त सिविल वाद

अतः आप सभी आम नागरिक से निवेदन है कि इस अभियान के तहत स्वयं प्रत्यक्ष रूप से अथवा अधिवक्ता के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू में उपस्थित होकर इस अभियान का लाभ उठावें।

नोटः विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें टोल फ्री नं0 15100 तथा मोबाईल नं0 8757269596

| श्रीमती रीष्मा रमेशन | श्रीमती समीरा एस | श्री दिवाकर पाण्डेय |
|---|---|---|
| पुलिस अधीक्षक, | उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, | प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, |
| –सह– | –सह– | –सह– |
| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष |
| जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू | जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू | जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू |

PR 356477 Palamu(25-26)D

संपादकीय

# हिंदी : आदेश वापसी का दांव

महाराष्ट्र में राजनीति का मुद्दा बन चुके स्कूलों में त्रिभाषा फार्मूले के तहत पहली कक्षा से हिंदी अनिवार्य करने के आदेश को राज्य की फडणवीस सरकार ने विपक्ष के दबाव में वापस जरूर ले लिया है, लेकिन जिस तरह से यह वापस लिया गया है, वह भी नया सियासी दांव हो सकता है। इसका पहला असर तो राज्य में करीब आ रहे दो धुर विरोधी ठाकरे बंधुओं के बीच मन मिलाप अब होगा या नहीं कहना मुश्किल है। दूसरे, मुख्यमंत्री फडणवीस ने आदेश वापस लेकर विपक्ष के हाथों से वो मुद्दा छीन लिया है, जो राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महत्वपूर्ण हो सकता है। चूंकि आदेश ही वापस हो गया तो रस्म अदायगी के तौर पर दोनों ठाकरे बंधुओं ने 5 जुलाई को विजय दिवस रैली निकालने का ऐलान किया है, लेकिन इसमें दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं को अपने झंडे लाने की अनुमति नहीं होगी। यानी कोई भी ऐसा संदेश नहीं दिया जा रहा है कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना और चचेरे भाई राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सचमुच करीब आती दिखाई दे। शिवसेना और अन्य कुछ संगठनों ने त्रिभाषा फार्मूले को राज्य की जनता पर हिंदी थोपने के रूप में प्रचारित किया। उसने राज्यभर में हिंदी लागू करने के आदेश की प्रतियां जलाने का ऐलान कर दिया। जिसमें राज्य सरकार ने यह आदेश नई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों में बच्चों को पहली कक्षा से तीन भाषाएं, जिनमें पहली मातृ भाषा, दूसरी अंग्रेजी और तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ना अनिवार्य किया गया था। महाराष्ट्र में स्कूलों में हिंदी पढ़ाई तो जाती है, लेकिन वह अनिवार्य नहीं है। इस आदेश को राजनीतिक तौर पर भाजपा द्वारा महाराष्ट्र पर मोदी सरकार द्वारा हिंदी थोपने के रूप में प्रचारित किया गया। इसको लेकर कई विपक्षी दल और मराठी साहित्यिक भी एकजुट होने लगे। इस लामबंदी के बाद सत्तारूढ़ महायुति के प्रमुख घटक राकांपा के नेता और राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार ने भी तीसरी भाषा के रूप में हिंदी की अनिवार्यता पर सवाल उठा दिए। इससे राज्य में मराठी भाषी बनाम हिंदी भाषी गोलबंदी होने लगी। इसका प्रभाव राज्य में जल्द होने वाले मुंबई महानगरपालिका और स्थानीय निकाय चुनावों में हो सकता था। यही कारण है कि देवेन्द्र फडणवीस से यह मुद्दा विपक्ष से छीनने में ज्यादा वक्त नहीं लगाया। कैबिनेट बैठक के बाद सहयाद्री गेस्ट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि हमने कैबिनेट में तीन-भाषा नीति पर विस्तार से चर्चा की और 16 अप्रैल और 17 जून 2025 को जारी किए गए जीआर को रद्द करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि डॉ नरेंद्र जाधव के नेतृत्व में एक समिति गठित की जाएगी जो यह निर्धारित करेगी कि किस कक्षा से तीन-भाषा नीति लागू की जानी चाहिए, कार्यान्वयन कैसे होना चाहिए और छात्रों को क्या विकल्प दिए जाने चाहिए 'इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर, राज्य सरकार अंतिम निर्णय लेगी।' इसके पहले उन्होंने यह स्पष्ट किया था कि स्कूलों में हिंदी पढ़ना वैकल्पिक होगा, न कि अनिवार्य। फडणवीस ने इसे विपक्ष की 'घिनौनी राजनीति' पर निराशा व्यक्त की और बताया कि शिवसेना (यूबीटी) के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने डॉ. रघुनाथ माशेलकर की तीन-भाषा सूत्र रिपोर्ट को बिना किसी सवाल के स्वीकार कर लिया था। फडणवीस ने कहा कि यह ठाकरे की सरकार थी, जिसे तत्कालीन कांग्रेस और अविभाजित एनसीपी का समर्थन प्राप्त था, जिसने अंग्रेजी और हिंदी को अनिवार्य बनाने पर सहमति व्यक्त की थी। अभी हालांकि आदेश वापस ले लिया गया है, लेकिन यह मुद्दा डॉ. नरेन्द्र जाधव की रिपोर्ट आने के बाद नए सिरे से खुलेगा।

# मातृभाषा में शिक्षा का पूर्व-निर्धारित सोच के चलते विरोध

**यह दिशा निर्देश सीबीएसई द्वारा प्राथमिक कक्षाओं में मातृभाषा में शिक्षण दिए जाने के बारे में था, आइए पहले यह देखते हैं कि यह दिशा निर्देश असल में क्या कह रहा है? यह कहता है कि बच्चे को साक्षर बनाने की पहली भाषा (जिसे आर1 से दर्शाया गया है) वह भाषा जिसमें बच्चा सबसे पहले पढ़ना-लिखना सीख सके- बच्चे की मातृभाषा होनी चाहिए। अगर कक्षा में विभिन्न मातृभाषाओं (एक से अधिक भाषाओं) के बच्चे हैं और इस वजह से यह अव्यवहारिक महसूस हो रहा है, तो बच्चों की दूसरी सबसे परिचित भाषा जो कि आम तौर पर स्थानीय रूप से प्रचलित भाषा भी होती है, को उपयोग किया जाना चाहिए। स्पष्ट तौर पर कहें तो बच्चों को उस भाषा में पहले पढ़ना और लिखना सीखना चाहिए जिसे वे पहले से ही जानते हैं।**

**अनुराग बेहार**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 22 मई 2025 को एक दिशानिर्देश जारी किया। कुछ अखबारों ने इसकी तीखी आलोचना करते हुए संपादकीय प्रकाशित किए। ये संपादकीय और संबंधित राय के अंश बेहद भ्रामक थे, और मुझे आश्चर्य हुआ कि उन्हें इन आम तौर पर उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशनों में जगह मिली।

यह दिशा निर्देश सीबीएसई द्वारा प्राथमिक कक्षाओं में मातृभाषा में शिक्षण दिए जाने के बारे में था, आइए पहले यह देखते हैं कि यह दिशा निर्देश असल में क्या कह रहा है? यह कहता है कि बच्चे को साक्षर बनाने की पहली भाषा (जिसे आर1 से दर्शाया गया है) वह भाषा जिसमें बच्चा सबसे पहले पढ़ना-लिखना सीख सके- बच्चे की मातृभाषा होनी चाहिए। अगर कक्षा में विभिन्न मातृभाषाओं (एक से अधिक भाषाओं) के बच्चे हैं और इस वजह से यह अव्यवहारिक महसूस हो रहा है, तो बच्चों की दूसरी सबसे परिचित भाषा जो कि आम तौर पर स्थानीय रूप से प्रचलित भाषा भी होती है, को उपयोग किया जाना चाहिए। स्पष्ट तौर पर कहें तो बच्चों को उस भाषा में पहले पढ़ना और लिखना सीखना चाहिए जिसे वे पहले से ही जानते हैं।

सीबीएसई ने आगे स्पष्ट करते हुए कहा है कि आर1 को ही स्वाभाविक तौर पर दूसरे विषयों के लिए पढ़ाने का माध्यम होना चाहिए, जिसमें आर2 में साक्षरता भी आवश्यक है। इसमें आगे कहा गया है जब एक बच्चा आर1 और आर2 दोनों में साक्षरता हासिल कर लेता है तो दोनों में से किसी भी भाषा को अन्य विषय सिखाने का माध्यम बनाया जा सकता है।

यहाँ तक कि इन जगहों से आने वाली गुमराह करने वाली आलोचना भी इस बात को मानती है कि वैश्विक शोध, अनुभव और सामान्य ज्ञान भी इस बात की पुष्टि करते हैं- बच्चे उस भाषा में कहीं अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ना और लिखना सीखते हैं जिसे वे पहले से जानते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके मौजूदा भाषाई और सामाजिक ज्ञान भाषा सीखने में सहायक होते हैं, जिससे उन्हें आसानी से ज्ञात शब्दों को लिखित प्रतीकों से जोड़ने में मदद मिलती है। इसके विपरीत, अपरिचित भाषा में



पढ़ना-लिखना सिखाना कठिनाई को और बढ़ा देता है, क्योंकि बच्चों को एक नई भाषा को भी सीखना होता है और उसमें पढ़ने और लिखने की क्षमता भी विकसित करनी होती है।

इस मूलभूत सिद्धान्त को स्वीकारते हुए भी यह लिखने वाले लेखक किस तरह से गलत हैं? इस दावे में त्रुटि इस तरह से है कि- इंडियन एक्सप्रेस ने अपने संपादकीय में 28 मई को लिखा- इस तर्क को पूरे देश के वृहद बहुभाषिक सीबीएसई पारिस्थितिक तंत्र में एक समान लागू करने में बहुत सी जटिलताएँ सामने आती हैं। ऐसे शहर और कस्बे जहां कक्षाओं में विभिन्न भाषा-भाषी समुदायों के बच्चे आते हैं.....वहाँ विविध भाषाओं वाली कक्षा में काम करना कैसे संभव होगा ? तब किस भाषा को प्राथमिकता दी जाएगी?

इस तरह के बयानों से यह साबित होता है कि आलोचकों ने या तो सीबीएसई के दिशानिर्देशों को ठीक से पढ़ा नहीं या फिर समझने में विफल रहे हैं- या फिर यह भी हो सकता है कि यह इंग्लिश के विस्थापित होने के डर से उपजा सामान्य विद्रोह है, जो कि इससे जुड़े ज़्यादातर बयानों से जाहिर होता है

सीबीएसई के दिशानिर्देशों ने पहले ही बहुभाषिक माहौल की जटिलताओं को सीधे तौर पर संबोधित करते हुए बात रखी है। अगर इस तर्क के साथ जाएँ तो स्थानीय रूप से उपयुक्त भाषा को आर1 के रूप में चुनना चाहिए- जो कि बहुभाषिक जटिलता का समाधान प्रस्तुत करता है न कि दिक्कत बढ़ाता है। वहीं दूसरी तरफ इस तरह के दावों में आलोचकों के द्वारा जो तर्क दिये जा रहे हैं वह दुराग्रही महसूस होते हैं क्योंकि- वे बहुभाषिक माहौल में अँग्रेजी को एकसमान रूप से लागू किए जाने की वकालत करते हैं- जो कि अप्रोच के तौर पर गहरे रूप में दोषपूर्ण और निष्क्रिय है, क्योंकि भारत के किसी भी बहुभाषिक माहौल में अधिकांश बच्चों के लिए अँग्रेजी सबसे अपरिचित भाषाओं में से एक है। इस अखबार के पढ़ने वालों के लिए एक चेतावनी है- अपने बच्चों या नाती-पोतों की छवि को देखकर मंत्रमुग्ध मत होइए- जो कि इस देश का मात्र 2 प्रतिशत भर होंगे, बाकी के 98 प्रतिशत के लिए तो अँग्रेजी अभी भी एलियन है खास तौर से उनकी शुरुआती बाल्यावस्था में ।

इसे समझने के लिए एक उदाहरण देखते हैं- मान लीजिए मैंगलोर की कक्षा 1 का दृश्य है, यहाँ बच्चों की मातृभाषाओं में कन्नड़, मलयालम, उर्दू, तुलु और कोंकणी शामिल हो सकती हैं। चूँकि यह बच्चे मैंगलोर में रहते हैं इसलिए उनकी मातृभाषा के अलावा उनका परिचय कन्नड़ से है, वे अँग्रेजी जानते होंगे इसकी संभावना कम है। इसलिए आर1 के तौर पर कन्नड़ ही ठीक रहेगी, हो सकता है कि उनमें से कुछ की यह मातृभाषा हो और कुछ इससे परिचित भर होंगे। पर इसके विपरीत अँग्रेजी सबके लिए एक अपरिचित भाषा ही होगी। यह परिदृश्य पूरे भारत में देखा जा सकता है। बड़े मेट्रो शहरों में भी जिसमें प्रवासी लोग बाहर से आते हैं, वहाँ भी बच्चों की स्थानीय भाषा को जानने की संभावना अँग्रेजी जानने से अधिक है। इसलिए सीबीएसई का दिशानिर्देश देश की बहुभाषिक वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक तौर पर साक्षरता के लिए सही दृष्टिकोण है। सीबीएसई के इस कदम ने व्यवस्था में सबसे गहरे तौर पर जमे मुद्दे को लक्षित किया है- साक्षरता को किस तरह से प्राप्त किया जाए, जो सभी तरह से सीखने और उसके बाद की शिक्षा का भी आधार है। हालांकि केवल एक परिचित भाषा का उपयोग अपने आप में साक्षरता की समस्या को सुलझाने में पर्याप्त नहीं है लेकिन यह केंद्रीय और आवश्यक है। शिक्षा में सुधार करने के लिए और इसे ज़्यादा न्यायसंगत और समावेशी बनाने के लिए हमें भारत में साक्षरता दर के संकट और इसे संबोधित करने की तात्कालिकता को दोहराने की आवश्यकता नहीं है।

यह सोच त्वरित व अपर्याप्त है साथ ही तकनीकी शैक्षिक मुद्दों पर नियंत्रण की कमी दिखाती है कि हमारे अभिजात्य वर्ग की सोच पर अँग्रेजी कितनी मजबूती से हावी है और यह इन अखबारों के संपादकीय में साफ झलकता है। क्या कोई भी अखबार अस्पताल में हृदय रोग संबंधी प्रोटोकॉल के बारे में इस तरह के भ्रामक विचार छापने की हिम्मत करेगा? नहीं, क्योंकि यह बेहद तकनीकी मामला है। फिर भी शिक्षा में सबसे तकनीकी मामलों पर भी बिना सोचे समझे इस तरह के विचार दिए जाते हैं।

इसमें कोई शक नहीं है कि अँग्रेजी सामाजिक और आर्थिक रूप से आकांक्षापूर्ण बनी हुई है। इसलिए, बहुत से लोग चाहते हैं कि हर भारतीय बच्चा अंग्रेजी सीखे। आलोचक यह पहचानने में विफल रहे कि सीबीएसई का यह दृष्टिकोण अंग्रेजी पढ़ाने और साक्षरता दोनों के लिए कहीं अधिक प्रभावी होगा। किसी परिचित भाषा में साक्षरता प्राप्त करना यानी पढ़ना-लिखना सीखना कहीं ज्यादा प्रभावी होता है, अँग्रेजी बाद में भी सीखी जा सकती है। यह जबरदस्ती अँग्रेजी जैसी अपरिचित भाषा में साक्षरता सीखने से कहीं अलग है, जो अँग्रेजी और पढ़ना-लिखना सीखना दोनों को दुष्कर बना देता है। जिस तरीके की वकालत आलोचकों द्वारा की जा रही है वह न केवल साक्षरता बल्कि अँग्रेजी सीखने को भी और मुश्किल कार्य बना देगा। भारत के हजारों तथाकथित अंग्रेजी-माध्यम स्कूलों में से किसी में भी जाएँ, और आप देखेंगे कि बच्चे पढ़ने-लिखने और अंग्रेजी सीखने के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। हमें सीबीएसई के शैक्षणिक रूप से सही और साहसी दृष्टिकोण की सराहना करनी चाहिए, न कि इसकी निंदा करनी चाहिए।

## अध्यात्म

### हीरे की सही पहचान



पुराने समय में किसी शहर में एक जौहरी रहता था, उसकी असमय मृत्यु हो गई। उसके परिवार में पत्नी और उसका एक बेटा था। जौहरी की मृत्यु के बाद उनके परिवार में पैसों की कमी आ गई। एक दिन मां ने अपने बेटे को हीरों का हार दिया और कहा - इसे अपने चाचा की दुकान पर बेच दो, इससे जो पैसा मिलेगा, वह हमारे काम आएगा। लड़का हार लेकर अपने चाचा की दुकान पर पहुंच गया। चाचा ने हार देखा और कहा- बेटा अभी बाजार मंदा चल रहा है, इस हार को बाद में बेचना। तुम्हें पैसों की जरूरत है तो अभी मुझसे ले लो। तुम चाहो तो मेरी दुकान पर काम भी कर सकते हो। लड़के ने चाचा की बात मान ली और अगले दिन से लड़का अपने चाचा की दुकान पर काम करने लगा। समय के साथ वह लड़का भी हीरों की अच्छी परख करने लगा था। वह असली और नकली हीरे को तुरंत ही पहचान लेता था। एक दिन उसके चाचा ने कहा- अभी बाजार बहुत अच्छा चल रहा है, तुम अपना हीरों का हार बेच सकते हो। लड़का अपनी मां से वह हार लेकर दुकान आ गया और चाचा को दे दिया। लड़के से उसके चाचा ने कहा- अब तो तुम खुद भी हीरों की परख कर लेते हो, इस हार को देखकर इसकी कीमत का अंदाजा लगा सकते हो। इसीलिए तुम खुद इस हार की परख करो। लड़के ने हार को ध्यान से देखा तो उसे मालूम हुआ कि हार में नकली हीरे लगे हैं और इसकी कोई कीमत नहीं है। लड़के ने पूरी बात बताई तो चाचा ने कहा- मैं तो शुरू से जानता हूं कि ये हीरे नकली हैं, लेकिन अगर मैं उस दिन तुम्हें ये बात कहता तो तुम मुझे ही गलत समझते। तुम्हें यही लगता कि मैं ये हार हड़पना चाहता हूं, इसीलिए इसे नकली बता रहा हूं। तुम्हें उस समय हीरों का कोई ज्ञान नहीं था। बुरे समय में अज्ञान की वजह से हम अक्सर दूसरों को ही गलत समझते हैं। विपरीत समय में हमारे ऊपर निगेटिविटी हावी हो सकती है, इससे बचने के लिए हरदम प्रभु की स्तुति में लगे रहें। प्रभु की भक्ति आपको कभी भी नकारात्मक अथवा कमजोर नहीं होने देगी। ऐसी स्थिति में की गई जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है, रिश्ते खराब भी हो सकते हैं। इसीलिए बुरे समय में धैर्य और प्रभु सुमिरन को ही चुने।

# आम आदमी और मुद्दों से कोसों दूर कांग्रेस

**कांग्रेस पार्टी के पास ऐसे नेता भी नही है जो सरकार की योजनाओं के सही तरीके से क्रियान्वयन न होने पर मुखर होकर मोर्चा खोल सके, साथ ही साथ पंचायत से लेकर जिले तक इनका परीक्षण कर सके योजना क्या है और इसका लाभ वास्तविक हितग्राहियों को मिल पा रहा है या नहीं। और ये योजनाए कोई नई नहीं है आम समस्या बिजली, पानी, सड़क शिक्षा और स्वास्थ राशन रोजगार से जुड़ी हुई है साथ ही आम आदमी के काम पटवारी से लेकर तहसील कार्यालय से ज्यादा के नही होते है, लेकिन उन कार्यो में उसकी मदद के लिये नियमित सहयोग करने वाले नही है। केन्द्र व राज्य सरकार कई ऐसी योजनाए है, जिसमें भ्रष्टाचार की बाते तो कांग्रेसजन करता है लेकिन उसे पूरी तरह से उजागर नहीं कर पाता है, नहीं उसकी तह में पहुच पाता है, आज जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर नल योजना की स्थिति ऐसी बनी हुई है कि सम्बन्धित सरकारी एजेंसियों को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करना था लेकिन यह आज भी कई गांवों में पूर्ण नहीं हो पाई है।**

**राजेन्द्र जोशी**

कांग्रेस पार्टी के द्वारा मप्र में अपने संगठन को मजबूत करने और नये सिरे से पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक,संगठनतात्मक बदलाव को लेकर पर्यवेक्षको के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया करवाई जा रही है। और कहां जा रहां है कि इससे कांग्रेस संगठन मजबूत होगा,प्रयास और सोच अच्छी है,लेकिन हकीकत में कांग्रेस पार्टी आम आदमी और जमीनी मुददो से कोसों दूर है।

सन् 2018 में 15 सालो के बाद मप्र की सत्ता में वापस आई कांग्रेस पार्टी आपसी खीचतान के चलते,पंद्रह महीने बमुश्किल अपनी सरकार चला पाई,आपसी अंर्तकलह के चलते सत्ता से बाहर तो हो ही गई कई कांग्रेसी पार्टी छोड़कर चले गये तो कई पार्टी विधायको ने विपक्ष को सहयोग देकर उन्हे सत्तारूढ कर दिया,इन 15 महीनों के शासन में कांगेस पार्टी न तो संगठन मजबूत कर पाई नही कार्यकर्ताओं को एक कर सकी आपसी आरोप प्रत्यारोप के चलते 2023 में मप्र में विधानसभा चुनाव की तैयारी कर ऐसा जताया कि वही सरकार बना रही है, लेकिन हुआ वह सबके सामने है। और इस चुनाव में जो बचे हुये असंतुष्ट कांग्रेसी थे,उन्होंने पार्टी छोड़ दी तो कई कांग्रेसजन दबाव के चलते चुनाव से दूर हो गए।

वर्तमान समय मे मप्र में पंचायत स्तर से प्रदेश स्तर तक गिनती के नेता और जनप्रतिनिधी बचे है जो आम आदमी,समाज,गांव,नगर की विभिन्न समस्याओ के लिये आगे आते होंगे,न ही आमजनो से मिलने के लिये पदाधिकरी उपस्थित रहते,प्रदेश के कई जिलो में तो कांग्रेस पार्टी के कार्यालय चुनाव के अवसरो को छोडकर सुने नजर आते है।

कांग्रेस पार्टी के पास ऐसे नेता भी नहीं है जो सरकार की योजनाओं के सही तरीके से क्रियान्वयन न होने पर मुखर होकर मोर्चा खोल सके,साथ ही साथ पंचायत से लेकर जिले तक इनका परीक्षण कर सके योजना क्या है और इसका लाभ वास्तविक हितग्राहियों को मिल पा रहा है या नहीं। और ये योजनाए कोई नई नहीं है आम समस्या बिजली, पानी, सड़क शिक्षा और स्वास्थ राशन रोजगार से जुडी हुई है साथ ही आम आदमी के काम पटवारी से लेकर तहसील कार्यालय से ज्यादा के नही होते है, लेकिन उन कार्यो में उसकी मदद के लिये नियमित सहयोग करने वाले नहीं है।

केन्द्र व राज्य सरकार कई ऐसी योजनाए है, जिसमें भ्रष्टाचार की बाते तो कांगेसजन करता है लेकिन उसे पूरी तरह से उजागर नहीं



कर पाता है,नहीं उसकी तह में पहुच पाता है,आज जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर नल योजना की स्थिति ऐसी बनी हुई है कि सम्बन्धित सरकारी एजेंसियों को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करना था लेकिन यह आज भी कई गांवों में पूर्ण नही हो पाई है कई ग्रामों के निवासी आज भी पानी की समस्या से जुझ रहे है लेकिन कांगेसजन उस पर कुछ करना ही नहीं चाहते है। बीते गर्मी के मौसम में भाजपा व कांगेस के जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुये पानी के टेंकरों का वितरण सम्बन्धित पंचायतों को किया है,जो बताता है कि हर घर पानी नहीं पंहुचा।

केन्द्र सराकर की एक और महत्चपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना है,जिसे गांव,गांव जाकर देखने के साथ यह भी पता करना चाहिये जिन्हे सालों बाद भी लाभ नहीं मिला तो क्यों नहीं मिला, उदाहरण के लिये बड़वानी जिले की जनपद बड़वानी के ग्राम आमलियापानी के जुरदार सिंह को आज तक आवास नहीं मिला,वे बताते है पंचायत सचिव कहता है तुम्हे नहीं मिलेगा क्यों कि तुम इसका लाभ ले चुके हो,जुरदार का कहना है तो मेरी कुटीर कहां बनी है पंचायत बताये। ऐसी और कितनी समस्या हो सकती है।

आज बेहतर रोजगार के लिये आदिवासी जिलों से प्रतिदिन सैकड़ोजन अन्य प्रदेशों में रोजगार हेतु पलायन करते है उसके बारे में गम्भीरता से कोई विचार नही करता है गाहे बगाहे किसी नेता का बयान आ जाता है लेकिन कोई यह नही पूछता है कि हमारे प्रदेश में रोजगार क्यों नहीं है।

दूसरी और प्रदेश सरकार स्वास्थ और शिक्षा निजीकरण कि और बढ़ रही है बड़वानी जिला चिकित्सालय के एक प्रयोगशाला कर्मचारी ने बताया कि लेबोटरी से लगाकर सोनोग्राफी तक निजी हाथों में जा रही है सरकार तकनीकी कर्मचारियों कर भरती नहीं कर रही है आने वाले समय में सब कुछ निजी रहेगा,ऐसा ही कुछ शिक्षा के क्षैत्र में चल रहां है और उसकी शुरुआत तीन साल पहले प्रदेश की राजधानी भोपाल के नजदीक सिहोर जिला मुख्यालय में स्थित शा.कन्या शिक्षा परिसर से हो चुकी है।

जन सामान्य से जुड़े ऐसे मुददे है जिसपर कांग्रेस के नेता मौन साधे है जबकि इनपर स्थानीय स्तर से प्रदेश स्तर तक मुखरता आवश्यक है नहीं तो आने वाले समय में निजीकरण को कोई नहीं रोक पायेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। विवेक और चतुराई से काम करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। छोटी-मोटी बातों को तूल न दें।

**वृषभ**
बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर अपने रिश्ते खराब न करें।

**मिथुन**
आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेन्स से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

**कर्क**
मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।

**कन्या**
शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। सन्तान को लेकर समस्या दूर होगी।

**तुला**
आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।

**वृश्चिक**
विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**धनु**
जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय व्यर्थ नहीं करना चाहिये। बुरी संगति से दूर रहें। विरोधियों से सावधान रहना चाहिये।

**मकर**
व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ सकता है। दाम्पत्य जीवन में रोमान्स का आनन्द उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे।

**कुंभ**
जॉब में उच्च पद मिलने की सम्भावना बन रही है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिये जा सकते हैं।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिये। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे।

# जिला आयोजना प्राधिकार क्षेत्र के निष्पादित कार्यों की समीक्षा

## एजेंसी के कार्यों पर डीएम ने जताया संतोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में बुधवार को जिला आयोजना प्राधिकार क्षेत्र अंतर्गत चयनित एजेंसी द्वारा निष्पादित कार्यों की समीक्षा बैठक उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गयी। समीक्षा में विभाग द्वारा चयनित एजेंसी डीडीएफ कंसलटेंट प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा बेगूसराय आयोजना क्षेत्र का जीआईएस आधारित मास्टर प्लान-2041 के तहत स्टेज-4 तक के निष्पादित कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। पीपीटी के माध्यम से विभिन्न चरणों में किये गये कार्यों विस्तृत समीक्षा की गयी। जिला पदाधिकारी के




द्वारा समीक्षा में संबंधित एजेंसी के कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए बेगूसराय आयोजना क्षेत्र-2041 का कार्य नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार द्वारा निर्धारित 15 अगस्त 2025 तक ड्राफ्ट मास्टर प्लान तैयार कर जमा कराने का निदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि बेगूसराय आयोजना प्राधिकार क्षेत्र में आठ अंचल यथा बेगूसराय सदर, बरौनी, तेघड़ा, वीरपुर, डंडारी, नावकोठी, भगवानपुर एवं मटिहानी के 282 राजस्व ग्राम को सम्मिलित किया गया है। जिसका कुल क्षेत्रफल 630 वर्ग किलोमीटर है। उक्त मास्टर प्लान वर्ष 2041 में होने वाले विकास के परिप्रेक्ष्य में तैयार किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य व्यवस्थित तरीके से सड़क, नाला, पार्क, स्कूल, अस्पताल, भवन निर्माण आदि का कार्य कराया जाना है ताकि नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए व्यस्थित तरीके से शहर का विकास हो सके। बैठक में महापौर नगर निगम पिंकी देवी, नगर आयुक्त नगर निगम सोमेस बहादुर माथुर, जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, सहायक नगर योजना पर्यवेक्षक अजीत कुमार गोंड सहित डीडीएफ कंसलटेंट प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अर्बन प्लानर रितिक रौशन, जीआईएस एक्सपर्ट अनूप अग्रहरि तथा प्रदीप ढ़िल्लो उपस्थित रहे।

# सोई अवस्था में अधेड़ की हत्या

## त्रिशूल से मारकर की गई हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

### एक गिरफ्तार

**बखरी।** बखरी थाना क्षेत्र में उजन बाबा स्थान के पास बुधवार रात्रि अपराधियों ने सोये अवस्था मे अधेड़ की हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक की हत्या मुकदमे में गवाही नहीं देने के कारण हुई हैं। मृतक मारपीट के केस में केस में गवाह बना था। बुधवार की रात अपराधियों ने मृतक इन्द्रेदेव राय उर्फ झोबिया मोटिया की हत्या कर दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया की कुछ दिन पूर्व उनके भतीजे अमित राय के साथ बगल के टुनटुन सदा के साथ मारपीट हुई थी। इस विवाद में इंद्रदेव राय बीच-बचाव करने गया था। बाद में उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में गवाही भी दी थी। जिससे नाराज टुनटुन ने उसे जान से मरने की धमकी तक दे दी थी। इस धमकी के बाद अपराधी लगाकार रेकी कर रहे थे। इसी बीच मौका देख बेखौफ अपराधियों ने बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया। इंद्रदेव राय गांव के बाहर अपने घर पर सोया था। तभी देर रात बदमाश पहुंचे और झोपड़ी से बाहर निकाल कर गला दबाकर और त्रिशूल से मारकर कर उसकी हत्या कर फरार हो गए। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह तब लगी जब परिजनों उसे उठाने गए तो झोपड़ी के बाहर उसका शव पड़ा हुआ था। घटना के सूचना पर बखरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव के बगल से हत्या मे उपयोग किए गए त्रिशुल को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी टुनटुन सदा को गिरफ्तार कर लिया है। वही पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया है।

## एक नजर

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंसूरचक थाना में मंगलवार को मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ सुभाष कुमार ने की जबकि संचालन एसआइ कविता कुमारी ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व ताजिया समिति के सदस्य उपस्थित थे।इस दौरान मुहर्रम शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने सभी अखाड़ा के लोगों से सरकारी गाइडलाइन के अनुसार मुहर्रम मनाने की बात कही। उन्होंने अफवाहों से लोगो को बचने की बात कही। एसआइ कविता कुमारी ने कहा कि त्योहार के दौरान शांति भंग करनेवालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मौके अंचलाधिकारी सुजीत कुमार सुधन, रामप्रवेश तिवारी, मुखिया संध के अध्यक्ष इजहार अंसारी, समाजिक कार्यकर्ता आलोक मिश्रा, सत्यनारायण महतो, सुनील कुमार, मो. सलामत, पूर्व मुखिया प्रमोद महतो, धर्मवीर सिंह कुंदन, पवन पोद्दार, भोला शर्मा, रंजीत महतो, ललित कुमार, क्रांति कुमारी, सोनी देवी, राजेश कुमार सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### शिक्षा सेवक, शिक्षा स्वयंसेवकों की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत महादलित, अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजन से कार्यरत तालीमी मरकज शिक्षा सेवक, शिक्षा स्वयंसेवक की बैठक बीआरसी मे हुई। इसकी अध्यक्षता केआर पी दयामणि कुमारी ने की। उन्होंने ग्रीष्मावकाश में संचालित कमाल का समर कैंप का शिक्षा सेवकों द्वारा संपादित कार्य की समीक्षा की। इस कार्य को विभाग ने इसकी सराहना की। ग्रीष्मावकाश के बाद झुग्गी, झोपड़ी, घर- घर जाकर अनामांकितबच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु निकट के स्कूल में नामांकन कराने और ड्रप आउट स्कूल बच्चों को विद्यालय पहुंचाने के लिए अभिभावक संपर्क करने का कहा गया है। मौके पर सुजीत कुमार रजक, जमील अहमद मो अबुल कलाम, मो सुभान , मो खालिद, मो आफताब आलम, राजकुमार, दुखमोचन सदा, शंकर रजक, मुसर्रत खातुन, रेणु कुमारी, नाथूराम चौधरी, राम उदय चौधरी आदि मौजूद थे।

### सेना से रिटायर अधिकारी को किया गया सम्मानित

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड के मोसादपुर में बुधवार को समारोह पूर्वक जिले के दो शहीद के परिजन एवं एक सेना से रिटायर्ड अधिकारी को सम्मानित किया गया। मोसादपुर निवासी मुरारी कुमार ने अपने बेटे और भांजे के मुंडन कार्यक्रम में मिले नेग की राशि से शहीद के परिजनों को सम्मानित किया। यह एक नई पहल है। अपने बेटे और भांजे के मुंडन पर शहीदों के परिवार को अंग वस्त्र से सम्मानित किया एवं आशीर्वाद के तौर पर मिली राशि इन परिवार के बीच सौंप दिया। सम्मानित होने वालों में शहीद ऋषि कुमार के पिताजी राजीव रंजन सिंह, अमरपुर पंचायत के शहीद सुजीत कुमार के पिताजी झपस राय एवं मोख्तियारपुर निवासी भारतीय सेना के रिटायर्ड अधिकारी उदय शंकर सिंह को अवकाश प्राप्त शिक्षक अरविंद सिंह ने सम्मानित किया। समारोह का संचालन लोक गायकसच्चिदानंद पाठक ने किया। आयोजक नरेंद्र सिंह के सुपुत्र मुरारी कुमार ने बताया कि शहीद के परिजनों को सम्मानित कर हमें आत्म गौरव महसूस हो रहा है। मौके पर सरपंच विजय कुमार, बबलू सिंह, राजा राजवर्धन, प्रकाश कुमार, शशि सिंह सबौरा आदि मौजूद थे।

### पंचायत भवन एवं पुस्तकालय पर कब्जा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** करोड़ों रूपये की लागत से बने पंचायत सरकार भवन विष्णुपुर में केला गोदाम बनाकर अवैध कब्जा के खिलाफ ग्रामीणों में गुस्सा है। विष्णुपुर पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन और सार्वजनिक पुस्तकालय में जारी अतिक्रमण को लेकर पदाधिकारी से मिलकर रामाकांत महतो, जन सुराज के अमित कुमार सहित अन्य लोगों ने लिखित आवेदन देकर अंचल अधिकारी सूरज कुमार बीडीओ चिरंजीव पांडे को बताया है कि प्रखंड के विष्णुपुर पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में व्यवसायी द्वारा केला का गोदाम बनाकर सरकारी भवन पर अवैध कब्जा किये हुआ है। वहीं स्थानीय मुखिया पुत्र के द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय में सीमेंट का गोदाम बनाया गया है। पदाधिकारी से दोनों सार्वजनिक भवन में अवैध कब्जा को हटाने की मांग की है। सीओ सूरज कुमार ने इस संदर्भ में बताया कि विष्णुपुर के बटोरन मियां के द्वारा पंचायत सरकार भवन के एक रूम में केला का गोदाम बना देखा है। पुस्तकालय से सीमेंट हटाने के लिए मुखिया को कहा गया है। बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने जल्द पुस्तकालय कमिटी गठित कराने की बात किया है।जांच के उपरांत कार्रवाई की बात कही है।

### इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल को लेकर कैंप

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में 11 जुलाई को दिव्यागजनों को एक जगह से दूसरे जगह आने जाने में सहायता को लेकर ग्यारह बजे कैम्प लगाया जाएगा। इस कैम्प को लेकर वीरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर ने बताया है कि जिला पदाधिकारी बेगुसराय के द्वारा दिव्यागजनों के मूलभूत आवश्यकता आवागमन हेतु एक विशेष श्रेणी छात्र छात्राओं तथा रोजगारपरक व्यक्ति जिसे पढ़ाई और रोजगार करने के लिए के लिए एक जगह से दूसरे जगह पर आने जाने में हस्त चालित ट्राई सायकिल से हो रहे परेशानी को देखते हुए दिव्यागजनों को बैट्री चलित ट्राई सायकिल देने के निर्देश के आलोक में कैम्प लगाया जाएगा। इसका लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र दो लाख रुपए तक, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र न्यूनतम 60 प्रतिशत, रोजगार या शिक्षा संबंधी प्रमाण पत्र, फोटो, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी का रहना जरूरी होगा। जिसकी सूचना प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, और मुखिया को पत्र के माध्यम से दे दी गई है।

### अधेड़ महिला गुमशुदा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के सदर पंचायत नावकोठी से एक अधेर महिला गुमशुदा हो गयी है। महिला अशर्फी यादव की पचपन वर्षीय पत्नी आशा देवी हैं। वह मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। 28 जून को घर के किसी सदस्य को बिना कुछ बताएं घर से निकल गयी। पुत्र नीरज कुमार ने बताया कि उसके तलाशी के लिए सभी नाते रिश्तेदारी सगे संबंधियों के यहां काफी खोजबीन किया गया लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चला है। पुत्र ने थाना में लिखित आवेदन देकर अपने माता को ढूंढने की पुलिस से गुहार लगाई है। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने पीड़ित परिवार को जल्दी ढूंढ निकालने का आश्वासन दिया है।

### बिहार पेंशनर समाज ने मनाया स्थापना दिवस

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन में पेंशनर समाज के द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पेंशनर समाज के जिला सचिव बैजनाथ शर्मा ने किया। मौके पर उन्होंने कहा मखदुमपुर प्रखंड में पेंशनर समाज की स्थापना 3 जुलाई 1994 को हुई थी। तब से पेंशनर समाज के द्वारा एकजुट होकर हर वर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस संगठन के द्वारा पेंशनरों को हो रही समस्या का निदान किया जाता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, सचिव डॉ राजेंद्र प्रसाद, रामप्रवेश शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, कमलेश्वर शर्मा, अवधेश शर्मा, उमाकांत शर्मा, निर्भय शर्मा, बृजमोहन शर्मा, नरेंद्र कुमार, ईश्वर दयाल पंडित समेत दर्जनों पेंशनर मौजूद थे।

# वीरपुर में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के टांडी पुल से हल्का पहले भगवानपुर थाना क्षेत्र के जोकिया गांव वार्ड संख्या 7 निवासी रामनिवास सिंह उर्फ कारी सिंह के 29 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार को शराब के नशे में वीरपुर पुल चौक पर गाली गलौज हो हंगामा करने के साथ ही हथियार के साथ वीरपुर पुलिस ने गुरुवार के अहले सुबह में गिरफ्तार कर लिया। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि यह एक बार चकमा देकर भागने में सफल रहा लेकिन दूसरे बार में इसे स्थानीय ग्रामीण और साथ के सहयोगी पुलिस बल के सहयोग से वीरपुर पश्चिम वार्ड संख्या 5 टांडी पुल से पहले एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ कर मामला दर्ज करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायलय भेज दिया गया।

# बिहार सरकार ने मिथिला का बढ़ाया मान

## मोक्षदायिनी सिमरियाधाम भव्य पर्यटन स्थल के रूप में विकास की ओर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** स्वामी चिदात्मन वेद विज्ञान अनुसंधान संस्थान सिमारियाधाम के प्रवक्ता सह उप सचिव प्रो पी के झा प्रेम ने मिडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा पिछले दिनों मिथिला के दो अति महत्वपूर्ण स्थानों पर दो बड़ी घोषणाएं से मिथिला और मिथिलावासियों का मान बढ़ा है। मिथिला ही नहीं देश और विदेशों में रहने वाले करोड़ों सनातनी हिदूओं के आस्था का केन्द्र मोक्षदायिनी सिमरिया गंगा तट पर भव्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए लगभग चालीस एकड़ भूमि हस्तांतरित किया है। जिससे अब वहां विश्व स्तरीय पर्यटन केन्द्र बनाने की शुरुआत होगी तथा हजारों परिवार को रोजगार का अवसर भी प्राप्त होगा। सम्पूर्ण भारत में सिमरियाधाम का एक विशिष्ट स्थान बनेगा। प्रो प्रेम ने दूसरे महत्वपूर्ण सरकारी घोषणा के बारे में विस्तार से जानकारी दी कि बिहार सरकार अपने पिछले कैबिनेट बैठक में जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम के सम्पूर्ण विकास के लिए आठ सौ बेरासी करोड़ रुपए का आवंटन किया है।अब वहां पुराने मंदिर का भी भव्य विकास होगा तथा नये नये निर्माण कार्य और सौन्दर्यीकरण का कार्य भी किए जाएंगे। जिससे हजारों परिवारों को स्व-रोजगार मिल सकता है।साथ ही साथ श्री राम नगरी अयोध्या से जानकी नगरी पुनौराधाम तक का विकास संभव हो सकेगा।इस अवसर पर गंगा तट पर मिथिला सेवी विनय कुमार झा, मैथिली फिल्म निर्देशक सुमित सुमन, युवा मैथिली गायक अभिषेक झा आदि उपस्थित थे।

# विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण का माले ने किया विरोध

## पिछले दरवाजे से एनआरसी लागू कर रहा चुनाव आयोग : माले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भाकपा-माले द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी मताधिकार बचाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत बुधवार को बेगूसराय सदर प्रखंड के कुशमहोत पंचायत में बैठक की गई। जिसमें प्रमुख वक्ताओं में माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, खेग्रामस जिला सचिव चंद्रदेव वर्मा और पार्टी नेता माटो पासवान ने संबोधित किया। माले नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की नीतीश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया वापस लेने की मांग किया कहा कि ये सरकार लोकतंत्र को खत्म करने और संविधान को कमजोर करने की साजिश में लगी हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग



के जरिए बिहार में पीछे के दरवाजे से एनआरसी लागू करने की कोशिश की जा रही है। मतदाता सूची को अपडेट करने के नाम पर नागरिकता से जुड़े दस्तावेजों की मांग करके गरीबों, मजदूरों, खेतिहर किसानों, दलितों और प्रवासी मजदूरों को मताधिकार से वंचित करने की चाल चली जा रही है। कहा कि जुलाई महीना कृषि कार्यों का समय होता है और करोड़ों की संख्या में बिहार के मजदूर इस समय राज्य से बाहर होते हैं। ऐसे में इस प्रक्रिया से लाखों नाम मतदाता सूची से हट सकते हैं। यह सीधे-सीधे लोकतंत्र पर हमला और संविधान प्रदत्त सार्वभौमिक मताधिकार का अपहरण है। जैसे मोदी सरकार की नोटबंदी गरीबों की कमर तोड़ने वाली थी, वैसे ही यह 'वोटबंदी लोकतंत्र की रीढ़ तोड़ने वाली साजिश है। उन्होंने एलान किया कि भाकपा-माले और खेग्रामस पूरे बिहार में गांव-गांव जाकर इस तानाशाही साजिश के खिलाफ लोगों को जागरूक करेगी और इसे हर हाल में रोकेगी। बैठक में चार श्रम कोड और वोट बंदी के खिलाफ 9 जुलाई की आम हड़ताल और 26-27 जुलाई को बलिया में आयोजित जिला सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक में उपेंद्र साह, अमित साह, किशुनदेव मोची, रामबदन सदा, उमेश साह,सहदेव शर्मा, मिथिलेश पासवान, साजन पासवान सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरूष, मजदूरों और ग्रामीणों की भागीदारी थी।

# विवाहिता की हत्या का मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाने के हसनपुर बागर पंचायत के चकमुजफ्फर निवासी विवाहिता की हत्या का मायके पक्ष के लोगो ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतका पूनम देवी की मां खगड़िया जिले के महेशखूंट थाने के बल्लभजान की सुनैना देवी ने ससुराल वाले द्वारा पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाकर दामाद विकास कुमार सहित अन्य छह को नामजद किया है। उसने दिये आवेदन में कहा है कि अपनी पुत्री पूनम की शादी चकमुजफ्फर के रणवीर सिंह के पुत्र विकास कुमार से 2018 में हिंदू रीति रिवाज से कराई थी। इसे 6 वर्ष का राहुल कुमार तथा 4 वर्ष का अरब कुमार दो पुत्र भी हुए। 4 वर्ष तक दांपत्य जीवन ठीक ठाक चला। कुछ दिन पूर्व गाँव में ही मनीषा कुमारी से इसकी आंखें चार हो गई। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग फलने फूलने लगा। इसकी जानकारी जब पूनम को हुई तो इसका विरोध करने लगी। जो विकास तथा स्वजनों को नागवार लगने लगा। सभी नामजद इसे प्रताड़ित करना शुरूकर दिया। कहने लगे कि इस घर में रहना है तो पिता से दो लाख रुपए मांग कर लाओ। विरोध अधिक होने पर पूनम के ससुराल वाले ने इसकी रविवार को हत्या कर दी। इसकी मौत की खबर सुनकर चकमुजफ्फर आने पर पूनम को मृतावस्था में चारपाई पर देखी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरूकर दी है।

# भारतीय सूचना सेवा में प्रशांत का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** तेघरा प्रखण्ड के फुलवड़िया निवासी प्रशान्त कुमार का चयन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में भारतीय सूचना सेवा समूह ''बी'' में होने से क्षेत्रवासियों नें हर्ष जाहिर किया। ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर प्रशान्त को बधाई दी। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता विजय मेहता ने कहा कि प्रशान्त शुरू से ही अपनी शिक्षा और संसाधन का इस्तेमाल समाज को उत्ष्ट बनाने के लिए करते रहे हैं। आर के सी हाई स्कूल से शिक्षा ग्रह्वा किया और उच्च शिक्षा के लिए बनारस हिंदू विश्वविद्यालय गए जहां उन्होंने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से स्नातकोत्तर की



उपाधि ली। विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सदैव सक्रिय भुमिका निभाते हुए इतनी बड़ी सफलता वाकई लाजबाब है। अमूमन देखा जाता है कि अधिकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में आते हैं। लेकिन प्रशान्त ने बिल्कुल धारा बदल दिया। जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए पढ़ाई किया और सफलता हासिल की। प्रशान्त बताते हैं कि उनकी सफलता में उनके माता-पिता और उनके मित्रों का बहुत योगदान है। आज जो कुछ भी हूं, विजय मेहता (विजय भैया), अनुनय भैया, अभिषेक, अनिकेत, केशव गाँधी, राहुल जैसे मित्रों के सहयोग से ही हूं। बताते चले कि कॉलेज के दिनों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर प्रशान्त राजनीति में सक्रिय हुए और बेरोजगारी, निजीकरण, रोजगार सहित सभी समसामयिक मुद्दो पर मुखर होकर बोलते हुए उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में ही खुद को दलगत राजनीति से अलग कर लिया था।

# हत्या के आरोपित को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के खुदौरी गांव में 2 वर्ष पूर्व हुए संतोष कुमार उर्फ संतोष शर्मा हत्याकांड मामले में दोषी करार सुधीर शर्मा उर्फ सुधीर कुमार एव रविंद्र सिंह की सजा के बिंदु पर बुधवार को खचाखच भरे न्यायालय कक्ष में सुनवाई करने के उपरांत एडीजे आठ कुमार कौशल किशोर के न्यायालय ने दोनों आरोपियों को भादबि की धारा 302 एवं 120 (उ) में सश्रम आजीवन कारावास एवं 20- 20 हजार रुपया अर्थ दंड भुगतान करने का फैसला सुनाया अर्थ दंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर एक-एक साल का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। इतना ही नहीं न्यायालय में दोनों आरोपी को शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत 3 -3 साल का सश्रम कारावास एवं पांच 5000 अर्थ दंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। अर्थ दंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर 6 महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। उपरोक्त आश्य की जानकारी अपर लोक अभियोजक अमरनाथ कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में हुलासगंज थाना क्षेत्र के खुदौरी गांव निवासी सुनील शर्मा के पुत्र राजू कुमार ने सुधीर शर्मा उर्फ सुधीर कुमार रविंद्र सिंह समेत अन्य लोगों को नामजद कर हुलासगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी में सूचक ने आरोप लगाया था की 15 जुलाई 2023 को रात्रि 10:00 बजे सूचक के चाचा संतोष शर्मा को उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल करके अभियुक्तों द्वारा फरही फैक्ट्री विवाद को सुलझाने के लिए बुलाकर अन्य अभियुक्त के साथ साजिश रचकर बेनीपुर इमादपुर के बीच पक्की सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अभियोजन की ओर से सूचक चिकित्सक एवं अनुसंधानकर्ता समेत 9 गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए थे।

# दानापुर में दुर्घटना में महिला जख्मी

**दानापुर (नबिटा संवाददाता)।** थाने के आरपीएस मोड के समीप इलाज कराने जा रही एक महिला को बेलगाम क्रेन ने धक्का मारा दिया. जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। यातायात पुलिस ने जख्मी महिला को इलाज के लिए सगुना मोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। यातायात थानाध्यक्ष सुमन प्रसाद ने बताया कि जख्मी महिला बिहटा निवासी राजमणी देवी के रूप में पहचान किया गया है। उन्होंने बताया कि गुरूवार को दानापुर एक चिकित्सक के पास इलाज कराने जा रहीं थी। आरपीएस मोड़ के पास एक क्रेन की चपेट में आ गई और उसका दाहिना पैर बुरी तरह कुचला गया।

# काको बाजार में फोर लेन सड़क की मापी से लोगों में बढ़ी बेचैनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

### घर व दुकान बचाने की चिंता



**जहानाबाद।** अरवल-बिहारशरीफ फोरलेन सड़क परियोजना को लेकर सरकार ने डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में गुरुवार को काको बाजार में सड़क की नपाई की गई। लेकिन इस नपाई ने विकास की राह पर सवाल नहीं, बल्कि घर-दुकान बचाने की चिंता को हवा दे दी है। काको बाजार, जो पहले ही अपनी संकरी सड़कों और बढ़ते ट्रैफिक से जूझ रहा है, आज यहां के लोग खासकर दुकानदार पूरे दिन एक अलग ही तनाव में दिखे। सड़क की नपाई के लिए जब अधिकारी और सर्वे टीम का दल बाजार पहुंचा, तो बाजारवासियों की धड़कने बढ़ गई। बाजार के दुकानदारों से लेकर घरों के सामने बैठे बुजुर्गो तक, सबके मन में एक ही सवाल था: क्या अब हमारा घर बचेगा। दुकानदार संजय प्रसाद कहते हैं, कि ये दुकान मेरे पिताजी ने 1980 में खोली थी। इसी दुकान से घर चलता है। अब अगर ये फोरलेन सड़क इसी रूट से बनती है, तो सब खत्म हो जाएगा।

वहीं सड़क चौड़ी होने की खबर सुनते ही सब्जी विक्रेता रंजू देवी की आंखें भर आईं। बोलीं, हम तो कर्ज लेकर यह छप्पर डलवाए थे, अब सुन रहे हैं कि सब हटेगा। कहां जायेंगे हम इस बात को सोचकर ही दिल बैठा जा रहा है।

**बाइपास की संभावना बनी उम्मीद की किरण**

हालांकि कुछ स्थानीय लोगों में एक दूसरी उम्मीद भी पल रही है। चर्चा है कि काको बाजार से कुछ ही दूरी पर एक बाइपास की भी योजना बन रही है। अगर बाइपास बनता है, तो बाजार को तोड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस बात ने लोगों को थोड़ी राहत दी है। मलिक टोला के रहने वाले मो. तारिक कहते हैं, अगर सरकार बाइपास बनाए, तो दोनों फायदे होंगे। ट्रैफिक भी नहीं फंसेगा और घर-दुकान भी बचेंगे। कई लोग तो अभी से बाइपास के संभावित रूट पर ज़मीन खरीदने की बात कर रहे हैं। हालाकि अब तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि सड़क का अंतिम रूट क्या होगा। बाजार के बीच से या बाइपास से। लेकिन जब तक यह स्पष्ट नहीं हो जाता, तब तक काको बाजार में बेचैनी बनी रहेगी।

**सड़क चौड़ीकरण से जाम से मुक्ति संभव**

यह भी सच है कि वर्तमान में काको बाजार जाम की गंभीर समस्या से जूझता है। शादी-ब्याह या स्कूल-कॉलेज के समय पर यहां से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। अगर फोरलेन सड़क बनती है, तो यह समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। अब सबकी निगाहें डीपीआर की फाइनल रिपोर्ट और सरकार की मंशा पर टिकी हैं। सवाल ये नहीं कि सड़क चाहिए या नहीं, सवाल है कि किस कीमत पर। क्या विकास के नाम पर एक पीढ़ी की बसी-बसाई दुनिया उजड़ेगी या सरकार ऐसा रास्ता निकालेगी, जिसमें बाजार वासियों का दिल न टूटे।

# मनरेगा पीआरएस की जांच में दोष सिद्ध, कई पर अनुशासनात्मक कारवाई

## 35 लाभुकों को आवास योजना का मिला था दोहरा लाभ, वसूली का निर्देश जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अनियमितताओं के आरोप में पूर्वी चंपारण जिले के कई पदाधिकारियों और कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई एघ्क्क्टइख्रट्ट के माध्यम से प्राप्त तीन परिवादों की जांच के बाद की गई।

परिवादी कुन्दन कुमार, विवेक कुमार ठाकुर और सत्यजीत कुमार द्वारा कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत दरमाहां व परसौनी वाजिद पंचायतों में दोहरी लाभ की शिकायत की गई थी। जांच की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) व वरिष्ठ लेखा पदाधिकारी को संयुक्त रूप से सौंपी गई थी। मामले की पुष्टि के लिए सुगौली के प्रखंड विकास पदाधिकारी से सत्यापन कराया गया, जिसमें यह सामने आया कि 2021-22 में 35 लाभुकों को आवास योजना का दोहरा लाभ दिया गया था।

जांच में दोषी पाए गए कर्मियों पर निम्नलिखित कार्रवाई की गई–

सरोज कुमार बैठा, तत्कालीन बीडीओ, सुगौली पर आरोप पत्र प्रपत्र 'क' गठित करने की अनुशंसा की गई है।

अर्जुन प्रसाद यादव, तत्कालीन ग्रामीण आवास सहायक (भटहाँ पंचायत) का अनुबंध रद्द किया गया है।

उमेश्वर नाथ तिवारी, तत्कालीन ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक (सुगौली), वर्तमान पोस्टिंग पहाड़पुर– पर 20% मानदेय की कटौती तीन वर्षों तक लागू की गई है। अनिल कुमार, तत्कालीन लेखा सहायक (सुगौली), वर्तमान पदस्थापन हरसिद्धि– पर 10% मानदेय की कटौती तीन वर्षों के लिए की गई है। रवि रंजन राम, तत्कालीन कार्यपालक सहायक (सुगौली), वर्तमान पदस्थापन आदापुर– जो कि उटक्ड के अंतर्गत नहीं आते हैं, उन पर भी 10% मानदेय की कटौती तीन वर्षों तक का दंड लगाया गया है। इसके साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुगौली को निर्देश दिया गया है कि वे दोहरी लाभ प्राप्त करने वाले 35 लाभुकों से एक माह के भीतर राशि की वसूली सुनिश्चित करें। यदि वसूली नहीं होती है, तो निलाम पत्र वाद दायर करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति की गई प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# मोतिहारी नगर निगम ने पीएम आवास योजना के तहत 2000 लाभुकों को जारी की पहली किश्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोतिहारी नगर निगम द्वारा पात्र लाभुकों को आवास निर्माण हेतु प्रथम किश्त की राशि जारी कर दी गई है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी ने लाभुकों को स्वीकृति पत्र सौंपे और योजना के उद्देश्य को साझा किया। महापौर ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीबों को स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ आवास उपलब्ध कराना है। नगर निगम द्वारा अब तक 2400 लाभुकों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से करीब 2000 लाभार्थियों के बैंक खातों में 1 लाख की पहली किश्त सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि शेष लाभुकों को भी जल्द ही पहली किश्त की राशि प्रदान की जाएगी। नगर निगम द्वारा अभी भी आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। ऐसे इच्छुक लाभुक, जिन्होंने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे जल्द से जल्द अपना आवेदन पत्र निगम कार्यालय में जमा कर सकते हैं। महापौर प्रीति कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष सभी पात्र लाभुकों को जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम पूरी पारदर्शिता और गति के साथ इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में जुटा है। कार्यक्रम में नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव, उप नगर आयुक्त गुरु शरण, नगर पार्षदगण एवं निगम के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# दो दर्जन से अधिक स्कूली बच्चों के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय वलीपुर में उस समय अफरा तफरी मच गई जब अचानक एक दर्जन से अधिक महिलाएं डंडे लेकर कक्षाओं में घुस कर छोटे छोटे बच्चों पर बर्बरतापूर्ण तरीके से मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना आज गुरूवार के तीन बजे के आसपास की बताई गई है। मारपीट में एक नन्ही छात्रा का हाथ भी टूट गया है। अफरा तफरी के माहौल में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपने-अपने कक्षा के छात्रों के साथ दरवाजा बंद कर लिया। घटना की जानकारी हुलासगंज पुलिस को तत्काल दी गई। लेकिन पुलिस के पंहुचने के पूर्व सभी महिलाएं भाग गयी थी। सुल्तानपुर गांव के ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी हुई तो लोगों ने तुरंत हमलावर महिलाओं पर कार्रवाई करने की मांग की। घटना के कारणों के संबंध में शिक्षकों ने अनभिज्ञता जताई है। जबकि छात्रों ने बताया कि मध्यान भोजन की अवधि में कुछ बच्चे एवं बच्चियां अलग अलग खेल रहे थे । खेलने के दौरान एक छात्र एवं छात्रा के बीच आपस में नोक झोंक हो गई। बताया जाता है कि छात्रा जो बगल के गांव दुर्गापुर की रहने वाली थी दौड़कर अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। उसके बाद दर्जनों महिलाएं डंडे लेकर स्कूल में पंहुच छोटे- छोटे बच्चों को ताबड तोड़ मारना शुरू कर दिया। मारपीट की घटना में सभी घायल छात्र वलीपुर के बताए गये हैं। पुलिस द्वारा घायल छात्र-छात्राओं को हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सुल्तानपुर के ग्रामीणों ने तुरंत दुर्गापुर के छात्रों को यहां से स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल के दिनों में इस तरह की घटना तीसरी बार घटित हुई है।

# गृह रक्षक बहाली प्रक्रिया में 287 अभ्यर्थी दैनिक रूप से सफल घोषित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला में चल रहे गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु गुरुवार को शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा हेतु कुल 1399 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 973 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के पहले चरण में आयोजित 1600 मीटर दौड़ में 394 अभ्यर्थी सफल हुए। सफल अभ्यर्थियों की ऊँचाई एवं सीना माप की गई, जिसमें से 67 अभ्यर्थी निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं कर सके और असफल घोषित किए गए।इसके उपरांत 327 अभ्यर्थियों ने ऊँची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक में भाग लिया। शारीरिक परीक्षण के उपरांत 40 अभ्यर्थी चिकित्सकीय परीक्षण में असफल पाए गए, जबकि 287 अभ्यर्थियों को चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किया गया एवं वे दैनिक रूप से सफल घोषित किए गए वहीं गुरुवार को अपीलीय कोषांग में चार अपीलें दायर की गईं, जिन्हें यथाशीघ्र निष्पादित कर लिया गया। चिकित्सकीय जांच में असफल पाए गए 40 अभ्यर्थियों में से 16 ने पुनः परीक्षण हेतु अपीलीय कोषांग में आवेदन किया है।

# गृहरक्षक भर्ती प्रक्रिया में 297 महिला अभ्यर्थी सफल घोषित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** जिला गृहरक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत मंगलवार को आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में कुल 297 महिला अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। यह प्रक्रिया विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत आयोजित की गई थी। प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, कुल 600 महिला अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था, जिनमें से 421 अभ्यर्थियों ने शारीरिक परीक्षा में भाग लिया। प्रारंभिक चरण में आयोजित 800 मीटर दौड़ में 408 महिलाएं सफल रहीं। इसके बाद इन सफल अभ्यर्थियों की ऊंचाई की माप ली गई, जिसमें 73 अभ्यर्थी निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं कर सकीं और असफल घोषित कर दी गईं।

दौड़ और ऊंचाई परीक्षण के बाद 335 महिला अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इनमें से 38 महिला अभ्यर्थी चिकित्सीय जांच में अनफिट पाई गईं, जबकि 297 अभ्यर्थी मेडिकल परीक्षण में फिट पाई गईं और दैनिक रूप से सफल घोषित की गईं। प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पारदर्शी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित विभागों के सहयोग की सराहना की और बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया की जानकारी शीघ्र ही दी जाएगी।

# तीन साल तक अनचाहे गर्भ से बचाएगा सब-डरमल इम्प्लांट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** परिवार नियोजन को लेकर पूर्वी चंपारण जिले में स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल की शुरुआत की है। महिलाओं के लिए दीर्घकालिक और प्रभावी गर्भनिरोधक साधन सब-डरमल इम्प्लांट को जल्द ही जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसको लेकर महिला चिकित्सक डॉ. सुरुचि स्मृति और सहयोगी संस्था घ्ट्क्र इंडिया के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण पटना में कराया जा रहा है। इसके उपरांत जिले के अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। डीसीएम नंदन झा ने बताया कि सब-डरमल इम्प्लांट एक सुरक्षित, सुविधाजनक और प्रतिवर्ती गर्भनिरोधक विकल्प है, जो उन महिलाओं के लिए बेहद उपयोगी है जो लंबे समय तक गर्भनिरोधक साधन की तलाश में हैं। यह एक छोटी, लचीली छड़ होती है जिसे महिलाओं की बांह की त्वचा के नीचे प्रत्यारोपित किया जाता है और यह लगातार तीन वर्षों तक गर्भावस्था को रोकने में सक्षम होता है। इस इम्प्लांट से निकलने वाला हार्मोन ओव्यूलेशन को रोकता है और गर्भाशय ग्रीवा के बलगम को गाढ़ा कर देता है, जिससे शुक्राणु गर्भाशय तक नहीं पहुंच पाते। जरूरत पड़ने पर इसे आसानी से निकाला भी जा सकता है और महिलाएं पुनः गर्भधारण करने में सक्षम हो जाती हैं। यह बार-बार गर्भनिरोधक लेने की आवश्यकता को समाप्त करता है। डॉ. सुरुचि स्मृति ने बताया कि इसे मासिक धर्म चक्र के पहले 5 दिनों के भीतर, प्रसव के 4 सप्ताह के अंदर या गर्भपात के बाद लगवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं देखे गए हैं, हालांकि कुछ महिलाओं को अनियमित रक्तस्राव, सिरदर्द, मुंहासे या मनोदशा में हल्के बदलाव की शिकायत हो सकती है। गौरतलब है कि सब-डरमल इम्प्लांट को शुरुआत में पटना और भागलपुर जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू किया गया था। यह माचिस की तिली जैसी दिखने वाली अस्थायी गर्भनिरोधक छड़ है, जो अब मोतिहारी सहित अन्य जिलों में भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# जहानाबाद में गृहरक्षक भर्ती के अंतर्गत 15 जुलाई को होगी पुन: चिकित्सीय जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं, बिहार, पटना द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत जहानाबाद जिले में 317 गृहरक्षकों के पदों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस कड़ी में शारीरिक दक्षता परीक्षा 19 जून से 12 जुलाई तक पुलिस केन्द्र मैदान, जहानाबाद में आयोजित की जा रही है। इस दौरान कुछ अभ्यर्थियों द्वारा पुनः चिकित्सीय जांच की मांग की गई थी, जिसे जिला प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए 15 जुलाई को सुबह 6 बजे से कार्य समाप्ति तक दोबारा मेडिकल जांच का आयोजन करने का निर्णय लिया है। यह जांच भी पुलिस केन्द्र मैदान में ही की जाएगी। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद को तीन सदस्यीय नए मेडिकल बोर्डों का गठन करने का निर्देश दिया गया है, जो सभी संबंधित अभ्यर्थियों की चिकित्सीय जांच सुनिश्चित करेंगे। स्पष्ट किया गया है कि पूर्व से प्रतिनियुक्त चिकित्सकों को नए मेडिकल बोर्ड में शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे जांच प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। यह निर्णय गृहरक्षक चयन प्रक्रिया को स्वच्छ, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मुहर्रम को लेकर पीपराकोठी थाने में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पीपराकोठी (पूर्वी चंपारण)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर गुरुवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विचार रखे। थानाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम के अवसर पर धारदार हथियारों का प्रदर्शन और डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ताजिया जुलूस पूर्व निर्धारित रूट से ही निकलेगा। आयोजकों को रूट चार्ट और जुलूस में शामिल होने वाले सदस्यों के नाम की सूची थाना में अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। जुलूस के दौरान भड़काऊ भाषण और अशोभनीय गानों पर भी पूर्णतः रोक रहेगी। थानाध्यक्ष ने जुलूस की वीडियोग्राफी कराने की भी अपील की और बताया कि सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। शांति भंग करने वालों पर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रमुख रजनीश कुमार, मुखिया उपेन्द्र पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष उपेन्द्र चौधरी, पैक्स अध्यक्ष राजेश प्रसाद कुशवाहा, एसआई परमानन्द मंडल, हेमंत कुमार, पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय, पंसस रीतज कुमार, पूर्व मुखिया दिवाकर पांडेय, उप सरपंच रामेश्वर राय, शेख एकराम, गुंजन जयसवाल, राजू सिंह, रूदल पांडेय, शेख अलीमुद्दीन, शेख लालबाबू, अवधेश प्रसाद, अरविंद सिंह, कामेश्वर चौरसिया, रंजन गुप्ता, गुड्डू कुमार, मो. मुस्तकीम, मुसलम, मो. मैनुल्लाह, शेख नेकमहमद, शेख मुस्तफा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण की प्रारूप सूची प्रकाशित, 6 जुलाई तक आम मतदाता व राजनीतिक दल दे सकते हैं सुझाव

## निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पूरी हुई प्रक्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण की प्रक्रिया जहानाबाद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों - 216-जहानाबाद, 217-घोसी एवं 218-मखदुमपुर (अ.जा.) - में पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने 30 जून 2025 को युक्तिकरण के उपरांत मतदान केन्द्रों की प्रारूप सूची का प्रकाशन किया है। यह सूची आम मतदाताओं और राजनीतिक दलों के लिए अवलोकन हेतु उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे इस पर आपत्ति अथवा सुझाव दर्ज करा सकें। आपत्तियां और सुझाव 6 जुलाई 2025 तक कार्यालय अवधि में जिला निर्वाचन कार्यालय, जहानाबाद में लिखित रूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों अथवा सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्राप्त सभी सुझावों और आपत्तियों की नियमपूर्वक जांच-पड़ताल के बाद आवश्यक संशोधन किए जाएंगे और फिर सूची को अंतिम अनुमोदन के लिए निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। यह प्रक्रिया चुनावी पारदर्शिता एवं सुचारू निर्वाचन प्रबंधन की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# कॉनकॉर ने शुरू की कंटेनरों के जरिये बल्क सीमेंट परिवहन की सुविधा

## रेल आधारित लॉजिस्टिक्स में नवाचार, उद्योग को मिलेगा पर्यावरण अनुकूल विकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नवाचार की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए कॉनकॉर (एगएग्ट) ने पहली बार बल्क सीमेंट को विशेष टैंक कंटेनरों के माध्यम से परिवहन की सुविधा शुरू की है। इससे सीमेंट उद्योग को बोरी आधारित पारंपरिक परिवहन से मुक्ति मिलेगी और एक सुरक्षित, कुशल व हरित विकल्प उपलब्ध होगा। यह सेवा आंध्र प्रदेश के माई होम सीमेंट साइडिंग (एमएमएचएम), मल्लेचरुवु से शुरू होकर कॉनकॉर आईसीडी व्हाइटफील्ड, बेंगलुरु तक सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। यह पहल भारतीय रेल के उस सतत प्रयास का हिस्सा है, जिसके तहत देश के आर्थिक क्षेत्रों को नवाचारी और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स समाधान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन टैंक कंटेनरों को विशेष रूप से बल्क सीमेंट के परिवहन के लिए डिजाइन किया गया है, जो न केवल माल ढुलाई की लागत को घटाते हैं बल्कि समय की भी बचत करते हैं। इसके साथ ही यह प्रणाली पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे पैकेजिंग सामग्री की आवश्यकता घटेगी और उत्सर्जन में भी कमी आएगी।

कॉनकॉर ने अपने मजबूत बुनियादी ढांचे और मल्टीमॉडल क्षमताओं के बल पर यह सुविधा शुरू की है, जो उद्योगों को किफायती, तेज और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

इस पहल से न केवल सीमेंट कंपनियों की संचालन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि यह भारत सरकार के हरित और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को सुदृढ़ करने के विजन के भी अनुरूप है।

# नवोदय विद्यालय में 11वीं में 11 जुलाई तक व 6वीं में 29 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**पीपराकोठी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पीपराकोठी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं (विज्ञान संकाय) में नामांकन हेतु 45 सीटों पर प्रवेश के लिए 11 जुलाई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन नवोदय विद्यालय के कार्यालय में ऑफलाइन माध्यम से जमा किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को आयोजित की जाएगी। विद्यालय की प्राचार्य सुष्मिता सिंह ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं। यदि किसी विशेष श्रेणी के लिए पात्र उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं, तो नवोदय विद्यालय समिति के मानदंडों के अनुसार रिक्त सीटों को भरा जाएगा। जिले के सभी दसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं इस परीक्षा के लिए पात्र हैं।

# हरैया थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** मुहर्रम पर्व को लेकर हरैया थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष किशन पासवान ने की। इस दौरान स्थानीय बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से कहा कि मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुहर्रम जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और जुलूस में धारदार हथियार का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा।

उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई असामाजिक तत्व अफवाह फैलाने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तत्काल थाना को दें। पुलिस प्रशासन हर समय सहयोग को तत्पर रहेगा और जुलूस में गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पंटोका पंचायत के सरपंच धांगड़ मियां, पूर्व सरपंच भुनेश्वर तिवारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गोपाल जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नई श्रम नीति के विरोध में 9 जुलाई को धरना-प्रदर्शन करेगी ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन (निबंधन संख्या-4065) आगामी 9 जुलाई को देशभर में प्रस्तावित आम हड़ताल के समर्थन में धरना-प्रदर्शन, सांकेतिक आंदोलन एवं काली पट्टी बांधकर ड्यूटी करने जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। यह हड़ताल केंद्र सरकार की नई श्रम नीतियों के विरोध में सभी ट्रेड यूनियनों द्वारा आयोजित की जा रही है। आंदोलन की तैयारी को लेकर यूनियन द्वारा रामगढ़वा रेलवे स्टेशन के समीप जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व केन्द्रीय/जोनल संयुक्त सचिव श्री रत्नेश वर्मा ने किया। श्री वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा लागू की जा रही नई श्रम नीतियां मजदूर हितों के विरुद्ध हैं। 55/30 की सेवा समीक्षा नीति, निजीकरण, निगमीकरण और चार लेबर कोड लागू कर मजदूरों की आवाज को दबाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ठेका मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं मिल रही और नियमित कर्मचारियों पर निजीकरण का दबाव लगातार बढ़ रहा है। यूनियन ने केंद्र सरकार से श्रमिक विरोधी नीतियों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

सभा के दौरान सरकार विरोधी नारों के साथ मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर संजय कुमार, रवि रौशन कुमार, सन्नोज कुमार, रामनाथ राम, मनीष कुमार, सोनालाल कुमार, सुरेंद्र राम, रंजन कुमार, हरिओम कुमार, अंगद कुमार सिंह, शत्रुघ्न शाह, दीपक कुमार, शिवम कुमार, साजन कुमार, मो. शेराजुल अंसारी, लालबाबू पासवान, मो. अब्दुल्लाह कादरी सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे।

यूनियन ने समस्त रेलकर्मियों से 9 जुलाई के विरोध कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

### हाईवा की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे, चार घायल

**चकिया/नबिटा सं।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकिया चोरमा पथ पर गुरुवार हाईवा और कार में हुई जोरदार टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए तथा कार चालक समेत चार लोग घायल हो गए। घायल की पहचान कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के जगिरहां निवासी अवधेश यादव व बर्बखुर्द गांव निवासी महेश यादव एवं घोड़ासहन थाना क्षेत्र के बहरोहर गांव निवासी रविंद्र कुमार यादव तथा बसवरिया गांव निवासी उदय जयसवाल के रूप में बताई गई है। घायल सभी खतरे से बाहर बताया जाता है।

# हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** शहर के अंबेडकर चौक के पास गुरुवार को एक मजदूर प्रचार बोर्ड लगाने के दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मजदूर खंभे पर चढ़कर बोर्ड लगा रहा था, तभी अचानक उसका संपर्क ऊपर से गुजर रही बिजली की तार से हो गया और वह अचेत होकर पहले से लगे एक होर्डिंग में फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने जेसीबी मशीन की मदद से उसे उतारा और तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोग बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को हादसे की वजह बता रहे हैं

# गणना प्रपत्र भरवाना बीएलओ की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी

## प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने किया मनोनयन, मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से संगठन को मजबूत करने का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन की दिशा में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को नगर भवन औरंगाबाद में बीएलओ मास्टर ट्रेनरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण आगामी चुनाव प्रक्रिया का आधार है, इसलिए मास्टर ट्रेनरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत बीएलओ को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त सभी जानकारी को स्पष्ट, सरल और प्रभावी ढंग से समझाएं। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची के अद्यतन, त्रुटियों के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाता पहचान संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन आदि सभी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी कहा कि घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने की यह प्रक्रिया लोकतंत्र को मजबूत करती है और यह हर बीएलओ की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह इसे पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ संपन्न करें। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए और सभी सुधार समय-सीमा के भीतर संपन्न हो जाएं। गौरतलब है कि यह विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 जून से 25 जुलाई 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों में संचालित किया जा रहा है। इस अवधि में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार से संपर्क कर गणना प्रपत्र (इम्युरेशन फॉर्म) भरा जा रहा है, ताकि मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, तथा बीएलओ मौजूद रहे।

जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे बीएलओ के साथ सहयोग करें, उन्हें आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज़ समय पर उपलब्ध कराएं और मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने, संशोधन या विलोपन हेतु जागरूकता पूर्वक आवेदन करें, ताकि आगामी निर्वाचन में हर पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

**संजय अंबेडकर बने जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने रफीगंज शहर के वार्ड संख्या 8 निवासी संजय कुमार अंबेडकर को पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का औरंगाबाद जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन जदयू प्रदेश अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश त्यागी द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर संजय अंबेडकर ने पार्टी नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे जिलेभर में जदयू संगठन को दलित समुदाय के बीच और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगे। संजय अंबेडकर को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार वर्मा, कौशल चंद्रवंशी, ओमप्रकाश भारती उर्फ गुड्डू यादव, सुधीर गुप्ता, किशु गुप्ता सहित कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

# एक युग का अंतः नहीं रहे प्रख्यात इतिहासकार प्रो. टी. एन. सिन्हा

## शिक्षा, संस्कृति और साहित्यिक चेतना के पुरोधा को औरंगाबाद ने खोया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गुरुवार को शिक्षा, संस्कृति और इतिहास के क्षेत्र में एक युग का अंत हो गया, जब प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. टी. एन. सिन्हा का निधन हो गया। उनके निधन से न केवल शैक्षणिक जगत बल्कि संपूर्ण औरंगाबाद जिले में शोक की लहर फैल गई है। 25 जून 1936 को बिहार के बेगूसराय जिले में जन्मे प्रो. सिन्हा ने इतिहास और राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने 1970 के दशक में औरंगाबाद के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में बतौर इतिहास के प्राध्यापक अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं। अपने विद्वत्तापूर्ण योगदान और अनुशासित शिक्षण शैली के लिए वे शीघ्र ही छात्रों और सहकर्मियों के बीच लोकप्रिय हो गए। बाद में वे इतिहास विभागाध्यक्ष बने और यहीं से सेवानिवृत्त हुए। हालांकि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे साहित्यिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। उनका जीवन सादगी, अध्ययन और सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित था। प्रो. टी. एन. सिन्हा के निधन पर शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पूर्व छात्रों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी ने उन्हें एक ऐसी शख्सियत बताया, जिन्होंने पीढ़ियों को इतिहास की समझ और सामाजिक चेतना दी। उनके जाने से औरंगाबाद की बौद्धिक दुनिया में एक गहरी रिक्तता उत्पन्न हो गई है। शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कई संगठनों और शिक्षण संस्थानों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

# मोहर्रम को लेकर रफीगंज में एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च, शांति व सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश

## अपराधियों पर सीसीटीवी से रखी जाएगी पैनी नजर, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** मोहर्रम पर्व को लेकर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में सदर एसडीपीओ टू चंदन कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी ज्योति कुमारी, सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, थानाध्यक्ष शंभु कुमार, अपर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल शामिल रहे। फ्लैग मार्च रफीगंज थाना परिसर से प्रारंभ होकर बड़ी देवी स्थान, सूर्य मंदिर, संगत, मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, मुरली चौक, महाराजगंज रोड, स्टेशन रोड, टिकट काउंटर, इमादपुर व हॉस्पिटल रोड होते हुए वापस थाना पर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पूरे मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि मोहर्रम के मौके पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी के माध्यम से कड़ी निगरानी की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों व सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर राजद नेता व वार्ड पार्षद नूरुल होदा खान, जदयू के जिला बीस सूत्री कार्यक्रम के सदस्य ख्वाजा अतीक रज़ा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, फहद शाही समेत बड़ी संख्या में लोग एवं सशस्त्र पुलिस बल उपस्थित थे।




### दो दिनों में अज्ञात चोरों ने उड़ाई लाखों की संपत्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज में दो दिनों में दो दुकानों में अज्ञात चोरों ने लाखों रूपये की परिसंपत्तियां चोरा ले गए। इस घटना से दुकानदारों में दहशत है। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने घटना की जायज़ा लिया। विदित हो कि 1 जुलाई को शिवगंज बाजार में वैधनाथ साव के किराना दुकान का ताला तोड़ कर नगद 15 हजार रूपये सहित अन्य जरूरी सामग्रियां ले भागे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने घटना की जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं, जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

# पूर्व सांसद रमेश प्रसाद सिंह की 105वीं जयंती पर श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सांसद व प्रख्यात अधिवक्ता स्व. रमेश प्रसाद सिंह की 105वीं जयंती गुरुवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर के रमेश चौक स्थित स्थल पर रमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन ने की, जबकि संचालन सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने स्व. सिंह को औरंगाबाद की धरती का ऐसा सपूत बताया,




जिन्होंने आम जनता की आवाज को संसद तक पहुंचाया। 3 जुलाई 1920 को जन्मे रमेश प्रसाद सिंह न केवल राजनीति के क्षेत्र में अग्रणी थे, बल्कि विधि जगत में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। वे विधि शास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट थे और औरंगाबाद के चर्चित अधिवक्ताओं में गिने जाते थे। वक्ताओं ने कहा कि स्व. सिंह का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे जाति, धर्म और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर देश और समाज की सेवा में तत्पर रहे। उनका जीवन प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह, जिला विधिक संघ अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, अधिवक्ता अजय कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुमार सिंह, सतीश कुमार स्नेही, विशाल कुमार जैन, अरुण कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, अजीत चंद्रा, पिंटू गुप्ता, रामजी प्रसाद, श्यामबली पासवान समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं व गणमान्यजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कोईलवर में दिनदहाड़े लूटः हथियार के बल पर सोना व्यवसायी से लूटे 80 ग्राम सोना व नकदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** नेशनल हाईवे-922 पर स्थित अंडरपास के ऊपर मंगलवार की दोपहर बाइक सवार दो अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एक सोना व्यवसायी से लगभग 80 ग्राम सोना और 1500 रुपये लूट लिए। घटना भोजपुर जिले के गीधा थाना क्षेत्र की है। पीड़ित व्यवसायी संतोष सागर, जो कोईलवर स्थित सुहानी ज्वेलर्स के संचालक हैं, ने बताया कि वे दुकान बंद कर बाइक से आरा जा रहे थे। इसी दौरान अंडरपास के पास



बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका रास्ता रोककर पॉकेट में रखा सोना और नकदी लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई और लूटी गई संपत्ति की बरामदगी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की।

इस संबंध में एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों में दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना को लेकर आक्रोश और दहशत का माहौल है। पुलिस की गश्ती व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### औरंगाबाद में दो विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.)

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) की जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक औरंगाबाद के एक निजी होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शशि भूषण शर्मा ने किया। इसमें पार्टी के जिला, प्रखंड अध्यक्षों समेत समिति के तमाम सदस्य मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनावी रणनीति तय करना था। वक्ताओं ने एकमत से कहा कि पार्टी एनडीए गठबंधन के तहत औरंगाबाद जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव प्रचार कर एनडीए प्रत्याशियों को जिताने का कार्य करेगी।

# रेलवे की जमीन खाली कराने के आदेश के खिलाफ कोईलवर में 4 जुलाई को महाधरना

## वैकल्पिक व्यवस्था की मांग, भूमिहीन गरीबों के समर्थन में भाकपा माले उतरी मैदान में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** कोईलवर नगर पंचायत क्षेत्र में रेलवे विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीबों को उजाड़ने की कार्रवाई के विरोध में 4 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय महा धरना का आयोजन किया जाएगा।

रेलवे विभाग द्वारा जारी नोटिस में रैयती जमीन पर बसे कई परिवारों को भी अतिक्रमणकर्ता घोषित कर बेदखली की चेतावनी दी गई है, जिससे सैकड़ों गरीबों और भूमिहीन



परिवारों का भविष्य संकट में पड़ गया है। गुरुवार को बबुरबानी में इस मुद्दे पर एक महासभा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष और नौजवानों ने भाग लिया। सभा की अध्यक्षता भाकपा माले के केंद्रीय कमिटी सदस्य व अगिआंव के पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बिना पुनर्वास के किसी भी गरीब को उजाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मांग की गई कि प्रत्येक भूमिहीन परिवार को 5 डिसमिल जमीन और पक्का मकान उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बड़हरा विधानसभा प्रभारी नंद जी, कोईलवर प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर, नगर सचिव संजय चौधरी, सुरेंद्र साह, खुशबू किन्नर, अंजु किन्नर, कमलेश कुमार, अजीत सिंह, भागीरथ मांझी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभा के अंत में निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन ने जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# मोटरसाइकिल लूटकांड में एसटीएफ की मदद से एक और आरोपित गिरफ्तार

## मखदुमपुर में पलेया मोड़ लूटकांड का खुलासा, पहले ही तीन आरोपित हो चुके हैं गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पलेया मोड़ पर हुई मोटरसाइकिल लूटकांड में फरार चल रहे एक और आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ के सहयोग से टेहटा मल्लाह टोली से करण सहनी की गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिन पहले पलेया मोड़ पर तीन मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, नकदी और जरूरी कागजात की लूट की वारदात सामने आई थी। इस संबंध में पीड़ितों के बयान पर मखदुमपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था, साथ ही एक बुलेट मोटरसाइकिल की बरामदगी भी हुई थी। मामले में फरार चल रहा आरोपी करण सहनी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश अब भी जारी है, और लूट में प्रयुक्त अन्य सामग्रियों की बरामदगी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त और निगरानी जारी है।

# '100 करोड़ की सड़क' फिर सुर्खियों में, अब लगे 'धीमे चलें' बोर्ड और रेडियम मार्किंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में निर्माणाधीन 100 करोड़ की बहुचर्चित सड़क एक बार फिर चर्चा में है। कनौदी से इरकी तक 7.48 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर अब तक बीच में खड़े पेड़ नहीं हटाए जा सके हैं, जिससे निर्माण एजेंसी और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठते रहे हैं। हालांकि, प्रशासन ने राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब एहतियातन कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सड़क पर 'धीमे चलें' के संकेत बोर्ड लगाए गए हैं और पेड़ों पर रेडियम की पट्टियां चिपकाई गई हैं, ताकि रात के समय वाहन चालकों को खतरे की जानकारी पहले से मिल






सके। निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर विमला शरण सिंह ने बताया कि हादसों की आशंका को देखते हुए करीब 330 मीटर क्षेत्र में विशेष सुरक्षा उपाय किए गए हैं। सड़क के एक ओर 12 और दूसरी ओर 19 पेड़ अब भी रास्ते में खड़े हैं। इन पेड़ों के पास ड्रम लगाकर चेतावनी चिन्ह भी लगाए गए हैं। निर्माण एजेंसी के डायरेक्टर उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विभागीय निर्देशों के अनुसार पूरी सतर्कता बरती जा रही है। सड़क पर वाहनों को धीमी गति से चलाने का संकेत देने के लिए बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे लोगों को राहत मिल रही है। हालांकि, स्थानीय लोगों की मांग है कि इन पेड़ों को शीघ्र हटाकर सड़क को पूर्णतः सुरक्षित बनाया जाए। उनका कहना है कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद यदि सुरक्षा अधूरी रह जाए तो यह जनहित के साथ मज़ाक होगा। इस सड़क ने पहले ही देशभर में 'पेड़ बचाकर बनी हाई-टेक सड़क' के नाम से मीडिया में जगह बना ली थी। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन कब तक सड़क से बाधक पेड़ों को हटाने में सफलता पाता है।

# 10 वर्षीय मासूम लापता, तीसरे दिन भी सुराग नहीं—पुलिस ने शुरू की तलाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भेलावर थाना क्षेत्र अंतर्गत किशुनपुर गांव से 10 वर्षीय बच्चा मिथुन कुमार 03 जुलाई से लापता है। बच्चे की पहचान नारद चौधरी के पुत्र के रूप में हुई है। परिजनों ने कई जगहों पर तलाश के बाद भेलावर थाना में गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार, मिथुन 3 जुलाई की सुबह घर से निकला था और तब से वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में खोजबीन की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने

### 3 जुलाई से गायब है किशुनपुर गांव का मिथुन कुमार, परिजनों में व्याकुलता

विशेष टीम गठित कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। मिथुन की तस्वीर और जानकारी जिले के सभी थानों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भेजी गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले की सभी गश्ती टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। मोबाइल टावरों की निगरानी भी की जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है।

# मोहर्रम को लेकर रफीगंज थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को रफीगंज थाना परिसर स्थित सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद शहाब यहया ने की, जबकि संचालन थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने किया। बैठक में प्रशासन ने दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों से सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम के दौरान जुलूस निकालने वाली ताजिया कमेटियों को पूर्व में थाना से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और



किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना को दी जाए। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चिन्हित स्थलों पर पुलिस गश्ती तेज कर दी गई है। सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक पोस्ट करने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

बैठक में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर राजस्व कर्मचारी दुर्गेश कुमार, कनीय विद्युत अभियंता मारुतिनंदन प्रियदर्शी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मा, वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान, रविंद्र सिंह, रणविजय यादव, विजय विश्कर्मा, विक्की यादव, नेयाज़ असरफी, विवेक राणा सिंह, शुभम सिंह, लक्खू खां, दीपक भारती, मदन चौधरी, मुजाहिर मुस्तफा, मो. जुबैर अंसारी, सत्येंद्र यादव, राजेश गुप्ता, संदीप कुमार सिंह, मो. शाहबाज आलम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशासन ने सभी से अपील की कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और किसी भी स्थिति में अफवाहों पर ध्यान न दें।

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत निर्वाचकों के गणना प्रपत्रों की अपलोडिंग प्रक्रिया प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत गणना प्रपत्रों के अपलोडिंग कार्य की शुरुआत कर दी गई है। 194-आरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 137 (मॉडल इंस्टिट्यूट, आरा-पूर्वी भाग) के बीएलओ कृष्णा शर्मा एवं 197-जगदीशपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 72 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरिगांव-उत्तर भाग) के बीएलओ गिरीश कुमार द्वारा सबसे पहले निर्वाचकों का सत्यापन कर गणना प्रपत्र का अपलोडिंग कार्य प्रारंभ किया गया। जो सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। मतदान केंद्र संख्या 137 के बीएलओ कृष्णा शर्मा ने बीएलओ ऐप के माध्यम से गणना प्रपत्र अपलोडिंग की संपूर्ण प्रक्रिया का एक वीडियो तैयार कर साझा किया। जिसे जिले के सभी बीएलओ के व्हाट्सएप समूहों में प्रसारित किया गया है, ताकि अन्य बीएलओ इससे प्रेरणा लेकर त्वरित कार्य निष्पादन कर सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी भोजपुर द्वारा जिले के समस्त निर्वाचकों से अपील की गई है कि वे यथाशीघ्र अपने गणना प्रपत्र भरें। संबंधित बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र प्राप्त करेंग।

# संस्कृति का आधार संस्कार होता है : राज्यपाल

## बचपन को मर्यादा का पाठ पढ़ाती रामकथा, राज्यपाल ने किया सचित्र रामकथा का विमोचन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के हॉल में गुरुवार को एक भव्य समारोह के बीच बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पुस्तक 'सचित्र रामकथा' का विमोचन किया। यह पुस्तक रामकथा की सांस्कृतिक परंपरा को बाल मन की सरलता और रंगों की कल्पना से जोड़ने वाली एक अनूठी कृति है। पुस्तक के संपादक गणेश खेतड़ीवाल की वर्षों की साधना और रचनात्मकता का यह परिणाम 105 प्रेरक प्रसंगों का संग्रह है, जिसे अत्यंत सरल भाषा और मनोहारी चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भावनात्मक प्रयास किया गया है।

राज्यपाल ने इस खास अवसर पर कहा कि रामकथा भारतीय आत्मा का स्वर है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी हमारे मूल्यों, मर्यादाओं और आदर्शों का संवाहक रही है। जब बच्चे राम को जानेंगे, तभी वे सत्य, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलना सीखेंगे। नंदकिशोर यादव, अध्यक्ष, बिहार विधानसभा ने कहा कि आज जब दुनिया तकनीक के शोर में मूल्यों से भटक रही है तब बच्चों को राम जैसे आदर्श चरित्र से जोड़ना समय की आवश्यकता है। यह पुस्तक निश्चित रूप से संस्कार निर्माण की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि रामकथा केवल कथा नहीं, भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपरा है। इसे बालमन की संवेदना के अनुसार प्रस्तुत करना कठिन कार्य है, जिसे इस पुस्तक ने बखूबी निभाया है। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि रामकथा नई पीढ़ी के संस्कारों की वह धारा है, जो उन्हें आदर्श नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। सचित्र रामकथा के रूप में यह प्रयास एक सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण है।

शस्त्रोपासक आचार्य डॉ. चंद्र भूषण मिश्र ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि रामकथा केवल कथा नहीं, वह भारतीय आत्मा की धड़कन है। यह केवल बालक नहीं भावी राष्ट्र की आत्मा गढ़ने का कार्य करती है। जब बालक श्रीराम को जानता है तो वह केवल एक चरित्र नहीं सीखता, बल्कि अपने भीतर मर्यादा, त्याग और धर्म का बीज रोपता है। यह पुस्तक बच्चों के कोमल मन में संस्कारों की ऐसी खेती करेगी, जो जीवन भर उनके आचरण को सुवासित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्र कहते हैं कि 'चरैवेति चरैवेति'। रामकथा उसी पथ का आलोक है, जो जीवन के हर मोड़ पर मर्यादा का दीपक बनकर साथ चलती है। सचित्र रामकथा का यह प्रयास नवभारत की उस पीढ़ी के लिए है, जो अपने अतीत से जुड़कर भविष्य का निर्माण करेगी। पद्मश्री विमल कुमार जैन, साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी, पीके अग्रवाल, चंद्र भूषण मिश्र समेत अन्य वक्ताओं ने भी पुस्तक की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए मूल्यवान योगदान बताया। गणेश खेतड़ीवाल ने कहा कि यह कृति केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर संस्कारों का बीजारोपण करने वाला भावनात्मक सेतु है। डॉ. नीरज अग्रवाल के संचालन और स्वाति के सांगीतिक संयोजन ने आयोजन को एक भावपूर्ण वातावरण प्रदान किया। समारोह में कथ्य, चित्र और संवेदना के त्रिवेणी-संगम से सजी 'सचित्र रामकथा' को न केवल पठनीय बल्कि संग्रहणीय कृति के रूप में सभी ने सराहा। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में लेखक भगवती प्रसाद द्विवेदी, अमर अग्रवाल, मुकेश जैन, महावीर अग्रवाल, रमेश गुप्ता, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक राजीव रंजन, रामलाल खेतान, विजय किशोरपुरिया, जे पी तोदी, संजय भलोदिया, राकेश कुमार, सुबोध जैन, प्रकाश अग्रवाल, राजकुमार सुल्तानिया, पी के अग्रवाल, राय गिरिराज कृष्ण, नवीन गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, डॉ शशि मोहनका, पराग जैन, संतोष अग्रवाल, वाई के अग्रवाल, बिनोद तोदी, डॉ गीता जैन, नीरजा कृष्ण, अरुणा खेतड़ीवाल, पायल, स्वाति, ममता अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

## धनरूआ में सुमित गोलीकांड में लाइनर गिरफ्तार, पांच नामजद, बाइक जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना-गया नेशनल हाईवे पर धनरूआ थाना क्षेत्र के दमड़ीचक के पास में बीते मंगलवार की दोपहर में गोलू लाईन होटल पर अपने दोस्तों के साथ लूडो खेल रहे युवक को गोली मारकर गंभीर रूप में जख्मी कर देने की घटना हुई थी, जख्मी सुमित कुमार पिता सुधीर सिंह तारेगना गोला रोड के बयान पर पांच लोगों के खिलाफ थाने में आरोपी बनाया गया है, जहां एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। वह इस पूरे घटना में लाइनर के रूप में काम कर रहा था, जिसका नाम चंदन कुमार उर्फ चंदू पिता रंगीला यादव कशमीरगंज न्यू मणिचक का रहने वाला है, जो पूरे घटना का लाइनर था। गिरफ्तार लाइनर चंदन कुमार उर्फ चंदू ने पुलिस को बयान दिया कि 2 दिन पहले सुमित कुमार से किसी बात को लेकर विवाद हुई थी और इसी अनबन को लेकर इसी में वह गोली मारकर उसे जख्मी कर दिया था। बहरहाल बताया जा रहा है कि जख्मी सुमित कुमार दिसंबर में हुए सन्नी हत्याकांड में यह नामजद अभियुक्त था जो हाल फिलहाल में ही जेल पर जमानत पर छूटा है। हालांकि इस घटना से कोई वास्ता नहीं है यह आपसी विवाद में गोली की घटना घटी है वहीं पुलिस ने राजाबिगहा गांव से बाइक को भी बरामद कर लिया है और दावा किया जा रहा है कि जल्द ही उन फरार पांचो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जाएगा पुलिस छापेमारी कर रही है।

## नहर पार करने के दौरान डूबने से अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** थाना क्षेत्र के भेड़हरिया इंग्लिश गांव के पास बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 50 वर्षीय अधेड़ की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान भेड़हरिया इंग्लिश गांव निवासी स्व. दयाल सिंह के पुत्र रामानुज सिंह उर्फ भगवान यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, भगवान यादव बांस की चचरी (अस्थायी पुल) से सोन नहर पार कर रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वे तेज धार में बह गए। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची

### ग्रामीणों में रोष

पालीगंज पुलिस ने काफी देर तक शव की तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण खोजबीन रोकनी पड़ी। गुरुवार सुबह जलपुरा गांव के पास से पुलिस ने शव बरामद किया और कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों और भेड़हरिया-सियारामपुर पंचायत के पूर्व मुखिया राकेश दास ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि पालीगंज के वर्तमान विधायक ने नहर पर पुल निर्माण का वादा किया था, लेकिन पांच साल बीतने के बावजूद अब तक पुल नहीं बन पाया है। वहीं शिवप्यारे सिंह एवं ग्रामीणों ने बताया कि नहर पार करने के लिए लोग आज भी जोखिम भरी चचरी का उपयोग करते हैं, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र स्थायी पुल निर्माण की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाएं न हों।मृतक के परिजनों को परिवारिक लाभ योजना के तहत तत्काल बीस हजार रुपए की सहायता राशि बीडीओ द्वारा दे दी गई है।

## मसौढ़ी विधानसभा में 5700 मतदाताओं ने भरा गणना प्रपत्र

### शनिवार और रविवार को मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर, 3 लाख 65 हजार हैं मतदाता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़।** निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 के तहत मसौढ़ी में बीएलओ घर-घर जाकर गणना फॉर्म युद्धस्तर पर भरवा रहे हैं। वहीं अब तक 5700 मतदाताओं ने गणना पत्र का फॉर्म भरा है। दरअसल बताया जाता है कि मसौढ़ी में 394 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 394 बीएलओ, 40 बीएलओ सुपरवाइजर और 6 सहायक निबंधन निर्वाचन पदाधिकारी युद्धस्तर पर मतदाता पुनरीक्षण विशेष कार्य अभियान में जुटे हुए हैं। ऐसे में मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 97 हजार गणना फॉर्म मसौढ़ी अनुमंडल में प्राप्त हुआ है, जहां 90 हजार गणना फार्म सभी बीएलओ के बीच वितरण कर दिया गया है और लगातार युद्धस्तर पर यह गणना फॉर्म का वितरण किया जा रहा है, और इसकी मॉनीटरिंग के लिए प्रखंड स्तर पर कंट्रोल रूम का भी गठन किया गया है। वही अनुमंडल स्तर पर भी कंट्रोल रूम गठित कर सभी बीएलओ के गणना पत्र की मॉनिटर की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को गणना फॉर्म (ईएफ) का शत-प्रतिशत वितरण एवं संग्रहण सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से संपूर्ण जगहों पर हरेक सप्ताह दो दिन- शनिवार एवं रविवार को- सभी मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से दोपहर बारह बजे तक शिविर लगाने का निदेश दिया गया। सभी बीएलओ इस अवधि में दोनों दिन अपने-अपने बूथ पर शिविर में उपस्थित रहेंगे, निर्वाचकों के बीच गणना फॉर्म (ईएफ) का वितरण करेंगे एवं निर्वाचकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ इसे संग्रह करेंगे। सभी निर्वाचकों से अनुरोध की गई है कि शिविरों में बड़ी संख्या में आकर गणना फॉर्म भरें तथा इसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करें। शेष सभी दिन एवं समय सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में डोर-टू-डोर विजिट कर गणना फॉर्म (ईएफ) के वितरण एवं निर्वाचकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ इसे संग्रह करने की कार्रवाई करेंगे।

## जुलूस को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराना हम सभी का दायित्व : एडीपीओ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** थाना परिसर में मुहर्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसडीपीओ प्रीतम कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में दोनों समुदाय के गान्यमान्य लोगों के साथ ताजिया कमिटी के लोग उपस्थिति रहे। इस अवसर पर एसडीपीओ ने कहा कि पर्व के दौरान सरकारी गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर ताजिया कमिटी के अध्यक्ष एवं सचिव पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मानना हम सभी की जिम्मेवारी है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। जुलूस पूर्व के निर्धारित मार्ग से ही निकलेगी। जुलूस को शांति पूर्ण सम्पन्न कराना हम सबों का दायित्व है। बैठक में उपस्थित सभी समुदाय के लोगों से पुलिस को सहयोग करने की अपील की।वहीं थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि कोई भी पर्व हमें इंसानियत एवं भाईचारे का संदेश देता है। सभी समुदाय के लोग आपसी एकजुटता के साथ पर्व को मनाएं। झूठी अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी करवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि जुलूस के दौरान डीजे बजाने, आतिशबाजी करने तथा नशे की हालत में पाए जाने पर कड़ी करवाई की जाएगी। जुलूस के दौरान धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले नारेबाजी करने वाले पर कड़ी करवाई की जाएगी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष बीरेंद्र बैठा, उपाध्यक्ष रजनी कुमारी, मो. अजमल हुसैन, मो. असगर अली, सुमेर सिंह, उर्मिला देवी, कृष्णा प्रसाद, सूर्यदेव सिंह, मधेश्वर यादव सहित ताजिया कमिटी के लोग मौजूद थे।

## सीडीपीओ कार्यालय में लगी आग, कंम्प्यूटर सहित संचिकाएं खाक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के सीडीपीओ कार्यालय में गुरुवार की देर शाम को अचानक आग लग गई और आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते लपटे बहुत ऊपर तक उठने लगी। आसपास के लोग जब देखे तो हो हल्ला किया घंटों बाद दमकल की गाड़ियों को बुलाई गई और आग पर काबू पाया गया आग कैसे लगी किसी को भी इस बात की जानकारी नहीं है, लेकिन कयास लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी है और आग लगने से बहुत सारी संचिकाए, दो कंप्यूटर, गोदरेज में रखी हुई सभी फाइलें जलकर राख हो गई है, जली हुई संचीकाओ में बहुत योजनाओं की पुरानी फाइल, आंगनबाड़ी सेविकाओं का मासिक प्रतिवेदन की संचिकाएं के साथ कई योजनाओं की फाइलें भी शामिल थी, दरअसल बताया जाता है की सभी कार्यालय में शाम 6:00 बजे ताला लगाकर सभी कर्मी अपने-अपने घर वापस लौट गए थे, अचानक शाम को 7 30 बजे के आसपास सीडीपीओ कार्यालय के ठीक सामने स्वर्ण जयंती भवन में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीएलओ कार्य कर रहे थे उसी समय आग लगाते हुए लोगों ने देखा उसके बाद हो हल्ला हुआ सब लोग दौड़ पड़े, सबसे पहले प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी, अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार मौके पर पहुंचे उसके बाद दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे रहे लगभग आधे घंटे के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ सीडीपीओ अर्चना कुमारी भी मौके पर पहुंची, सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि पूरे जांच पड़ताल के बाद ही पता लगाया जा सकता कि कौन-कौन किस-किस तरह की फाइल जली है।

## निर्देशक समीर कुमार वर्मा और अविनाश मिश्रा की हिंदी वेब सीरीज की शूटिंग जल्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिभाशाली कलाकारों को लेकर निर्देशक समीर कुमार वर्मा और अविनाश मिश्रा हिंदी वेब सीरीज की शूटिंग जल्द ही शुरू करने वाले हैं। इस वेब सीरीज में माया साहू, गोलू तिवारी, माही खान, आर्यन अर्जुन, मोहित अग्रवाल सहित बहुत से टैलेंटेड आर्टिस्ट नजर आएंगे। इस वेब सीरीज का निर्माण बिग लेबल पर एआर 7 एंटरटेनमेंट बैनर के तले किया जाएगा, जिसकी शूटिंग बहुत जल्द ही मुंबई में शुरू की जाएगी। इस हिंदी वेब सीरीज की कहानी के राइटर तथा डायरेक्टर समीर कुमार वर्मा और अविनाश मिश्रा हैं, जो इससे पहले बहुत सारे वेब सीरीज कर चुके हैं। गौरतलब है कि एआर 7 एंटरटेनमेंट बैनर के तले भव्य पैमाने पर बनाई जा रही वेब सीरीज राइटर-डायरेक्टर समीर कुमार वर्मा और अविनाश मिश्रा ने बताया कि 'बहुत जल्द ही एक बेहतरीन हिन्दी वेब सीरीज की शूटिंग चालू होने वाली है, जोकि बहुत ही रोमांच से भरपूर होगी। निर्माणाधीन इस वेब सीरीज को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ किया जायेगा। इस वेब सीरीज की कहानी काफी बेहतरीन है, जिसमें दर्शकों को रोमांस, सस्पेंस, ड्रामा, एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें कुछ आर्टिस्ट को भोजपुरी फ़िल्म इंडस्ट्री से कास्ट किया गया है, जो बेहतरीन आर्टिस्ट हैं। इस वेब सीरीज में कुछ बड़े कलाकार हैं, जो बॉलीवुड इंडस्ट्री से हैं। साथ ही कुछ नये आर्टिस्ट को भी मौका दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि 'इस वेब सीरीज को बना रही है एआर 7 एंटरटेनमेंट कम्पनी। इसमें टीवी सीरियल के काफी सारे आर्टिस्ट हैं।

## एक कमरे में चलती हैं चार कक्षाएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** शिक्षा में सुधार को लेकर सरकार भले ही लाख दावे करती हो, मगर आज भी सरकारी स्कूलों को स्थिति कुछ ठीक नहीं है। प्राइमरी और मिडिल स्कूल के हालात को तो छोड़िए अब हाई स्कूल जैसे बड़े शिक्षण संस्थानों में भी एक कमरे में चार कक्षाएं चल रही है जो उन सरकारी दावों को आइना दिखा रही हैं। यह तस्वीर है धनरूआ प्रखंड के बरनी उच्च माध्यमिक विध्यालय की है जहाँ चार टीचर एक ही बोर्ड पर पढ़ा रहे हैं, बच्चों की संख्या तकरीबन 450 है, और शिक्षकों की संख्या दस है और तो और सभी विषयों के शिक्षक भी नही है। अब जरा सोचिए एक कमरे में इतने सारे संख्या में छात्र-छात्राओं के बीच अगर चार शिक्षक पढ़ा रहे होते हैं, तो दूसरी क्लास वाले को क्या प्रभाव होता होगा, कक्षा में पढ़ रहे ब्यूटी, शहजादी, सोनाली कुमारी, राधा कुमारी सोनम कुमारी, आशा कुमारी, शांति कुमारी आदि छात्राओं ने कहा कि जब नाइंथ क्लास के पढ़ाई की जाती है तो हम 10 क्लास वालों को प्रॉब्लम होती है और जब 10th क्लास वाले को पढ़ाई जाती है तो 11 वालों को प्रॉब्लम होती है ऐसे में किसी तरह से शिफ्ट वाइस टीचर कक्षा में पढ़ा रहे हैं। इस पूरे मामले में बरनी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार ने बताया इसके बारे में हमने कई बार अधिकारियों को बताया है कि कमरों की संख्या कम है महज दो कमरे हैं इस विद्यालय में एक कमरे में कार्यालय चलता है और दूसरे कमरे में चार कक्षाएं चलती हैं कभी-कभी बच्चों की संख्या ज्यादा होती है तो बरामदे में निकालकर पढ़ना पड़ता है, गर्मी और बरसात में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बहरहाल शिक्षण व्यवस्था की यह तस्वीर यह बता रही है कि आज भी ग्रामीण इलाकों में शिक्षा व्यवस्था में कितनी सुधार हो पाई है अगर हाल ऐसा ही रहा तो कैसे पढ़ेंगे बच्चे कैसे बढ़ेगा इंडिया।

## लहसुना पुलिस ने शराब की नष्ट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब अभियान के तहत लहसुना पुलिस लगातार थानाध्यक्ष खुशबू खातून के निर्देशन में ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। दर्जनों भठ्ठीयां तोड़ी जा रही है. गुरुवार के दिन भी लहसूना थाना क्षेत्र के मोरहर नदी के किनारे बदरोई गांव में अभियान चलाकर 2000 लीटर शराब नष्ट किया गया। थानाध्यक्ष खुशबू ने बताया की.लहसुना थाना क्षेत्र में कई गांवों को चिन्हित किया गया है जहां पर लगातार शराब बनाए जाने की शिकायत मिली थी, उन गांवों में तवातोड़ छापेमारी कर शराब को नष्ट किया जा रहा है। हालांकि शराब छापेमारी के दौरान शराब धंधेबाज को किसी तरह से पुलिस की आने से पहले भनक लग गई थी, सभी लोग भाग निकले हैं। वहीं नदी के किनारे पर जमीन में गड़ा हुआ बहुत सारे ड्रम बरामद किया गया है यह ड्रम में महुआ को सड़ा कर महुआ निर्मित शराब बनाते है।

## एक नजर

### किशोरी अपहरण मामले में पांच नामजद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी अपहरण मामले में अपहृत किशोरी के नाना ने गांव के ही पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई है। लिखित आवेदन में कहा गया है कि हमारी नतनी जो दसवीं कक्षा में पढ़ती है उसे चार चक्का के द्वारा गलत नीयत से बहला फुसलाकर उसे अन्यत्र जगह पर लेकर चले गए हैं, मुझे डर है की मेरी नातिन के साथ गलत ना हो जाए। नामजद प्राथमिक में सहदेव कुमार, अशोक महतो, गणेश महतो, मुनीम महतो, कुंदन महतो आदि पांच लोगों पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है, थानाध्यक्ष ने बताया है कि किशोरी अपहरण मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की पूरी तरह से छानबीन की जा रही है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वारंटी की धर पकड़ अभियान के तहत न्यायालय द्वारा निर्गत दो अलग-अलग मामलों में दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पहला मामला पुनपुन थाना क्षेत्र के हरेचक गांव का हैं जहां पर हत्या के प्रयास मामले में वारंटी बबलू केवट पिता सिपाही केवट को उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरा लहसुना थाना अंतर्गत वारंटी लक्ष्मण पासवान पे. लालू पासवान सा-नियामतपुर को गिरफ्तार कर अग्रिम करवाई कि जा रही है।

### ट्रैक्टर चालक ने बच्ची को मारी ठोकर

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गोपालपुर मठ गांव की है। जहां गोपालपुर मठ गांव के रहने वाली तुलसी देवी पति संतोष प्रसाद ने थाने में लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई है कि गांव के ही शैलेंद्र प्रसाद जो शराब के नशे में धुत होकर बुधवार की रात 9:00 बजे जब हम सभी परिवार लोग मंदिर के पास बैठे थे उसी समय तेजी से आकर ट्रैक्टर से ठोकर मार दिया, जिससे हमारे 5 साल की बच्ची गंभीर रूप में जख्मी हो गई है। विरोध करने पर वह गाली गलौज करते हुए हमसे दुर्व्यवहार किया है ऐसे में उक्त आरोपी पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस पदाधिकारी ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### बिना लाइसेंस वाले रेस्टोरेंट पर कसेगा शिकंजा

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल में बिना लाइसेंस व एनओसी के संचालित होने वाले होटल व रेस्टोरेंट पर अनुमंडल प्रशासन ने शिकंजा कसेगा. एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि बिना लाइसेंस और एनओसी के संचालित करने वाले होटल व रेस्टोरेंट की जांच करने का आदेश दिया गया है. उन्होंने बताया कि होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने जरूरी है. साथ ही नगर परिषद से ट्रेड लाइसेंस लेने भी अनिवार्य है. खाद्य विभाग से लाइसेंस लेने जरूरी है. एसडीओ ने बताया कि नगर परिषद के ईओ को नगर के होटल व रेस्टोरेंट का जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद होटल व रेस्टोरेंट पर कारवाई किया जायेगा। अग्निशामन विभाग से बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र लिये ही होटल व रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा है. अभी तक अग्निशामन विभाग के पास मात्र आठ होटल व रेस्टोरेंट मालिक द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र के आवेदन किया गया है. सहायक अग्निशामक पदाधिकारी विजय शंकर यादव ने बताया कि इस वर्ष अभी तक मात्र आठ होटल व रेस्टोरेंट मालिक ने अनापत्ति प्रमाण पत्र के आवेदन किया गया है. जबकि नगर में करीब एक सौ होटल व रेस्टोरेंट संचालित हो रहा है. उन्होंने बताया कि ऑन लाइन भी अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया जाता है. उन्होंने बताया कि विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नही लेने वालों पर जांच कर कारवाई किया जायेगा.

### 12 से 2 बजे तक बाधित रहेगी बिजली

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पालीगंज और खिरिमोड़ पावर ग्रिड से जुड़े इलाकों में शुक्रवार और शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह बंदी न्यू कृषि फीडर के निर्माण कार्य को लेकर की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खिरिमोड़ ग्रिड में कार्यरत बिजली विभाग के कनीय अभियंता रोहित कुमार ने बताया कि 11 केवी बनौली, 11 केवी महाबलीपुर और 11 केवी दरियापुर फीडर से दोपहर के समय बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। रामलखन कॉलेज से बिजली ऑफिस, पालीगंज तक नए केबल तार बिछाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान पालीगंज नगर पंचायत, मिल्की, स्टेट बैंक रोड, दरियापुर, निरखपुर, रानीपुर, कुरकुरी पंचायत, मसौढ़ा जलपुरा पंचायत, सारसी पिपरदाहा पंचायत, कल्याणपुर पैपुरा पंचायत, महाबलीपुर और भेड़हरिया-सियारामपुर पंचायत सहित आसपास के सभी गांव प्रभावित रहेंगे। बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली बंदी से पहले ही पानी का भंडारण और जरूरी कार्य निपटा लें। उन्होंने कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि खरीफ फसल की सिंचाई में किसी प्रकार की बाधा न आए।

### स्टेज पर दूल्हे के फूफा को लगी गोली, मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मुरादचक बरनी गांव में बीते 19 मई की रात को स्टेज पर जयमाला के दौरान हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, इस घटना के बाद मृतक के पिता भूषण ने थाने में नाम केस दर्ज किया था, जिसमें आरोपी के घर पर गुरुवार को धनरूआ पुलिस ने जाकर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। जिसमें अप्राथमिकी अभियुक्त बिरेंद्र कुमार पिता स्व इंद्रदेव यादव ग्राम बीबीसी थाना सिगोडी है। बहरहाल बताया जाता है कि बिते 19 मई की रात को पालीगंज के लालगंज सेहरा से बरनी के मुरादचक गांव में बारात आई थी, जहां पर जयमाला के दौरान दूल्हे के फूफा को गोली लगी थी, मृतक का नाम रवि उर्फ हितेश धनरूआ के पत्थरहट निवासी भूषण कुमार का पुत्र था, घटना के बाद पीएमसीएच में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी, मृतक के पिता भूषण ने आरोप लगाया था कि स्टेज पर मारपीट के दौरान कनपटी पर गोली मार दी थी, इस मामले में धनरूआ पुलिस ने आरोपी के घर पर इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी है।

### मिट्टी धंसने से बिजली के कई पोल धराशायी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन के कई इलाकों में इन दोनों कृषि फीडर के तहत बिजली पोल गाड़े जा रहे हैं। लेकिन इस आनन फानन कार्य में कई जगहों पर लापरवाही भी बरती जा रही है और इस लापरवाही का नतीजा यह देखने को मिल रहा है की पहली बारिश भी नहीं झेल पा रहे हैं पोल, और गिरकर धराशाही हो जा रहे हैं। दरअसल गुरुवार को पुनपुन प्रखंड के ग्राम शेखपुरा में 11 खउ का पोल धारासाही हो गया जो महज कुछ दिन पहले ही कार्य किया गया था,ग्रामीणों ने आरोप लगाया की संवेदक द्वारा पोल गाडने के समय ईंट पत्थर नहीं दिया गया और कंक्रीट भी नहीं दिया गया, जिसके कारण पोल तार सहित जमीन पर गिर गये है, जिससे एक बहुत बड़ा हादसा होते- होते बचा है, लोग बाल -बाल बच गये। स्थानीय लोगों ने बताया की जिस वक्त यह कार्य हो रहा था उस समय कार्यपालक अभियंता को शिकायत की गई थी, वावजुद लेकिन संज्ञान नहीं लिया।

### बीएलओ व पर्यवेक्षक के साथ बैठक

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरूवार को कैंट रोड स्थित मैरेज हॉल में एसडीओ सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी दिव्या शक्ति ने बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक ,बीडीओ, सीओ व ईओ, एमओ व सीडीपीओ के साथ निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रगति की समीक्षा बैठक किया गया.. बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ ने की. एसडीओ ने बैठक में उपस्थित बीएलओ व सुपरवाईजर को निर्देश दिया. कहा कि मतदाता विशेष सर्वेक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को मोहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में बीडीओ वरुण केतन की मौजूदगी में थानाध्यक्ष सुनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई।थानाध्यक्ष ने बताया कि मुहर्रम पर्व को शांति सौहार्द से मनाए।डीजे पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध रहेगा।डीजे बजाने वालों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी।बिना लाइसेंस लिए मुहर्रम की जुलूस नही निकाला जाएगा।साथ ही उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।विडिओ वरुण केतन ने बताया कि प्रखंड में कई जगह 9 जुलाई उप चुनाव होने वाली है।जिन जिन पंचायतों में उपचुनाव होने वाले हैं वहां अचार संहिता उलंघन करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी।मौके पर प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### चीनी मिल प्रबंधन पर अवैध वसूली का आरोप

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत परसा पंचायत के बाबुटोला वार्ड नं 10 के किसान आशुतोष कुमार ठाकुर ने संयुक्त निदेशक ईख विकास पटना को लिखित आवेदन देकर सुगौली चीनी मिल में कार्यरत उप प्रबंधक संजीव कुमार सिंह पर मुख्यमंत्री गन्ना विकास के तहत मिलने वाली राशि के आवंटन में 5500 रुपये नजराना लेने का गंभीर आरोप लगाया है।इस मामले में सुगौली चीनी मिल के उप प्रबंधक ने अपने ऊपर लगने वाले आरोप को बेबुनियाद बताया है।

### 28 वारंटों का निष्पादन 7 गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस जिला अंतर्गत बुधवार को पुलिस ने विभिन्न कांडों में 7 अभियुक्तों की गिरफ्तारी किया है। इस दौरान पुलिस ने 28 वारंटों का निष्पादन किया है । अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज के दिशानिर्देश में चलाए गये वाहन जांच अभियान में यातायात समेत विभिन्न थाना की पुलिस ने 66 हजार रुपयों का जुमार्ना कुल 489 वाहनों के जांच के उपरांत लगाया है। वही एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि गैर सामाजिक गतिविधियों के रोकथाम के लिए जिले में लगातार सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है। शराब कारोबारी व शराबियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस निरंतर अभियान चला रही है। ताकि पुलिस जिला में अमन चौन के साथ शांति व्यवस्था बहाल रहे।

### मोहर्रम को लेकर 107 की कार्रवाई

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अंचल क्षेत्र में मुहर्रम पर्व को लेकर कुल 505 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही पुलिस ने डीजे को भी जब्त किया है। मैनाटांड़ थनाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि 164 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इनरवा थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि 60 लोगों पर, मानपुर थनाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि 65 लोगों पर,भंगहा थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि 158 लोगों पर एंव पुरूषोतमपुर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि 58 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।

### अपहृत लड़की बरामद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक लड़की अपहरण कर लेने के मामले में लड़की की पिता ने मैनाटांड पुलिस को आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया है। इधर पुलिस ने 24 घंटा के अंदर लड़की को पटना से बरामद कर लिया है। लड़की के पिता ने आवेदन देकर गांव के ही दो युवक पर आरोप लगाते हुए बताया है कि पूर्व में उक्त दोनों युवकों द्वारा लड़की के साथ छेड़खानी क्रिया गया था। जिसको लेकर पंचायत भी बैठी थी। इधर पीड़ित पिता ने आवेदन देकर लड़की की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस से गुहार लगाया था। थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि लड़की को पटना से बरामद कर लिया गया है। 164 के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### लड़की अपहरण के मामले में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना क्षेत्र के गांव से लड़की अपहरण के मामले में केस दर्ज की गई है। अपह्वता की मां ने पुलिस को आवेदन बताया है कि 2 जूलाई को सुबह में गौनाहा थाना के माधोपुर बैरीया गांव के अलीराज अंसारी ने बहला फुसलाकर लड़की का अपहरण कर ले गया है। इधर एफआईआर दर्ज करते हुए पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### एसबीआई सीएसपी से हथियार के बल पर 27 हजार की लूट

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार दोपहर एक बजे सहवां बाजार स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) में हथियारबंद चार नकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। दो बाइक पर सवार अपराधी केंद्र में घुसे और संचालक तरुण कुमार सिंह के सिर पर कट्टा सटा कर लगभग 27 हजार रुपये नकद लूट लिए। वारदात के बाद अपराधी फरार हो गए। संचालक ने बताया कि यह सीएसपी पिछले 12-13 वर्षों से संचालित हो रहा है और इस प्रकार की यह पहली घटना है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चकिया गांव से बाइक चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना क्षेत्र के चकिया गांव से सोमवार की रात एक बाइक की चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित अविनाश कुमार, जो मनु कुमार के पुत्र हैं, ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी बाइक घर के बाहर दरवाजे के पास खड़ी थी, जिसे रात में अज्ञात चोर उठा ले गए। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया कि चोरी के आवेदन की प्राप्ति हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीघ्र ही चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### मतदाता सत्यापन कार्य में लापरवाही करनेवालो पर होगी कार्रवाई

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में सघन मतदाता सूची पुन निरीक्षण कार्य में बीएलओ डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से जरूरी दस्तावेज प्राप्त कर उनका सत्यापन करेंगे। बीएलओ इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरते अन्यथा उनपर पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा होगी। साथ ही साथ यह कार्य तय समय सीमा के अंदर भी होनी चाहिए। उक्त बातें प्रखंड बगहा दो के बीडीओ बिट्टू राम ने कहीं। वे रविवार को बगहा दो प्रखंड सभागार में बाल्मीकि नगर विधानसभा क्षेत्र के मतदान स्तरीय पदाधिकारी ब पर्यवेक्षकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बीडीओ ने बताया कि सभी बीएलओ को गणना पर पत्र उपलब्ध करा दिया गया है। ऐसे में बीएलओ अपने अपने मतदान केंद्रों में डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन उसकी प्रविष्टि करेंगे एवं मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। साथ ही साथ वैसे मतदाता जो 18 वर्ष के हो चुके हैं उनका भी नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा।

### मदन बने रोटरी बेतिया टाउन के अध्यक्ष सचिव बने संतोष

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब बेतिया टाउन के नये सत्र के अध्यक्ष के रुप में मदन बनिक और डा.संतोष कुमार ने सचिव पद पर अपना कार्यभार संभाल लिया। सोमवार को आयोजित एक सादे समारोह में इन लोगो ने अपना पदभार ग्रहण किया। मौके पर आयोजित कार्यकम में बीते सत्र के अधिकारी अध्यक्ष डीके सिंह और सचिव अजय शर्मा के बेहतर कार्यकाल के लिए सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। डीके सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान सदस्यों के सहयोग की सराहना की। इधर सोमवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर जीएमसीएच अधीक्षक डॉ सुधा भारती, प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ राजीव कुमार रजक को शॉल एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व कठैया स्थित बी पी मेमोरियल नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में रोटेरियन सदस्यों ने पौधारोपण किया।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के पचरौड़ पंचायत के रसीदपुर गांव स्थित पूर्व जिला पार्षद डॉ. अब्दुल्ला खान के आवास पर सोमवार को आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, व पूर्व जिला पार्षद डॉ. अब्दुल्ला खान ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मोहर्रम को शांतिपूर्ण व सद्भावनापूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि ताजिया जुलूस के लिए थाने से लाइसेंस लेना अनिवार्य है, एवं निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार ही ताजिया जुलूस निकाली जाएगी। बैठक में पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र मांझी, कैसर अली, पृथ्वी सिंह, मोहम्मद रियाजुद्दीन अंसारी, हकीज मियां, नंदलाल सिंह, लालबाबू महतो, कमला साह, रामकुमार राम, सलाउद्दीन अंसारी, नरेश कुमार सेमत अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम की अध्यक्षता में आज सम्पन्न हुयी। बैठक में उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से एजेंडावार विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में सांसद, संजय जायसवाल ने मझौलिया प्रखंड अंतर्गत बहुअरवा विद्यालय की बाउंड्री वॉल को अतिक्रमणमुक्त कराते हुए अविलंब निर्माण, बेतिया में पशु चिकित्सालय के लिए उपर्युक्त भूमि का चयन, बेतिया नगर निगम क्षेत्र में बीपीसीएल द्वारा पाईप लाइन बिछाने हेतु मैप की उपलब्धता से संबंधित अपनी बात रखी। सांसद, सुनील कुमार ने पकड़ी पशु चिकित्सालय में डॉक्टरों की उपस्थिति, लौरिया-नरकटियागंज मुख्य मार्ग में लौरिया अशोक स्तंभ के समीप एप्रोच का निर्माण, बगहा के शास्त्रीनगर विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य, दोन कैनाल के 144 आरडी पर नये पुल का निर्माण कराने की बात कही। इसी तरह पशु एवं मत्स्य संसाधन विभागकी मंत्री रेणु देवी ने अमृत सरोवर, मझौलिया प्रखंड क्षेत्र में विद्युत तार की मजबूती, ट्रांसफॉर्मर का अधिष्ठापन, गुदरा में सुचारू विद्युत आपूर्ति, पासवान चौक से जगीराहा रोड को मानक के अनुरूप निर्माण कराने, विधायक वीरेन्द्र गुप्ता ने मनरेगा, चौहट्टा एवं मधुरी क्षेत्र के लोगों के लिए आधार कार्ड एवं राशन कार्ड निर्माण कराने हेतु कैम्प का आयोजन करने, स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी सहित अन्य विषयों के संदर्भ में अपने मंतव्य व्यक्त किए। विधायक राम सिंह ने बगहा क्षेत्र के लिए पर्याप्त यूरिया का आवंटन, पारदर्शी तरीके से आवास योजना का क्रियान्वयन, आवास सर्वे विभागीय दिशा-निर्देश के अनुरूप कराने, सिंचाई व्यवस्था, चंवर सफाई, बगहा के चखनी में नाल निर्माण, अग्निपीड़ितों को ससमय मुआवजा राशि प्रदान करने, कबीर अंत्येष्टि राशि का समय पर वितरण आदि विषयों पर अपनी बातों को रखा। विधायक, नारायण प्रसाद ने निर्धारित मात्रा में लाभुकों को खाद्यान्न की उपलब्धता, पखनाहा क्षेत्र में गंडक नदी से कटाव को रोकने, नदी से बालू की निकासी पर रोक लगाने आदि विषयों पर अपनी बातों को रखा। इसके साथ ही विधान पार्षद आफाक अहमद, विधान पार्षद भीष्म सहनी, विधान पार्षद सौरभ कुमार सहित जिला कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा भी बारी-बारी से अपनी समस्याओं को समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनके निराकरण की दिशा में समुचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। मंत्री सह-अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति जनक राम ने कहा कि हम सबका उदेश्य है कि सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को आमजन तक सुलभता के साथ पहुंचाया जाना है। पश्चिम चम्पारण जिले के पदाधिकारी अपने दायित्वों का निवर्हन अच्छे तरीके से कर रहें हैं। कुछ कमियां है, जिसे दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि सदस्यों द्वारा उठाये प्रश्नों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें।

## युवा कांग्रेस ने की नारी न्याय पद यात्रा

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शिव कुमार उर्फ शिव पुजारी के अध्यक्षता में बेतिया विधानसभा के मझौलिया में स्थित चीनी मिल से लेकर मझौलिया प्रखंड के मेन गेट तक नारी न्याय पद यात्रा हुआ। जिसमे युवा कांग्रेस के प्रभारी मोहम्मद शाहिद शामिल हुए।इस यात्रा में काँग्रेस के द्वारा दी गयी।



माई बहिन मान योजना के बारे में लोगो को जागरूक किया। तथा महागठबंधन के सरकार बनने पे जरूरत मंद महिलाओं को 2500 रुपया हर महीना देने की बात की।शाहीद ने कहा की महागठबंधन कि सरकार बनती है तो हमारे माताओ-बहनो को 2500 रू प्रती माह सहयोग राशी दी जायेगी।साथ ही शिव पुजारी ने प्रखंड में फैली घूसखोरी और आम जनो की परेशानियों और मझौलिया प्रखंड के सामने फैले जल जमाव को लेकर विकास प्रखंड पदाधिकारी को अवगत कराया तथा जल्द से जल्द निवारण हो वरना युवा काँग्रेस चरण बंध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।साथ ही मौके पर पूर्व विधयाक मदन मोहन तिवारी, गोपाल तिवारी ,बिट्टू यादव ,शिशीर श्रीवास्तव, कलीमुल्लाह, मनीष साह, दीपक कुशवाहा, प्रिंस पासवान, मोहम्मद साहील, अभिजीत रंजन, विनय यादव, मोहम्मद एजाज आदि मौजूद रहे।

## इंडो-बाली समिट में शिक्षाविद डॉ. हरेंद्र सिंह सम्मानित

### इंडोनेशिया के बाली में मिला 'इंटरनेशनल एजुकेशन एक्सीलेंस पुरस्कार एवं गोल्ड मेडल'



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला के शिक्षा जगत के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि सीपीएस समूह के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए 'अंतरराष्ट्रीय शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार विद स्वर्ण पदक' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान इंडोनेशिया के बाली शहर में आर्थिक विकास संघ द्वारा आयोजित 'इंडो-बाली लीडर्स शिखर सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह- 2025 के अवसर पर प्रदान किया गया। यह आयोजन 29 जून 2025 को क्रॉस वाइब पाशा अटेलियर, कूटा, बाली में भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह पुरस्कार विशेष रूप से पद्मश्री इडा रसी पुत्र मनुबा, संस्थापक एवं अध्यक्ष, आश्रम गांधी पुरी, बाली (इंडोनेशिया) द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित थे माननीय प्रोफेसर डॉ. इ. वयान डिबिया, पद्मश्री सम्मानित, इंडोनेशियाई कला संस्थान, बाली, परम पूज्य सद्गुरु क्रियायोग डॉ. मंगेशदा, संस्थापक, सद्गुरु मंगेशदा क्रिया फाउंडेशन, मुंबई, डॉ. राम शंकर अग्रवाल, अध्यक्ष, एपीएस समूह, सिवनी, मध्य प्रदेश यह पुरस्कार उन महान व्यक्तियों को समर्पित था जिन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व, शैक्षिक नवाचार एवं सतत विकास के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। डॉ. हरेंद्र सिंह को यह सम्मान शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने, नवाचार को प्रोत्साहन देने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अमूल्य योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. हरेंद्र सिंह ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान को प्राप्त कर अत्यंत गर्व एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि सीपीएस परिवार, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा पूरे बिहार के शिक्षा जगत की सामूहिक उपलब्धि है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. समायल अहमद एवं आयोजन समिति के प्रति आभार प्रकट किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सीपीएस परिवार, छपरा एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने डॉ. सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा इसे छपरा के लिए एक नई अंतरराष्ट्रीय पहचान बताया।

## भसुरारी चौक पर जलजमाव से आवागमन में परेशानी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के भसुरारी पंचायत अंतर्गत भसुरारी चौक पर हल्की बारिश के बाद साठी जाने वाली सड़क में जलजमाव से स्थानीय दुकानदारों एवं राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। यहां हल्की बारिश में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिससे लोगो का जीना मुश्किल कर दिया है।

स्थानीय नारद शर्मा, अभिनंदन हलवाई, मुन्ना पासवान, ललचान शर्मा, संजीव कुशवाहा, नशरुद्दीन मियां, कृष्णा लाल, प्यारे लाल कुशवाहा, मोहन कुमार, दिलीप यादव, रामायण साह, बलिंद्र शर्मा, अरुण कुमार,नितेश कुमार, गनेश साह आदि ने बताया कि यह चौक न सिर्फ आवागमन का मुख्य केंद्र है, बल्कि व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। क्षेत्र का मुख्य चौक होने के वावजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियो की उदासीनता के चलते यहां की स्थिति बद से बदतर हो गई है। लोगो ने कहा कि इस चौक पर भसुरारी, बरवा बरौली और राजपुर तुमकड़िया पंचायत के आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण प्रतिदिन इस चौक से होकर गुजरते हैं। और जलजमाव की समस्या को झेलते है। इतना ही नही स्कूली बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। चौक पर स्थित दुकानें भी इस जलभराव से प्रभावित हैं। हल्की बारिश में भी चौक पर पानी भर जाता है और कई दिनों तक जमा रहता है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से पैदल चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यदि जल्द ही इसका समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करेंगे। इधर, मुखिया सरोज देवी ने बताया कि साठी- भसुरारी सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत आता है। सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है।

संवेदक को इस चौक को भरकर सड़क को लेवल में करते हुए दुरुस्त करने को लेकर कई बार कहा गया है। लेकिन अब तक संवेदक के स्तर से कोई पहल नहीं हुई है। मुखिया ने बताया कि बरसात का समय शुरू हो गया लेकिन अबतक समस्या का समाधान नही हुआ। मुखिया ने इस समस्या को जिला प्रशासन को इससे अवगत कराने की बात कही।

## छापेमारी में भारी मात्रा में शराब जब्त, कारोबारी गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने शराब के विरुद्ध अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की है। पुलिस की इस करवाई में भारी मात्रा में अंग्रेजी व चुलाई शराब जब्त किया है। वही एक होटल संचालक के साथ एक बाइक को भी पुलिस ने जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया शराब बिक्री की सूचना पर अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी की गई है। इस दौरान पंडई चौक पर एक चाय नाश्ता के होटल में रखे कार्टून से 18 लीटर अंग्रेजी शराब की बोतलें और फ्रुटी पैक जब्त की गई। वही होटल संचालक डीके शिकारपुर गांव निवासी निक्कू कुमार को शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया है कि गिरफ्तार होटल संचालक से पूछताछ के दौरान उसने कुछ शराब माफियाओं के नाम का भी खुलासा किया है।

## पूर्व मुखिया दंपति की मौत का रहस्य गहराया

### पुत्र व भतीजे को पुलिस ने लिया हिरासत में, रायफल जब्त

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा एक प्रखंड के रायबारी महुआ पंचायत के पूर्व मुखिया अरविंद लाल श्रीवास्तव व उनकी पत्नी के मौत मामले में पुलिस ने चौतरवा थाने में एफआईआर दर्ज किया है। साक्ष्य छुपाने के मामले में पूर्व मुखिया के पुत्र सुमित कुमार एवं भतीजा अमित कुमार को नामजद किया गया है। पुलिस मामले में पूर्व मुखिया के पुत्र सुमित एवं अमित को हिरासत में भी लिया हैं। जिनसे पूछ ताछ की जा रही है। बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है जिसमें पूर्व मुखिया ने आर्थिक तंगी से बेहाल होकर आत्महत्या की बात कही है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले में जांच कर रही है। साथ ही साथ इस मामले में पुलिस ने पूर्व मुखिया अरविंद लाल श्रीवास्तव के राइफल को भी बरामद किया है। जिससे मुखिया ने अपनी पत्नी एवं स्वयं को गोली मारी थी। गौरतलब हो कि मंगलवार को रायबारी महुआ पंचायत के पूर्व मुखिया अरविंद लाल श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी की एक साथ मौत हो गई थी। मामले में कुछ लोगों ने इसमें आत्महत्या की बात कही थी तो कुछ लोगों ने इसे स्वाभाविक मौत करार दिया था एवं मामले में परिजनों ने बगैर पुलिस को सूचना दिये ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया था।

## विशेष गहन पुनरीक्षण, डीएम ने विधायकों को सौंपा गणना फॉर्म



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने जिले के विधायकों, विधान पार्षदों और सांसदों को विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के लिए स्वयं गणना फॉर्म सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने इस व्यापक अभियान में राजनीतिक दलों से एक बार फिर सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यह पुनरीक्षण कार्य मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिहीन बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि जिले के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो।

## ईवीएम कमिशनिग का कार्य हुआ पूरा नौ को मतदान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंचायत उप चुनाव को लेकर गुरुवार को प्रखंड के सभागार में ईवीएम कमीशनिंग व सीलिंग का कार्य एआरओ सह बीएमडब्ल्यूओ नागेंद्र कुमार के देखरेख में समपन्न किया गया। पंचायत उप चुनाव के आरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्य मे आठ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र संख्या 308 से 315 तक पंचायत सचिव बाबुराम प्रसाद यादव, तकनीकी सहायक दीपक कुमार पासवान व पूजा कुमारी के अलावा लेखापाल अभिनव कुमार को लगाया गया है। जबकि बूथ संख्या 316 से 322 तक सहायक उर्दू अनुवादक अनवर जमील, जेई मो.इम्तेयाज अहमद, लेखपाल सद्दाम हुसैन और राहुल कुमार की प्रतिनियुक्ति हुई है।

## एकमा के पूर्व जिला पार्षद रूपेश सिंह बने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, क्षेत्र में खुशी की लहर





**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा के पूर्व जिला पार्षद रूपेश कुमार सिंह उर्फ छोटू को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर एकमा व आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि पर एकमा में गुरुवार को एक सम्मान समारोह आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाइयां दीं।

बधाई देने वालों में एकमा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, एकमा नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश, विधानसभा बूथ सशक्तीकरण अभियान के संयोजक बलवंत कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन तिवारी, वार्ड पार्षद संजय सिंह, कमलेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पूर्व सरपंच राजकिशोर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल रहे। ज्ञात हो कि रूपेश सिंह वर्ष 2016 में पूरे बिहार में सबसे कम उम्र के जिला पार्षद बने थे। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा के एकमा मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।

पिछले दस वर्षों से वे पार्टी के विभिन्न पदों पर सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। रूपेश सिंह के इस मनोनयन से भाजपा कार्यकताओं में भी उत्साह का माहौल है।

## डेंगू की रोकथाम व जागरुकता के लिए जिले में मनाया जायेगा एंटी डेंगू माह

### सिविल सर्जन और डीएमओ ने किया शुभारंभ



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में डेंगू के रोकथाम और जागरूकता को लेकर पूरे जुलाई माह में एंटी डेंगू माह मनाया जायेगा। सारण के सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा और डीएमओ डॉ दिलीप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से अभियान का शुभारंभ किया गया। इस महीने में गांव से लेकर शहर तक जलजमाव स्थल को चिह्नित कर यहां कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि घर के फ्रीज, कुलर ,सड़क पर फेंके गए पुराने टायर , नारियल के ढाब से लेकर छत के गमला में डेंगू अधिक पनपने का खतरा है। सड़क पर नारियल का डाब नहीं फेंके जाएं व पुराने टायर भी खुला सड़क पर लोग नहीं रखें। कुलर और गमला का पानी रोज बदलें। फ्रीज का गंदा पानी बॉक्स से बदलने की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि डेंगू के रोकथाम को लेकर विभाग पूरी तरह से सतर्क है। जिले में नगर निकाय और स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा समन्वय स्थापित कर फॉगिंग किया जायेगा। इसके लिए जिलाधिकारी अमन पहल करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों को भी नगर पंचायत से टैग किया गया। सीएस ने बताया कि वर्ष 2023 में सबसे अधिक 823 केस, 2024 में 213 केस मिला था। अभी तक मात्र 5 केस मिला है। जिले में डेंगू के रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारी की गयी है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू के जांच के लिए कीट की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है। सीएस डॉ सिन्हा ने बताया कि एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर दिन में काटता है और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक-मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्तस्राव होना और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल सदर अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं।

## 6439 वाहन चालकों से 94.50 लाख जुर्माना की वसूली

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यातायात पुलिस ने जून माह में 6439 वाहन चालकों से 94.50 लाख रुपये जुमार्ना की वसूली की है। यातायात डीएसपी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि विगत जून माह में 94 लाख 50 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया है। बिना हेलमेट वाले 4027 वाहन चालकों से 40 लाख 27 हजार, ट्रिपल लोडिंग 607 बाइक चालकों से छह लाख सात हजार, बाइक चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले चार चालकों से 20 हजार, तेज गति से वाहन चलाने वाले 844 चालकों से 16 लाख 80 हजार, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले 230 वाहन चालकों से 11 लाख 50 हजार, बिना सीट बेल्ट वाले 88 लोगों से 88 हजार, बिना नंबर प्लेट वाले 58 वाहन चालकों से 29 हजार रुपये, नो पार्किंग में वाहन लगाने वाले 58 वाहन मालिक से 29 हजार, यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले 980 वाहन मालिकों से 12 लाख 17 हजार रुपये जुमार्ना वसूल किया गया है।

## बैरीया के ग्रामीणों ने एसडीओ से बूथ बदलने की मांग की

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत रखही चंपापुर पंचायत के बैरिया गाव के ग्रामीणों ने बूथ बदलने को लेकर एसडीओ को आवेदन दिया है। ग्रामीणों प्राथमिक विद्यालय मंगरहरी बैरिया उर्दू में बूथ स्थापित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें मतदान के लिए मध्य विद्यालय मोतिहारी जाना पड़ता है। जिससे उन्हें कठिनाईयो का सामना करना पड़ता है। दूरी ज्यादा होने के चलते कई लोग मतदान करने भी नही जा पाते है।ग्रामीण अजय प्रकाश महतो, शमसुद्दीन मियां, मंटू राम, छोटेलाल कुमार,अरसद मियां, ताजुद्दिन अंसारी, मनोज बैठा, अफसर मियां, जमालुद्दीन अंसारी, तबरेज आलम, इलियास अख्तर, नईमुद्दीन हुसैन, सत्यदेव महतो, सोहेल अख्तर, जय प्रकाश महतो आदि ने बताया कि बैरिया गांव में वोटरों की संख्या आठ सौ से अधिक है। गांव में बूथ नहीं होने के कारण सभी वोटरों को मतदान के लिए मध्य विद्यालय मोतिहारी जाना पड़ता है।

**Affidavit**

I, hitherto known as Ranjan Kumar C/o Dinesh Parsad Vill- Saraut, P.O- Bhagar, P.S- Siswan, Dist.- Siwan, Bihar 841210 have changed my name and shall hereafter be known as Munna Kumar. Affidavit no. 22 dated 02.07.2025

### जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

# संवेदनशीलता के साथ करें कर्तव्यों का निर्वहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा गुरुवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं, साफ-सफाई, औषधियों की उपलब्धता, स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की समग्र समीक्षा की। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम आपातकालीन कक्ष का निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ से मरीजों को दी जा रही आपातकालीन सेवाओं की जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने पुरुष एवं महिला वार्ड, बाल रोग वार्ड, मातृ शिशु कल्याण केंद्र, औषधि वितरण केंद्र एवं पंजीयन काउंटर का भी भ्रमण किया और संबंधित व्यवस्थाओं की वस्तुस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में इलाजरत मरीजों से संवाद कर उपचार की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति तथा अस्पताल में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कई मरीजों एवं परिजनों द्वारा संतोषजनक सेवा अनुभव साझा किया गया, वहीं कुछ बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता प्रत्यक्ष हुई, जिसपर तत्काल आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने



चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा व संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल परिसर में ही नवनिर्मित 'मॉडल अस्पताल भवन' का भी निरीक्षण किया। यह भवन अस्पताल की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की भौतिक संरचना, आंतरिक लेआउट, निर्माण गुणवत्ता तथा सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। विशेष रूप से भवन में स्थापित की जा रही लिफ्ट प्रणाली की प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी एवं अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिया कि लिफ्ट के शेष कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करते हुए उसे यथाशीघ्र चालू स्थिति में लाया जाए ताकि मरीजों तथा वरिष्ठ नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि मॉडल अस्पताल भवन के उपयोग में आने से पूर्व समस्त आवश्यक बुनियादी सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन प्रणाली आदि की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। निरीक्षण के दौरान श्री शास्त्री ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी वार्डों, शौचालयों, गलियारों एवं परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप अस्पताल की छवि को स्वच्छ एवं रोगमुक्त वातावरण वाला संस्थान बनाया जाए। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने अस्पताल अधीक्षक सहित समस्त चिकित्सकीय एवं गैर-चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देशित किया कि वे उत्तरदायित्व, सेवा-भाव तथा संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि अस्पताल में आने वाला प्रत्येक मरीज पूर्ण सम्मान, सुरक्षा एवं समुचित उपचार प्राप्त कर सके।

# शिक्षाविद प्रो.टीएन सिन्हा के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राध्यापक प्रो. त्रिभुवन नारायण सिन्हा का गुरुवार को असामयिक निधन हो गया। उनके निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। ग्लोबल कायस्थ के राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। कमल किशोर ने कहा कि आज एक शिक्षाविद् का अंत हो गया। प्रो. त्रिभुवन नारायण सिन्हा के असामयिक निधन से औरंगाबाद को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करते हुए अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रो. त्रिभुवन प्रसाद सिन्हा ने आज इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में अंतिम सांस ली। शुक्रवार को उनकी अंत्येष्टि औरंगाबाद में सम्पन्न होगी। शोक



सभा में महासचिव अजय वर्मा, जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव, अभय कुमार श्रीवास्तव, वरीय अधिवक्ता अजय कुमार संतोष, राजेश कुमार, राजू रंजन सिन्हा, दीपक बलजोरी, सूर्यकांत, अमित, महेंद्र प्रसाद सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, नीतू किरण, गणेश प्रसाद लाल सहित अन्य उपस्थित थे। अंत में दो मिनट का मौन धारण कर उनके मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# 9300 घनफीट बालू जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार में 15 जून 2025 से अवैध बालू खनन प्रतिबंधित किया गया है। इस दौरान केवल सेकेंडरी लोडिंग एवं के-लाइसेंस के माध्यम से बालू दिक्री एवं परिवहन की अनुमति है। आदेश के अनुपालन हेतु खनन विभाग एवं औरंगाबाद पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अवैध रूप से डंप किये गये बालू को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी के नेतृत्व में विभिन्न थाना के पुलिस पदाधिकारी को छापामारी एवं जांच के लिए निर्देशित किया गया। इसी क्रम में दाउदनगर थानांतर्गत मेवा बिगहा में लगभग 800 घनफीट अवैध बालू को जब्त कर उक्त बालू का मशीन,



ट्रैक्टर, जेसीबी से उठाव किया गया तथा इस संदर्भ में दाउदनगर थाना में एक कांड दर्ज की गई है। इसके अलावा थाना क्षेत्र के भगवान बिगहा में सोन किनारे से लगभग 2500 घनफीट अवैध बालू को जब्त कर उक्त बालू का मशीन, ट्रैक्टर, जेसीबी से उठाव किया गया तथा इस संदर्भ में एक कांड दर्ज की गई। भगवान बिगहा के काली घाट में सोन किनारे से लगभग 3000 घनफीट अवैध बालू को जब्त कर उक्त बालू का मशीन, ट्रैक्टर, जेसीबी से उठाव किया गया तथा इस संदर्भ में एक कांड दर्ज की गई। वहीं भगवान बिगहा के काली घाट में सान किनारे से लगभग 3000 घनफीट अवैध बालू को जब्त कर उक्त बालू का मशीन, ट्रैक्टर, जेसीबी से उठाव किया गया तथा इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज की गई। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने बताया कि दाउदनगर थानांतर्गत विभिन्न स्थल एवं ग्राम में छापेमारी कर कुल 9300 घनफीट अवैध बालू को जब्त किया गया है। आगे भी अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## हत्यारोपित ने किया आत्मसमर्पण

**गोह (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** उपहारा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में अंतरजातीय विवाह को लेकर महिला की हुई हत्या मामले के मुख्य आरोपित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। गौरतलब हो कि उक्त गांव निवासी काशी सिंह की 55 वर्षीय पत्नी कांति देवी की एक सप्ताह पूर्व पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में बहु सोनम कुमारी के बयान पर 12 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में उपहारा थाना पुलिस ने उक्त गांव में लगातार छापेमारी की। पुलिस की खौफ से मुख्य आरोपित मिथिलेश पासवान ने बुधवार को दाउदनगर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। इधर गुरुवार को थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# बिहार को मिल रहा केंद्र सरकार का पूरा सहयोग : वीरेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के बारून प्रखंड अंतर्गत पौथु तथा काजीचक पंचायत के चिरैला ग्राम में बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पौथु पंचायत के अध्यक्ष बिरला झा एवं काजीचक पंचायत में उपेंद्र कुमार यादव ने की। संचालन बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार एवं मुख्यालय प्रभारी परमहंस सिंह उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस पंचायत की बैठक में कमिटी के सभी सदस्य शामिल नहीं हो, वहां के पंचायत और बूथ अध्यक्ष उनके घर जाकर हाल-चाल



लें कि बैठक में क्यों नहीं आए। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पूरा सहयोग राज्य को मिल रहा है। 2024 में केंद्र की एनडीए सरकार ने 60 हजार करोड़ से अधिक का विशेष पैकेज देकर बिहार के विकास को और गति दी। नबीनगर विधानसभा के प्रभारी प्रो अरुण कुमार ने कहा कि वर्ष 2005-2006 में नई सरकार बनने के समय राज्य का बजट मात्र 28000 करोड़ ही था जो आज बढ़ते बढ़ते तीन लाख 16000 करोड रुपए से अधिक हो गया है। मौके पर जनता दल यूनाइटेड के जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष विभूति नारायण, जिला महासचिव उदय पटेल, जिला महासचिव रनजीत सिंह, जिला सचिव मुकेश पटेल, पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी, प्रो रमेश चंद्र पाठक, विजय राजवंशी, उमेश सिंह, अशोक सिंह, भगवान मेहता आदि उपस्थित थे।

# सूबे में किया जा रहा मखाना सहकारिता फ़ेडरेशन का गठन : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राज्य के मखाना उत्पादकों के हितों की रक्षा और उन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से मखाना सहकारिता फ़ेडरेशन का गठन किया जाएगा। प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने आज बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में राज्य का सहकारिता विभाग मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य के छह जिलों सहरसा, सुपौल, कटिहार, पूर्णिया, दरभंगा और मधुबनी में मखाना समितियों का गठन किया



जा रहा है। इन समितियों के माध्यम से मखाना उत्पादकों को उचित मूल्य दिलाने और मखाना उत्पादन में उन्हें हर प्रकार से सहयोग करने के लिए प्रबंध किए जाएंगे। सहकारिता मंत्री ने बताया कि मखाना की वैश्विक ब्रांडिंग और वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए भी योजना बनाई जा रही है।

# हर घर तक पहुंचे गणना प्रपत्र : श्रीकांत शास्त्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद जिले में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता, निगरानी एवं पर्यवेक्षण कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 03 जुलाई 2025 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा प्रखंड नबीनगर, बारून एवं कुटुंबा के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रखंडों में कार्यरत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे गणना प्रपत्र की भौतिक जांच की गई एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारियों से वितरण कार्य की प्रगति, गणना प्रपत्र की



उपलब्धता, प्रविष्टियों की गुणवत्ता, त्रुटिरहित विवरण सुनिश्चित करने की प्रक्रिया तथा पूर्ववर्ती मतदाता सूची से तुलना जैसे बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता नामांकन से वंचित न रह जाए तथा प्रत्येक परिवार तक गणना प्रपत्र की सुलभता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर उन्होंने नबीनगर प्रखंड अंतर्गत मनसरा, केसरिया एवं महुली ग्राम तथा बारुण प्रखंड के सिंदुरिया गांव में स्वयं मतदाताओं के घर जाकर उन्हें गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया से अवगत कराया एवं समय पर सही विवरण और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, एक लोकतांत्रिक कर्तव्य भी है। अपने मताधिकार को सुरक्षित एवं सुनिश्चित करने हेतु सभी योग्य नागरिक समय पर अपने विवरण अपडेट करें एवं नाम जुड़वाएं। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जुलाई तक सभी बीएलओ घर-घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं, जिनमें प्रत्येक परिवार के सभी योग्य सदस्यों का विवरण संकलित किया जाएगा। समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क बनाए रखें, सही जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं तथा स्वयं एवं अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं।

# 24 घंटे में 35 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद-बिक्री पर समेत अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब का सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 35 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में 1, एससी-एसटी में 2, हत्या प्रयास में 8, शराब के शीर्ष कांडों में 10 एवं अन्य शीर्ष कांड में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 817 वाहनों की जांच की गई जिसमें 54 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या पांच है। 159 लीटर देसी शराब एवं एक बाइक बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# मुहर्रम को लेकर किया फ्लैग मार्च

**मदनपुर(औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुहर्रम के अवसर पर सलैया क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए गुरुवार की शाम संवेदनशील इलाकों में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे मोहर्रम पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाएं और किसी भी तरह की अफवाहों से बचें। सलैया थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में शांति सौहार्द और अमन चैन बनाए रखना है। असामाजिक तत्वों के मंसूबों पर पानी फ़ेरना है। पुलिस ने आम नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। कहा कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन दे ताकि समय रहते कानूनी करवाई की जा सकें। पुलिस प्रशासन मोहर्रम पर्व पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान एसआई अविनाश कुमार, पीएसआई लक्ष्मण पांडेय, एएसआई संतोष सिंह, मनोहर कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# औरंगाबाद में बने चार नये प्रखंड : सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर औरंगाबाद जिले में चार नये प्रखंड बनाने की मांग की है। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1973 को गयाजी से अलग होकर औरंगाबाद जिला अस्तित्व में आया था। उस समय जिले में ग्यारह प्रखंड बनाए गए थे, जो विगत 52 वर्षों से यथावत है। इन सभी प्रखंडों में 20 से 25 पंचायत हैं, जो क्षेत्रफल और आबादी के हिसाब से काफी बड़े हैं। इसके कारण प्रशासनिक कार्यवाही में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। डॉ. पासवान ने बताया कि वर्ष 2005 में तत्कालीन सरकार के मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की अध्यक्षता में आहूत कैबिनेट मीटिंग में औरंगाबाद जिले में सिमरा बाजार, बालूगंज बाजार, टंडवा और माली को प्रखंड बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था परंतु विगत 20 वर्षों में भी उपरोक्त चारों प्रखंड अस्तित्व में नहीं आ पाए, जो चिंता का विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस मांग को पुनः कैबिनेट में पारित करते हुए अधिसूचना जारी करने की मांग की है।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** बूथ सशक्तिकरण को लेकर प्रखंड के कैथी बनकट गांव में गुरुवार को प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने गोह विधानसभा के कार्यकर्ताओं के बीच पाठशाला चलाया। इसमें गोह विधानसभा के हसपुरा मंडल दक्षिणी, उतरी तथा पौथु मंडल अध्यक्षों सहित पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्षों सहित प्रमुख सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पाठशाला की अध्यक्षता हसपुरा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा व संचालन जिला मंत्री सुनील शर्मा ने किया। इसमें प्रदेश भाजपा प्रवक्ता के अलावा विधानसभा प्रभारी सुबोध सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम सिंह, इन्द्रदेव यादव, पूर्व महामंत्री रविशंकर शर्मा, युगल सिंह, राजीव कुमार विद्यार्थी, चन्द्रकांत मुन्ना, टुना प्रसाद गुप्ता, चितरंजन सिंह, चन्द्रेश पटेल, अनिल आर्य सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामीण कपिलदेव सिंह व



मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी आगंतुकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर किया। बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए भाजपा प्रवक्ता मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा विश्व की एक नंबर पार्टी है। उन्होंने अगामी विधानसभा चुनाव में 225 सीटों को जीतने केलक्ष्य को लेकर हमारा बूथ सबसे मजबूत का मंत्र दिया। बूथ सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ना होगा। भाजपा सभी पंचायतों में एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ बीएलओ टू पार्टी के कार्यकर्ताओं को बनाया गया है। चुनाव की तैयारी में सभी कार्यकर्ता जुट जाएं। प्रधानमंत्री की मन की बात जो जुलाई होगा उसमें सभी बूथ से एक-एक कार्यकर्ता की भागीदारी मजबूती से हो। हर बूथ पर पांच एक्टिव कार्यकर्ता को सोशल मीडिया से जोड़ने की अभियान चलाया जाना है। कार्यकर्ताओं को टास्क दिया गया है कि 2005 से पहले वाली सरकार नहीं बने। एनडीए को जिताने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता राकेश देवता, देवेश शर्मा, चितरंजन कुमार, उमेश पासवान, रंधीर पासवान, बबलू सिंह, ज्योति नारायण सिंह, नंदन यादव, दुधेश्वर कुशवाहा, विजय कुशवाहा, ओम विश्वकर्मा, बम शर्मा आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।